www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

11 जनवरी, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 84



BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI


### बाघमारा हिंसक झड़पः मुख्यमंत्री ने जांच का दिया आदेश

## मामले में जो भी दोषी होंगे, कड़ी कार्रवाई की जायेगीः हेमंत सोरेन

- घायल एसडीपीओ पुरुषोत्तम कुमार सिंह के पिता से वीडियो कॉल पर की बात, इलाज के बारे में ली जानकारी



घायल एसडीपीओ के पिता से वीडियो कॉल पर बात करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार किसी भी श्रेणी के अधिकारी और कर्मचारी की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। कर्तव्य निर्वहन के दौरान सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाने तथा सरकारी कर्मियों के साथ होने वाली किसी भी तरह की घटना को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि बाघमारा के मधुबन थाना क्षेत्र में हुई इस हिंसक झड़प को लेकर जांच के आदेश दे दिये गये हैं। इस घटना में जो भी दोषी पाये जायेंगे, उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जायेगा। उधर, मुख्यमंत्री ने धनबाद जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प के दौरान ड्यूटी पर तैनात बाघमारा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पुरुषोत्तम कुमार सिंह के घायल होने की जानकारी प्राप्त होने पर उनके पिता अशोक सिंह से व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनके इलाज से संबंधित पूरी जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### जरूरत पड़ी तो एसडीपीओ को एयरलिफ्ट किया जायेगा

मुख्यमंत्री ने एसडीपीओ के पिता से कहा कि इस घटना को लेकर राज्य सरकार आपके परिवार के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है। उनके इलाज को लेकर जो भी सहयोग की जरूरत होगी, राज्य सरकार उपलब्ध करायेगी। अगर जरूरत पड़ी तो एयर लिफ्ट करके बेहतर जगह भी भेजने के लिए सरकार तैयार है। सरकार हॉस्पिटल के मैनेजमेंट से बात भी करेगी।

### पूर्व सीएम ने भाजपा की ली सदस्यता, कार्यकर्ताओं का बढ़ाया हौसला

## वी विल कम बैक सूनः रघुवर दास

- प्रेस कांफ्रेंस में पूर्व मुख्यमंत्री ने बता दी अपनी मंशा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने शुक्रवार को एक बार फिर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उन्हें सदस्यता दिलायी। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार राय, सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह समेत अन्य पदाधिकारी और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर रघुवर दास का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। बाबूलाल मरांडी ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर पार्टी में उनका स्वागत किया। सदस्यता ग्रहण करने के तत्काल बाद रघुवर दास ने प्रेस कांप्रेस की। उन्होंने अपनी मंशा साफ कर दी। रघुवर ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि 'वी विल कम बैंक सून।'

रघुवर दास ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव में जनता के जनादेश का सम्मान करती है। राज्यहित में काम करने पर पार्टी राज्य सरकार का सहयोग करेगी, लेकिन जनविरोधी कार्यों पर सड़क से सदन तक हम जोरदार विरोध करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समर्पण भाव से पार्टी कार्य करने का आह्वान किया और हौसला बढ़ाते हुए कहा कि 'वी विल कम बैक सून।'

**हमें फिट और फाइटिंग भाजपा बनानी हैः** रघुवर दास ने कहा कि जनता ने विधानसभा चुनाव में विपक्ष में बैठने का आदेश दिया है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता एंबेसडर बन कर संगठन और जनता के बीच कार्य करेंगे। हमें फिट और फाइटिंग भाजपा बनानी है। उन्होंने सदस्यता अभियान में लाखों लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा छह महीने तक राज्य की गठबंधन सरकार को वादे को पूरा करने उसके लिए नीति बनाने का समय देती है। सरकार का रवैया सकारात्मक नहीं रहने पर पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करेगी।



### राजभवन में भी गांव गरीब की चिंता की रघुवर दास नेः बाबूलाल

रांची (आजाद सिपाही)। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि रघुवर दास का सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम एक औपचारिकता है। ये प्रारंभ से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। राजभवन में भी इन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संदेश को याद रखा। राजभवन में भी ये ओड़िशा के गांव, गरीब, किसान, दलित, आदिवासी और वंचितों के कल्याण की चिंता करते रहे। बाबूलाल ने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान जोरशोर से चल रहा। हम सभी मिल कर सर्व स्पर्शी, सर्व व्यापी और सर्व समावेशी भाजपा के निर्माण के लिए कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रत्येक दिन कम से कम 20 सदस्य बनाने का आह्वान किया। बाबूलाल ने कहा कि राज्य सरकार का हनीमून समाप्त होते ही भाजपा सरकार को वादे याद करायेगी। वादा पूरे नहीं होने पर सड़क से सदन तक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

### घुसपैठियों और धर्मांतरण से झारखंड को बचाना है

रघुवर ने कहा कि मूलतः संगठन का कार्यकर्ता और संगठन का कार्य करने में आनंद आता है। उन्होंने कहा कि एक मजदूर के बेटे को पार्टी ने बहुत कुछ दिया। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो निष्ठावान कार्यकर्ताओं को शिखर तक पहुंचाती है। मुझे मुख्यमंत्री और राज्यपाल बनाया। अब मेरी कोई महत्वाकांक्षा नहीं। एक ही उद्देश्य झारखंड को राष्ट्र विरोधी शक्तियों से बचाना है। रघुवर दास ने कहा कि लोकतंत्र का दूसरा मंत्र है लोकजागरण। हमें झारखंड को घुसपैठियों और धर्मांतरण कराने वाली ताकतों से बचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा सभी धर्म संप्रदाय का सम्मान करती है, लेकिन लोभ लालच के बल पर हो रहे धर्मांतरण को पार्टी नहीं बर्दाश्त करेगी। आज फिर से पीएफआइ जैसे संगठन सक्रिय हैं। संथाल परगना को टारगेट किया जा रहा, जबकि भाजपा सरकार ने पीएफआइ पर प्रतिबंध लगाये थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अगर घुसपैठियों और अवैध धर्मांतरण के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती, तो भाजपा चुप नहीं बैठेगी।

### भाजपा मेरी मां, आंचल में आकर सुकून महसूस कर रहा हूं

इससे पहले रघुवर दास ने सदस्यता ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि भाजपा मेरी मां है। आज मां के आंचल में लौट कर सुकून महसूस कर रहा हूं। राज्यपाल का पद गरिमा का पद है, जबकि संगठन गौरव का। रघुवर ने कहा कि भाजपा संघर्ष से आगे बढ़ी पार्टी है। कई उतार चढ़ाव के बीच आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आज तीसरी बार मोदी सरकार जनता की सेवा कर रही और 16 प्रदेशों में भाजपा एनडीए का शासन है। भाजपा सत्ता के लिए नहीं राष्ट्र सेवा के लिए राजनीति करती है। हमारा उद्देश्य भारत को विश्व गुरु बनाना है। भाजपा पर ही राष्ट्र को भरोसा है। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम हमें चरैवेति के मंत्र का संदेश देते हैं। हम निराश होने वाले लोग नहीं है।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## लोहरदगा से अलकायदा का संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी गिरफ्तार

- दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल की टीम और झारखंड एटीएस ने सेन्हा अंबाटोली में की छापामारी



सेन्हा थाना क्षेत्र के अंबा टोली के इसी मकान पर छिपा था संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा/ सेन्हा।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम और झारखंड एटीएस की टीम ने शुक्रवार अहले सुबह अलकायदा से जुड़े संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी (25 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल कांड संख्या 301/ 2024 में शाहबाज अंसारी नामजद आरोपी है। गिरफ्तारी के बाद शाहबाज अंसारी को पुलिस अपने साथ दिल्ली ले गयी। संदिग्ध आतंकी की पहचान रांची के चान्हो थाना क्षेत्र निवासी खलील अंसारी का पुत्र शाहबाज अंसारी के रूप में हुई है। एक सप्ताह से वह सेन्हा थाना क्षेत्र के अंबा टोली में अपने साढ़ू जमील अंसारी के घर पर छुप कर रह रहा था। इसकी भनक लगते ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम और झारखंड एटीएस ने छापामारी कर उसे सेन्हा थाना पुलिस के सहयोग से पकड़ लिया। मिली जानकारी के अनुसार अलकायदा का विंग इंडियन सबकांटिनेंट संगठन से जुड़ कर झारखंड में आतंकी गतिविधियों और युवाओं को आतंकी ट्रेनिंग देने में शाहबाज की भूमिका अहम थी। रांची के चान्हो से इसी मामले में गत वर्ष डॉक्टर इश्तियाक अंसारी की गिरफ्तारी हुई थी। इस मामले में दर्ज दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल कांड संख्या 301/ 2024 में आतंकी डॉ इश्तियाक अंसारी के साथ शाहबाज अंसारी भी आरोपी बनाया गया था। कांड दर्ज होने के बाद वह लगातार फरार चल रहा था। रांची के चान्हो स्थित शाहबाज के घर में कुड़की जब्ती भी की गयी थी। बावजूद, वह दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और एटीएस के हाथों से बचता रहा।

**क्या कहते हैं पुलिस अधीक्षकः** लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा ने इस संदर्भ में बताया कि, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम और झारखंड एटीएस की टीम ने सेन्हा थाना क्षेत्र के अंबाटोली में कार्रवाई करते हुए संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार कर दिल्ली ले गयी।

### गत वर्ष 16 स्थानों पर हुई थी छापामारी

उल्लेखनीय है कि पूर्व में अलकायदा इंडियन सबकांटिनेंट (एक्यूआइएस) मॉड्यूल के खिलाफ दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल में मामला दर्ज है। इसको लेकर गत वर्ष दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम और झारखंड एटीएस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक साथ 16 स्थानें पर छापामारी कर कर संदिग्ध हार्डकोर आतंकियों को गिरफ्तार किया था, जिसमें मॉड्यूल के लीडर डॉ इश्तियाक अंसारी को रांची के बरियातू से, फैजान उर्फ मुन्ना को हजारीबाग से, मो रिजवान और मुफ्ती रहमतुल्ला को रांची के चान्हो से गिरफ्तार किया गया था।

### आठ साल की बच्ची को कार्डिएक अरेस्ट

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के निजी स्कूल में शुक्रवार को आठ साल की बच्ची की कार्डिएक अरेस्ट से मौत हो गयी। गार्गी राणपरा सुबह की पारी में करीब 8 बजे स्कूल पहुंची थी। सीढ़ियां चढ़ते वक्त उसके सीने में अचानक दर्द उठा। दर्द के बाद बच्ची लॉबी की बेंच पर बैठ गयी और कुछ ही सेकेंड्स में जमीन पर गिर गयी। स्कूल स्टाफ ने बच्ची को हॉस्पिटल भेजा, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राथमिक जांच में बच्ची की मौत का कारण कार्डिएक अरेस्ट बताया गया है।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ आज

**अयोध्या।** अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ मनाने को तैयार है। 11 से 13 जनवरी तक उत्सव होंगे। इन तीन दिनों में वीआइपी दर्शन नहीं होंगे। मंदिर ट्रस्ट ने अंगद टीला पर जर्मन हैंगर टेंट लगवाये हैं। पांच हजार मेहमानों की मेजबानी होगी, इनमें 110 वीआइपी गेस्ट होंगे। ट्रस्ट के मुताबिक पांच लाख लोगों के आने का अनुमान है। आयोजन की व्यवस्थाओं को देख रहे रामलला ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा द्वादशी को दर्शन-पूजन के लिए दो लाख लोग पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद रामलला का अभिषेक करेंगे। इसके बाद महाआरती में शामिल होंगे। वहीं, कुमार विश्वास का भजन कार्यक्रम भी होगा। आम लोग भी भव्य कार्यक्रमों को देख सकेंगे।

## मुझसे भी गलतियां होती हैं, मनुष्य हूं, देवता नहींः मोदी

- प्रधानमंत्री ने जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत के साथ पॉडकास्ट किया



आजाद सिपाही संवाददाता


**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत के साथ पॉडकास्ट किया। इसका ट्रेलर 9 जनवरी को आया था, जबकि शुक्रवार को पूरा वीडियो रिलीज किया गया। इसमें प्रधानमंत्री ने कहा है कि उनसे भी गलतियां होती हैं वे मनुष्य हैं, देवता नहीं। यह प्रधानमंत्री का पहला पॉडकास्ट इंटरव्यू है। इस इंटरव्यू में मोदी ने दुनिया में युद्ध की स्थिति, राजनीति में युवाओं की भूमिका, अपने पहले और दूसरे कार्यकाल के अनुभवों और व्यक्तिगत सोच पर चर्चा की है। राजनीति में युवाओं के आने पर उन्होंने कहा कि युवा राजनीति में मिशन लेकर आयें, एंबिशन (महत्वाकांक्षा) लेकर नहीं।

वीडियो में कामत कहते हैं कि मैं यहां आपके सामने बैठा हूं और बात कर रहा हूं, मुझे घबराहट हो रही है। यह मेरे लिए एक कठिन बातचीत है। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मेरा पहला पॉडकास्ट है, मुझे नहीं पता कि यह आपके दर्शकों को कैसा लगेगा। प्रधानमंत्री ने भी ट्रेलर को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे आशा है कि आप सभी इसका उतना ही आनंद लेंगे, जितना हमें आपके लिए इसे बनाने में आया!

**चीन के राष्ट्रपति के साथ बातचीत का किस्सा शेयर कियाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के बारे में एक दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने कहा कि जब मैं 2014 में पीएम बना, तो दुनिया भर के नेता शिष्टाचार भेंट करते हैं। चीनी राष्ट्रपति शी ने भी शिष्टाचार भेंट की, जिसमें उन्होंने कहा कि वे भारत आना चाहते हैं। मैंने कहा आपका स्वागत है, आपको अवश्य आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं गुजरात, आपके गांव वडनगर का दौरा करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि आप जानते हैं क्यों? मेरे और आपके बीच एक विशेष बंधन है। उन्होंने कहा कि चीनी दार्शनिक ह्वेन त्सांग आपके गांव में सबसे लंबे समय तक रहे और जब वे चीन लौटे, तो वे मेरे गांव में रहे।

### गोधरा पर भी की चर्चा

प्रधानमंत्री ने गोधरा कांड को याद करते हुए कहा कि जब यह घटना हुई थी, तब वह पहली बार विधायक बने थे। पीएम ने कहा कि मैं गोधरा जाना चाहता था लेकिन वहां केवल एक ही हेलीकॉप्टर था। मुझे लगता है कि यह ओएनजीसी का था। चूंकि यह सिंगल इंजन था, इसलिए इसमें किसी वीआइपी को जाने की अनुमति नहीं थी। लेकिन मैं गोधरा गया, मैंने वह दर्दनाक दृश्य देखा। मैंने खुद को नियंत्रित करने के लिए जो कुछ भी कर सकता था, किया।




| सर्राफा | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 73,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 95,000 रु./प्रति किलो |

# रघुवर की वापसी से झारखंड की राजनीति का नया अध्याय शुरू होगा

- जोशीले अंदाज में वी विल कम बैक सून की हुंकार से रघुवर ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी
- तालियों, पटाखों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से रघुवर दास का हुआ भव्य स्वागत
- माहौल हुआ ऊर्जावान, रघुवर की वापसी से झारखंड भाजपा में भर गया जोश
- अपनी प्रशासनिक और सांगठनिक क्षमता का परिचय दे चुके हैं रघुवर दास
- झारखंड भाजपा में ओबीसी के सबसे बड़े चेहरे के रूप में दिखायेंगे कमाल
- फिट एंड फाइट का मंत्र देकर, कार्यकर्ताओं को दिखा दी नयी राह

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड के अब तक के इतिहास में पांच साल का कार्यकाल पूरा करनेवाले एकमात्र मुख्यमंत्री रहे रघुवर दास ने एक बार फिर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है और सक्रिय राजनीति के दरवाजे पर दस्तक दे दी है। वह भाजपा के कद्दावर नेताओं में से एक हैं और 14 महीने पहले ओड़िशा के राज्यपाल बनाये गये थे, लेकिन पिछले महीने उन्होंने इस पद से इस्तीफा देकर सक्रिय राजनीति में लौटने का एलान कर दिया था। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के अलावा रघुवर दास दो बार झारखंड प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम के साथ राज्य में मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं। रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में वापसी का सियासी मतलब यही निकाला जा सकता है कि भाजपा अब झारखंड में अपनी वापसी के लिए नये सिरे से रणनीति तैयार करेगी। हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार और ओबीसी वोटरों के छिटकने को पार्टी ने गंभीरता से लिया है। रघुवर दास भाजपा में ओबीसी वर्ग का सबसे बड़ा चेहरा हैं और तमाम प्रशासनिक और सांगठनिक जिम्मेदारियों को वह बखूबी निभा चुके हैं। इसलिए भाजपा अब उनका इस्तेमाल संगठन के लिए करेगी। रघुवर दास की सबसे बड़ी खासियत है कि संगठन को मजबूत करने में उनकी कोई सानी नहीं है। रघुवर दास की भाजपा में वापसी से पार्टी में कितना उत्साह है, इसका अंदाजा पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में हुए समारोह के दौरान ही लग गया। एक तरफ रघुवर की हुंकार, तो दूसरी तरफ कार्यकर्ताओं का उत्साह देखते बन रहा था। माहौल को देखते हुए रघुवर दास ने ऐसा मंत्र फूंका कि पूरा परिसर तालियों की तड़तड़ाहट से गूंज उठा। कह दिया हम फिर वापस आयेंगे। वी विल कम बैक सून। विधानसभा चुनाव में करारी हार से हताश भाजपा को रघुवर दास की वापसी से कितना जोश मिलेगा और क्या होगी रघुवर दास की भावी भूमिका, इसका आकलन कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह



झारखंड में लगातार पांच साल तक मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड बनानेवाले रघुवर दास करीब 14 महीने बाद फिर से सक्रिय राजनीति में आ गये हैं। सदस्यता लेते ही उनके मुख से निकला यह लब्ज बहुत कुछ संकेत दे गया कि मैं अपनी मां के आंचल में आ गया हूं। उन्होंने एक बार फिर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है, जो ओड़िशा का राज्यपाल बनाये जाने के बाद उन्होंने छोड़ दी थी। इससे पहले उन्होंने 1980 में भाजपा की सदस्यता उस समय ली थी, जब पार्टी की स्थापना हुई थी। तब से लेकर रघुवर दास ने पार्टी के महासचिव, दो बार प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और मंत्री के अलावा राज्यपाल का पद भी संभाला है और हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाया है। 10 जनवरी को झारखंड भाजपा के मुख्यालय में आयोजित समारोह में रघुवर दास ने भाजपा की सदस्यता लेते ही हुंकार भर दी कि वी विल कम बैक सून, यानी हम फिर वापस आयेंगे। यह नारा झारखंड भाजपा के भीतर पैदा हुए उस उत्साह का परिचायक है, जो रघुवर दास के आने से संचार हुआ है। हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में करारी हार से बुरी तरह हताश झारखंड भाजपा का यह नया जोश बताता है कि पार्टी ने सब कुछ नये सिरे से शुरू करने का फैसला किया है। फिट एंड फाइट का भी नारा रघुवर दास ने दे डाला है। कहा, अब नये जोश के साथ मैदान में उतरने की तैयारी करनी है।

### झारखंड भाजपा में नया जोश, कार्यकर्ताओं ने कहा शेर आया, शेर आया

रघुवर दास की भाजपा में वापसी से पार्टी के भीतर नया जोश पैदा हुआ है। प्रदेश मुख्यालय पर काफी दिनों बाद उत्साह का माहौल देखा गया। विधानसभा चुनाव में हार के बाद से पार्टी के भीतर जो हताशा का माहौल था, वह अब कम होता नजर आया। खुद रघुवर दास ने भी कहा कि हार से निराश होने की जरूरत नहीं है। हम दोगुने उत्साह से काम करेंगे और वापसी करेंगे। रघुवर दास की वापसी को लेकर पार्टी में कितना उत्साह है, यह उनके प्रदेश मुख्यालय पहुंचने पर पता चल गया। रघुवर दास के स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ता सुबह 10 बजे से ही उत्साहित थे। मुख्यालय में भाजपा नेताओं की आवा-जाही बढ़ने लगी थी। ढोल-नगाड़ों की आवाज से माहौल गूंज रहा था। रघुवर की एक झलक के लिए कार्यकर्ता टकटकी लगाये खड़े थे। जैसे ही रघुवर दास ने भाजपा मुख्यालय में एंट्री मारी, कार्यकर्ताओं ने कहा शेर-आया शेर-आया। रघुवर दास जिंदाबाद के नारों से माहौल रघुवरमय हो गया।

### इसलिए हुई है रघुवर दास की वापसी

झारखंड में हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में जिस तरह से भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा है, उसे देखते हुए कहा जा रहा है कि पार्टी उन्हें झारखंड में संगठन को मजबूत करने के इरादे से लायी है। रघुवर दास को 14 महीने पहले ओड़िशा का राज्यपाल बना कर सक्रिय राजनीति से दूर भेज दिया गया था और विधानसभा का चुनाव उनकी अनुपस्थिति में लड़ा गया। इस चुनाव में भाजपा की करारी हार हुई और तब रघुवर दास को वापस लाने का फैसला किया गया। झारखंड का चुनाव हारने के बाद भाजपा को लग रहा है कि उसने 2014 में जो गैर आदिवासी राजनीति शुरू की थी, उसे छोड़ना उसके लिए आत्मघाती साबित हुआ है। झारखंड में 50 फीसदी से ज्यादा आबादी पिछड़ी जातियों, यानी ओबीसी की है, जिसमें सबसे बड़ा समूह वैश्य और उसमें भी तेली-साहू समाज का है। उनकी दोबारा सक्रिय राजनीति में एंट्री से माना जा रहा है कि गैर आदिवासी नेता के तौर पर भाजपा ने रघुवर दास का चेहरा एक बार फिर आगे करके अपनी खोयी हुई राजनीतिक जमीन वापस लाने की कवायद तेज कर दी है। रघुवर दास में यह क्षमता है कि वह पिछड़ा, वैश्य और बाहरी सबको एकजुट कर सकते हैं। ऐसा लग रहा है कि भाजपा को लगने लगा है कि झारखंड में आदिवासी समाज अभी कुछ समय तक हेमंत सोरेन के साथ ही रहेगा, ऐसे में रघुवर दास जैसा कोई नेता गैर आदिवासी वोट साथ ला सकता है। तभी उनकी भाजपा में वापसी के साथ ही झारखंड में राजनीति तेज हो गयी है।

### क्या होगी रघुवर दास की भूमिका

भाजपा की तरफ से अब तक रघुवर दास की नयी भूमिका के बारे में कोई संकेत नहीं दिया गया है, लेकिन ऐसे कयास लगाये जा रहे हैं कि उन्हें संगठन में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जायेगी। खुद रघुवर दास कहते हैं कि राजनीति में उनकी क्या भूमिका होगी, यह भारतीय जनता पार्टी तय करेगी। वह एक कार्यकर्ता के रूप में खुद को धन्य मानते हैं। 1980 में जब वह भाजपा में शामिल हुए थे, तब भी उन्हें पार्टी से कोई अपेक्षा नहीं थी लेकिन पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। आज भी वह खुद को एक साधारण कार्यकर्ता मानते हैं। कहते हैं, उन्हें जो भी जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरी निष्ठा से निभायेंगे।

### बाबूलाल और रघुवर के साथ डबल अटैक करेगी भाजपा

रघुवर दास की भाजपा में वापसी को भाजपा आलाकमान की रणनीति के तौर पर भी देखा जा रहा है। ऐसी संभावना है कि पार्टी अपने बड़े आदिवासी नेता और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को विधानसभा में विधायक दल का नेता बनायेगी और ओबीसी नेता रघुवर दास को संगठन की कमान सौंपी जायेगी। इस तरह पार्टी डबल अटैक की रणनीति पर काम करेगी। पार्टी ने पिछली विधानसभा में अमर बाउरी को विधायक दल का नेता बनाया था, लेकिन वह चुनाव हार गये हैं। इसलिए अब पार्टी कोई रिस्क लेने के मूड में नहीं है।

### राजनीति का नया अध्याय शुरू

अब यह तय है कि रघुवर दास की वापसी से झारखंड की राजनीति का नया अध्याय शुरू होगा। वह दो बार प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। इसलिए उनकी सांगठनिक क्षमता पर संदेह नहीं किया जा सकता है। 2019 में चुनाव हारने के बावजूद रघुवर दास ने अपना जनाधार जिस तरह बनाये रखा, उससे उनकी नेतृत्व क्षमता का पता चलता है। जाहिर है कि झारखंड भाजपा को आज अपने सबसे बड़े ओबीसी नेता की सबसे अधिक जरूरत है, क्योंकि उसे लग रहा है कि ओबीसी वोटर उससे बिदक गया है। यह एक तल्ख सच्चाई है कि रघुवर दास के सक्रिय राजनीति से अलग हटते और ओड़िशा के राज्यपाल बनाये जाते ही तेली-साहू समाज का एक बड़ा वर्ग पार्टी से अलग हो गया था। वे चाहे सुनील साहू रहे हों या हरिनाथ साहू, लगभग एक दर्जन सक्रिय नेता या तो अलग दल बना कर काम करने लगे या भाजपा से अलग-थलग हो गये थे। यहां तक कि सदान विकास मोर्चा की भी दूरी भाजपा से बढ़ने लगी थी। सिख समाज के लोग भी भारी मन से ही भाजपा के साथ जुड़े थे, या तो शांत बैठ गये थे। मारवाड़ी समाज का एक बड़ा वर्ग खामोश बैठ गया था। अलग-थलग हुए लोगों के बारे में उम्मीद लगायी जा रही है कि उनकी भी सक्रियता अब देखने को मिलेगी। सदस्यता ग्रहण समारोह के बाद प्रेस कांफ्रेंस में ऐसे चेहरे दिखायी भी पड़े, जो खामोश हो गये थे। पिछले एक हफ्ते के अंदर ऐसे कई नेताओं ने रघुवर दास से जाकर मुलाकात की है, जो खुद को अलग-थलग महसूस कर रहे थे। ऐसे में रघुवर दास के सामने भी अब भाजपा को झारखंड में वापस लाने का लक्ष्य है, जिस पर उन्हें खरा उतरने की चुनौती है।

## राज्य में रिटायर हर्ट खिलाड़ी फिर भाजपा की पिच पर बैटिंग करने आया है: झामुमो

### सुप्रियो का पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में वापसी पर तंज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में वापसी पर तंज कसा है। शुक्रवार को झामुमो प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि राज्य में रिटायर हर्ट खिलाड़ी फिर भाजपा की पिच पर बैटिंग करने आया है। 2019 के हेमंत बाबू के बाउंसर से वह पूरी तरह चोटिल हो गये थे। उन्हें इलाज के लिए ओड़िशा भेजा गया था। सुप्रियो ने आगे कहा कि रघुवर दास ने खुले मंच से कहा कि वह भाजपा के कार्यकर्ता हैं। राज्यपाल का चयन देश के राष्ट्रपति का काम होता है।



ऐसे में चिंता का विषय है कि भाजपा के कार्यकर्ता को संविधान की रक्षा करने के लिए राज्यों में भेजा जाता है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि रघुवर दास राज्य सरकार को 5 महीना सहयोग करना चाहते हैं। वह टकराने की बात भी कह रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि भाजपा टकराहट के लायक ही नहीं बची है। क्योंकि जनता ने उन्हें उस काबिल नहीं छोड़ा है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के हर प्रकार का उपचार का दायित्व हम लोगों ने ले लिया है। बार-बार हम लोग बोलते थे कि एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपये राज्य का बाकी है। भाजपाई उसे हमेशा नकारते रहे। जब कोयला मंत्री यहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले, तब उन्होंने माना कि झारखंड का पैसा बाकी है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ बोल रहे थे कि आज बहुत बड़े स्तर पर 300 बेड का सीसीएल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बना रहे हैं। सुप्रियो ने कहा कि आप हमारे जमीन पर ही बना रहे हैं। कोई एहसान नहीं कर रहे हैं। आप हम लोगों को विस्थापित करते हैं। आप ये कोई सेवा भाव से नहीं कर रहे हैं। सुप्रियो भट्टाचार्य ने आगे कहा कि भाजपा डरी सहमी और हतोत्साहित है। लोगों का विश्वास खोने के बाद कोई भी राजनीतिक पार्टी जमीन पर खड़ी नहीं रहती। आज सुप्रीम कोर्ट को बताना पड़ रहा है कि भाजपा को झारखंड में अपना विधायक दल का नेता तय करना होगा। लेकिन भाजपा को विधायक दल का नेता नहीं मिल रहा है। सीपी सिंह जी आस लगा कर बैठे हैं, बाबूलाल जी आस लगाये बैठे हैं, ऐसी स्थिति भाजपा की हो गयी है।

## शिक्षा का दीप हर घर में जलाना चाहिए : श्रम मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाकुड़।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव, डीसी मनीष कुमार एवं एसपी प्रभात कुमार ने शुक्रवार को जरूरतमंद बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर मंत्री ने अभिभावकों से बच्चों को रोजाना



स्कूल भेजने की अपील की और साथ ही उन्होंने अभिभावकों से कहा कि स्कूल से घर लौटने पर बच्चों से जानकारी लें कि उन्होंने क्या सीखा। उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना है की गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले, उनका उद्देश्य हर घर में शिक्षा का दीप जलाना है। इसके लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। वहीं उन्होंने कहा कि कोई भी समस्या हो तो डीसी और एसपी को बेहिचक बतायें। मंत्री ने सभी बच्चों से जानकारी ली कि आप सभी को स्पांसरशिप योजना के तहत चार हजार रुपये मिल रहे हैं या नहीं। इसके साथ ही डीसी ने बच्चों को पढ़ाई के प्रति समर्पित रहने के लिए काफी टिप्स भी दिये और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### रघुवर दास से मिले राजेंद्र प्रसाद पुनः राजनीति में वापसी पर बधाई दी

## रघुवर दास की वापसी से भाजपा में नयी ऊर्जा का संचार होगा : राजेंद्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने पूर्व राज्यपाल और भाजपा नेता रघुवर दास से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष और जन सेवा को लेकर पुनः राजनीति वापसी करने पर उन्हें बधाई एवं



शुभकामनाएं दी। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच राज्य की राजनीति पर चर्चा हुई। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड की जनता ने रघुवर दास के पांच वर्ष के कार्यकाल को देखा है। प्रसाद ने कहा कि राज्य कि जनता की इच्छा थी कि रघुवर दास, राज्य की राजनीति में वापस आयें और विकास के साथ-साथ झारखंड को सही दिशा दें। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास ने राज्यपाल जैसे प्रतिष्ठित पद को छोड़कर गरीब-गुरबा की सेवा को लेकर पुनः राजनीति में वापस आयें हैं। रघुवर दास के द्वारा पुनः भाजपा की सदस्यता लेने पर राजेंद्र प्रसाद ने स्वागत किया है। कहा, राज्य की जनता को रघुवर दास से काफी उम्मीदें हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 22.2 °c | 7.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.20 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.32 बजे | |



# झारखंड को पर्यटन हब के रूप में पहचान देना लक्ष्य : हेमंत सोरेन

- तोपचांची झील जल्द आकर्षक पर्यटन स्थल बनेगा
- मुख्यमंत्री के समक्ष अधिकारियों ने कार्ययोजना का प्रजेंटेशन रखा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। राज्य सरकार धनबाद जिला स्थित तोपचांची झील को एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना के साथ आगे बढ़ रही है। तोपचांची लेक का पर्यावरण के अनुरूप सौंदर्यकरण कराकर एक बेहतरीन पर्यटन स्थल के रूप में पहचान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड प्रकृति की आंचल में बसा राज्य है। यह राज्य जंगलों, पहाड़ियों और नदियों से घिरा है, इस राज्य की खूबसूरती से देश एवं दुनिया के लोग परिचित हों इस निमित्त टूरिज्म की संभावनाओं पर विशेष कार्य किया जा रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड पर्यटन हब के रूप में पहचाना जा सके इसके लिए पर्यटन विभाग, वन विभाग तथा नगर विकास विभाग बेहतर समन्वय स्थापित कर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें।

बैठक में राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव नगर विकास विभाग सुनील कुमार, निदेशक पर्यटन अंजलि यादव एवं कंसल्टेंट एजेंसी समर्थ इंफ्राटेक सर्विसेस प्रा लि के श्री टाइटस नाइनन, रोहित कौशिक, साकेत चौहान एवं अन्य उपस्थित थे।

### पर्यटन स्थल के विकास से रोजगार सृजन होंगे

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में अधिकारियों ने तोपचांची झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने संबंधित कार्ययोजना का पीपीटी प्रजेंटेशन रखा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटन स्थल से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हो इसका भी ख्याल अनिवार्य रूप से रखें।

### ये होंगे आकर्षण का केंद्र

तोपचांची झील और उसके आसपास 33 एकड़ भूमि टूरिस्ट हब के तौर पर विकसित किये जाने की योजना है, जिसमें रिजॉर्ट, जंक्शन, प्लाजा, एक्टिविटी पार्क, सेंट्रल पार्क, नेचर पार्क, मोटर स्पोर्ट्स पार्क, म्यूजिक पार्क, फूड प्लाजा, कैफेटेरिया, बोटिंग, गो कार्ट जैसी सुविधाएं पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगी।

# आइटी टावर युवाओं के लिए कौशल विकास का द्वार खोलेगा: सीएम हेमंत

## राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य को तकनीकी और डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सीएम ने कहा है कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल के तहत नामकुम, रांची में स्थित आइटी टावर झारखंड को डिजिटल युग की नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है।

यह अत्याधुनिक आइटी टावर ना केवल झारखंड की तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित करता है, बल्कि राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर भी पैदा करेगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि आइटी टावर झारखंड के युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार का एक नया द्वार खोलेगा। यह राज्य को तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र में अग्रणी बनने में मदद करेगा।



**तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र :** इस आइटी टावर को झारखंड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की देखरेख में विकसित किया गया है, जो तकनीकी और डिजिटल व्यवसायों के लिए एक प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करेगा। इसकी संरचना जी+ 5 फ्लोर की है और क्षेत्रफल लगभग 40,000 वर्ग फीट है।

इस परियोजना के माध्यम से झारखंड सरकार राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आइटी टावर ना केवल रांची, बल्कि पूरे राज्य के औद्योगिक और आर्थिक विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी।

### 30 वर्ष के पट्टे का किया गया प्रावधान

औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने नामकुम औद्योगिक क्षेत्र में स्थित अत्याधुनिक आइटी टावर के दीर्घकालिक पट्टे (30 वर्षों के लिए) के लिए प्रतिष्ठित संगठनों और योग्य आइटीआइटीइएस क्षेत्र की संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किये हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15.02.2025 है।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# केंद्रीय कोयला मंत्री ने 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की रखी आधारशिला

## कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवा की सुविधा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री जी किशन रेड्डी ने रांची के कांके स्थित रिनपास के समीप 200 बिस्तरों वाले सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की आधारशिला रखी। यह अस्पताल कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और न्यूरोलॉजी जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाओं से युक्त होगा। इस परियोजना का उद्देश्य झारखंड और आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि यह सुपर स्पेशलिटी अस्पताल कोयला क्षेत्र के विकास और क्षेत्रीय सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मंत्री ने हॉस्पिटल की महत्ता को रेखांकित करते हुए इसे क्षेत्र के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, चतरा के पूर्व सांसद सुनील सिंह, कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, अपर कोयला सचिव विस्मिता तेज, कोयला मंत्री के निजी सचिव बक्की कार्तिकेयन, अपर निजी सचिव ए. वेंकटेश्वर रेड्डी, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी नीलेंदु कुमार सिंह, सीएमपीडीआइ के सीएमडी मनोज कुमार, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) हरीश दुहन, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) पंकज कुमार और श्रमिक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आधारशिला समारोह के बाद केंद्रीय कोयला मंत्री ने भारतीय कोयला खान संस्थान (आइआइसीएम) का दौरा किया।



### ये हैं विशेषताएं

- क्षमता : 200 बिस्तर
- स्थान : रिनपास के समीप, कांके, रांची
- परियोजना लागत : 300 करोड़ (निर्माण, उपकरण और फर्निशिंग)
- संचालन और प्रबंधन : डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान (गैर-लाभकारी संगठन)
- अवधि : निर्माण कार्य जून, 2025 से प्रारंभ होकर दो वर्षों में पूरा होगा
- परियोजना समर्थन अवधि : 6 वर्षों तक सीसीएल द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी
- जमीन का क्षेत्रफल : 5.5 एकड़, जो झारखंड सरकार ने उपलब्ध कराया है

# अब डीजीपी की नियुक्ति दो वर्षों के लिए होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अब डीजीपी की नियुक्ति पर हाइकोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस की अध्यक्षता वाली कमेटी फैसला लेगी। यह फैसला बीते 7 जनवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। यूपी, पंजाब, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना की तर्ज पर झारखंड सरकार ने भी राज्य में डीजीपी (पुलिस महानिदेशक) नियुक्ति प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है, जिसका नाम महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखंड (पुलिस बल प्रमुख) का चयन एवं नियुक्ति नियमावली 2024 दिया गया है।

### नाम निर्देशन समिति में ये होंगे शामिल

**अध्यक्ष-** हाइकोर्ट के सेवानिवृत्त जस्टिस अध्यक्ष

**सदस्य-** मुख्य सचिव, यूपीएससी का एक प्रतिनिधि, जेपीएससी अध्यक्ष, गृह सचिव और सेवानिवृत्त डीजीपी।

**अब तक क्या होता था :** डीजीपी के चयन के लिए पहले राज्य सरकार आइपीएस अधिकारियों के नामों का पैनल यूपीएससी को भेजती थी, जिसमें से तीन नामों को स्वीकृत कर यूपीएससी उसे राज्य सरकार को भेज देती थी। उन्हीं तीन नामों में से किसी एक को राज्य सरकार डीजीपी बनाती थी। पर अब ऐसा नहीं होगा।

**क्यों लिया गया फैसला :** वर्ष 2019 से डीजीपी के पैनल को लेकर यूपीएससी और राज्य सरकार के बीच विवाद होता रहा है। यही नहीं, पहले पैनल भेजने से लेकर डीजीपी की नियुक्ति तक करीब तीन-चार महीने का समय लग जाता था। नयी व्यवस्था होने से अब सरकार को यूपीएससी को अधिकारियों के नाम का पैनल नहीं भेजना होगा, बल्कि यूपीएससी के अधिकारी ही यहां आयेंगे। इससे समय भी बचेगा।

### डीजीपी बनने के लिए योग्यता

- नयी नियमावली में उन अधिकारियों के नाम पर विचार किया जायेगा, जो वेतन मैट्रिक्स लेवल के 16 में राज्य संवर्ग में पुलिस महानिदेशक का पद धारण कर रहे हैं।
- डीजीपी पद के रिक्ति होने की तिथि को अधिकारी की सेवा अवधि छह महीने या उससे अधिक होनी चाहिए। अवधि की गणना करते समय अधिकारी की इस पद पर की गयी पूर्व की सेवा अवधि को भी सम्मिलित किया जायेगा। डीजीपी का पद नियमित डीजीपी के नियंत्रण पदस्थापन अन्य पदस्थापन या सेवानिवृत्ति की तिथि से रिक्त माना जायेगा।
- लेवल 16 में कोई अधिकारी झारखंड राज्य में डीजीपी के रूप में सूची में सम्मिलित किये जाने के लिए विचार के लिए उपलब्ध नहीं है, या नाम निर्देशन समिति किसी भी अधिकारी को सूची में सम्मिलित किये जाने के लिए उपयुक्त नहीं पाती है, वहां वेतन मैट्रिक्स के लेवल 15 में राज्य संवर्ग में एडीजी का पद धारण करने वाले हो, जिन्होंने भारतीय पुलिस सेवा में आवंटन वर्ष की पहली जनवरी से रिक्ति के दिनांक तक कम से कम 30 वर्ष की सेवा पूरी की हो ऐसे समस्त अधिकारी सूची में सम्मिलित होंगे।

### नयी नियमावली में और क्या-क्या

समिति का गठन: डीजीपी के चयन के लिए एक समिति बनायी जायेगी, जो इस पद के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार का चयन करेगी।

यूपीएससी की भूमिका कम: इस नयी व्यवस्था के तहत, राज्य सरकार को स्थायी रूप से डीजीपी की नियुक्ति के लिए केंद्र सरकार के कर्मचारी चयन आयोग (यूपीएससी) से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं होगी।

अधिकारियों के लिए कम से कम छह महीने का न्यूनतम कार्यकाल: डीजीपी के पद के लिए केवल उन आइपीएस अधिकारियों पर ही विचार किया जायेगा, जिनका सेवाकाल कम से कम छह महीने शेष हो।


नियुक्ति की अवधि: डीजीपी की नियुक्ति कम से कम दो वर्षों के लिए होगी।

सेवा रिकॉर्ड और अनुभव: डीजीपी का चयन अधिकारी के बेहतर सेवा रिकॉर्ड और अनुभव के आधार पर किया जायेगा।

# जस्टिस एलपीएन शाहदेव को सीएम हेमंत, बाबूलाल, रघुवर दास, चंपाई, संजय सेठ और सुदेश ने दी श्रद्धांजलि

## जस्टिस शाहदेव की 13वीं पुण्यतिथि में श्रद्धांजलि देने के लिए दलों की सीमाएं टूटीं, सभी दलों के नेताओं का तांता











**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता और प्रखर आंदोलनकारी जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 13वीं पुण्यतिथि शुक्रवार को मनायी गयी। सूचना भवन, रांची के सामने स्थित जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सैकड़ों लोग श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे। सबसे पहले श्रद्धांजलि देने वालों में जस्टिस शाहदेव की ज्येष्ठ पुत्री कृति सिंह, पुत्र प्रतुल शाह देव, पुत्रवधू डॉ विद्या झा शाहदेव एवं पौत्र शौर्य प्रताप शाह देव शामिल हुए।

**उनका समर्पण आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करेगा : चंपाई सोरेन :** पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि जब बिहार की तत्कालीन राजद सरकार के मुखिया ने अलग झारखंड राज्य का विरोध किया था, तब पूर्व जस्टिस शाहदेव ने आंदोलन को अपनी बौद्धिक ऊर्जा दी थी। उनके नेतृत्व में विभिन्न दलों से जुड़े आंदोलनकारियों ने पहले माटी, फिर पार्टी का नारा लगाते हुए आंदोलन को आखिरी मुकाम तक पहुंचाने में सहयोग दिया था। उन्होंने कहा कि मुझे आज भी याद है कि वे पहले पूर्व जस्टिस थे, जिन्हें आंदोलन के दौरान हिरासत में लिया गया था।

**झारखंड सदा उनका ऋणी रहेगा : संजय सेठ :** केंद्रीय राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। झारखंड सदैव उनका ऋणी रहेगा। संजय सेठ ने कहा कि पुण्यतिथि के अवसर पर उन्होंने झारखंड आंदोलन के महान योद्धा से झारखंड के विकास के लिए आशीर्वाद मांगा है।

**झारखंड की निर्णायक लड़ाई के नायक थे जस्टिस एलपीएन शाहदेव : सुदेश महतो :** आजसू सुप्रीमो और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन की जब भी चर्चा होगी, जस्टिस शाहदेव के योगदान को याद किया जायेगा। झारखंड की निर्णायक लड़ाई के नायक थे जस्टिस एलपीएन शाहदेव। आंदोलन के क्रम में गिरफ्तार भी हुए थे जस्टिस शाह देव। सुदेश महतो ने कहा कि निर्णायक लड़ाई में आजसू के योद्धाओं ने भी जस्टिस शाहदेव के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आंदोलन किया था।

**आदिवासी-मूलवासी के विकास को लेकर हमेशा रहते थे चिंतित : सीपी सिंह :** रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जज साहब ने झारखंड के आंदोलन को बैद्धिक दिशा दी थी। वह झारखंड के आदिवासी-मूलवासी के विकास को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। उन्होंने कलम चलाने से लेकर सड़क तक अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ी थी।

शुक्रवार को श्रद्धांजलि देने वालों में झारखंड भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, फादर अजित खेस ( जीसूयीट प्रोविंशियल), पूर्व मंत्री रणधीर सिंह, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजीव रंजन प्रसाद, कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता किशोर नाथ शाहदेव, कांग्रेस नेता विनय सिन्हा दीपू, आजसू के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत, राजद प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता कैलाश यादव, झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति त्रिवेणी नाथ साहू, भारत जन मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी, जेडीयू प्रवक्ता सागर कुमार, भाजपा नेता ललित ओझा, संजय जयसवाल, दिनेश प्रसाद साहू, अजय कुमार, लोकेश चौधरी, लाल विजय नाथ शाहदेव, कृष्ण अग्रवाल, आलमगीर अंसारी, सुरजीत सिंह, ज्ञान रंजन, आनंद नायक, सत्य प्रकाश चंदेल, हसन अली, सौरभ, प्रद्युम्न, उदय चौहान, वैभव शाहदेव, राहुल शाहदेव, गोपाल शाहदेव, सत्यम शाहदेव, पायल सोनी, महेश सोनी, कन्हैया सिंह, प्रमोद शाश्वत, शुभोजित देव, धीरज, सुमीत रुंगटा, संतोष कुमार सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

### जस्टिस एलपीएन शाहदेव ने झारखंड आंदोलन को बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जस्टिस एलपीएन शाहदेव की 13वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने कहा कि जस्टिस एलपीएन शाहदेव न्यायिक सेवा में होते हुए भी झारखंड आंदोलन को उन्होंने बिना किसी दल के बंधन में बंधे अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था। आने वाली पीढ़ियों को उनके दिखाये गये मार्ग का अनुसरण करना चाहिए।

### झारखंड आंदोलन में उनकी अग्रणी भूमिका रही है : बाबूलाल मरांडी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कहा कि एक जस्टिस के साथ झारखंड आंदोलनकारी के रूप में संपूर्ण राज्यवासी उन्हें जानते हैं। जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड के लिए लड़नेवालों में अग्रणी थे। जब आंदोलन स्थिर पड़ गया था, तब जस्टिस शाहदेव ने सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों को एक साथ जोड़कर झारखंड आंदोलन का नेतृत्व किया और उसे अंजाम तक पहुंचाया।

### झारखंड आंदोलन में जस्टिस शाहदेव का योगदान अतुलनीय: रघुवर दास

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शुक्रवार को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने से पूर्व जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री दास ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में जज साहब ने अहम भूमिका निभाई थी। जस्टिस एलपीएन शाहदेव झारखंड आंदोलन के अग्रणी पंक्ति के योद्धा थे। झारखंड राज्य के गठन में उनकी भूमिका को कभी भूला नहीं जा सकता है। झारखंड आंदोलन को जस्टिस शाहदेव ने अपनी बौद्धिक ऊर्जा से सींचा था।




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# झारखंड में खुलेगा राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र


**खूंटी के कालामाटी में भवन निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन चिह्नित की गयी**

**योजनाओं को क्रियान्वित करने वाले पूरे पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के कर्मी यहां आकर लेंगे प्रशिक्षण**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में केंद्र सरकार प्रायोजित राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र खुलेगा। इसके लिए खूंटी के डियर पार्क के पास पांच एकड़ जमीन चिह्नित की गयी है। फिलहाल संस्थान शुरू करने के लिए स्मार्ट सिटी स्थित जुपमी भवन को किराये पर लेने की सहमति बनी। मुख्य सचिव अलका तिवारी शुक्रवार को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने को लेकर अधिकारियों संग बैठक कर रही थीं। बैठक में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार ने बताया कि संस्थान में योजनाओं को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करनेवाले कर्मियों को प्रशिक्षित किया जायेगा। सिर्फ झारखंड में ऐसे कर्मियों की संख्या 80 हजार के करीब है, जिसमें आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, पर्यवेक्षिका इत्यादि शामिल हैं। बताते चलें कि झारखंड में स्थापित हो रहा यह संस्थान झारखंड समेत पूर्वी भारत के राज्यों पश्चिम बंगाल, ओड़िशा एवं बिहार में योजना संचालित करनेवाले कर्मियों के प्रशिक्षण का भी केंद्र बनेगा। राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र फिलहाल गुवाहाटी, बेंगलुरु, इंदौर, लखनऊ और मोहाली में चल रहा है। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी के अलावा महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर, सूडा के निदेशक अमित कुमार आदि शामिल थे।



हरमू रोड रांची के श्रीश्याम मंदिर में शुक्रवार को पुत्रदा एकादशी के अवसर पर सायंकालीन विशेष शृंगार दर्शन का आयोजन किया गया।

# विवान शौर्या ने पेंटिंग में जीता अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के 8 वर्षीय विवान शौर्या ने पेंटिंग में अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर एक और उपलब्धि अपने नाम की है। उन्होंने 41 देशों के 1400 प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए पिकासो आर्ट कांटेस्ट के आर्टिस्टिक जेनेसिस 2024 में प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्टार आर्टिस्ट अवार्ड से सम्मानित हुए। इस प्रतियोगिता में उन्होंने 100 में से 98 अंक प्राप्त किये। विवान ने 6 से 10 वर्ष के समूह में यह पुरस्कार प्राप्त किया, और उनके द्वारा बनायी गयी पेंटिंग अवतार फिल्म के पात्र जेक सुली की



हाइपर-रियलिस्टिक पेंसिल कलर पोर्ट्रेट थी। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका लंदन से बीट ग्रादुमा, ईरान से लीला डेल्फान और भारत से के राखी ने निभाई। विवान जवाहर विद्या मंदिर, श्यामली का तीसरी कक्षा का छात्र है। विवान के विद्यालय के प्राचार्य समरजीत जाना एवं शिक्षकों ने भी उन्हें बधाई दी।

# कड़िया मुंडा से मुलाकात करने अस्पताल पहुंचे राधा कृष्ण किशोर और बंधु तिर्की





कड़िया मुंडा का कुशलक्षेम पूछते सुदेश महतो साथ में देवशरण भगत।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, कड़िया मुंडा से मिलने मेडिका अस्पताल पहुंचे। जिसमें रवींद्र सिंह, रमा खलखो, किशोर नाथ शाहदेव व अन्य शामिल थे। कड़िया मुंडा को इलाज के लिए मेडिका अस्पताल के आइसीयू में भर्ती कराया गया है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कड़िया मुंडा से मिलकर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी प्राप्त की, इस दौरान कड़िया मुंडा बोल रहे थे। डॉक्टरों ने बताया कि वह पहले से बेहतर हैं। नेताओं ने कड़िया मुंडा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। मुंडा से बात करने के क्रम में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि आप न सिर्फ एक राजनेता हैं अपितु झारखंड राज्य के अभिभावक भी हैं। उधर, शुक्रवार को आजसू सुप्रिमो सुदेश महतो भी कड़िया मुंडा से मिलने मेडिका अस्पताल पहुंचे। उन्होंने उनके दीर्घायु जीवन की कामना की।

# डॉ सी जगनाथन बने एसबीयू के कुलपति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** डॉ सी जगनाथन को सरला बिरला विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को विवि के एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कुलपति कार्यालय में अपना पदभार संभाला। इस दौरान विश्वविद्यालय के अधिकारी और शिक्षकगण उपस्थित रहे। डॉ जगनाथन ने स्नातक और स्नातकोत्तर की पढ़ाई मदुरै कामराज यूनिवर्सिटी से की है। बाद में उन्होंने नीदरलैंड्स से जियोइनफॉर्मेटिक्स में मास्टर्स और फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, देहरादून से पीएचडी की पढ़ाई की। वे इसरो में वैज्ञानिक सहायक/वैज्ञानिक पद



पर कार्य करने के अलावा यूके के साउथैंपटन विश्वविद्यालय में वरिष्ठ रिसर्चर के तौर पर भी काम कर चुके हैं। अध्यापन और शोध के क्षेत्र में उनका तीन दशकों का लंबा अनुभव रहा है। इस दौरान उनके एक सौ पचास से ज्यादा रिसर्च पेपर और पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। एसबीयू में पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे बीआइटी, मेसरा के डिपार्टमेंट ऑफ रिमोट सेंसिंग में प्रोफेसर, एचओडी एवं डीन (रिसर्च, इनोवेशन एवं एंट्रेप्रेन्योरशिप) जैसे पदों पर रहे। देश-विदेश के कई फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है। डॉ जगनाथन की नियुक्ति पर एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक एवं सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और बधाई संदेश प्रेषित किया है।

## पशु क्रूरता निवारण समिति झारखंड प्रदेश की कार्यसमिति की बैठक

# पशु क्रूरता और तस्करी पर रोक लगाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पशु क्रूरता निवारण समिति झारखंड प्रदेश की कार्यसमिति की बैठक समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें राज्य में हो रहे पशु क्रूरता तथा पशु तस्करी की घटनाओं पर गहन चिंता करते हुए क्षोभ प्रकट किया गया।

बैठक में एसपीसीए के निरीक्षकों को शीघ्रपस्थापित करने का निर्णय लिया गया। समिति के वरीय उपाध्यक्ष पूर्व डीआइजी जितेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड उच्च न्यायालय के 18 दिसंबर 2023 के न्यायादेश के



आलोक में आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत किया गया है। बैठक में समिति के सचिव डॉ हरे राम सिंह, संयुक्त सचिव राम सुभग सिंह, समिति के कोषाध्यक्ष शीला कुमारी और अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन में श्री श्याम सेवा समिति, चुटिया का द्वितीय वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रथम चरण में श्री राम मंदिर चुटिया से श्याम बाबा की निशान यात्रा निकाली गयी, जिसमें हजारों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा का निशान उठाया। जगह-जगह निशान यात्रा का स्वागत फूलों की वर्षा से की गयी। निशान यात्रा कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर बाबा का निशान सजे-धजे श्री श्याम बाबा के दरबार में निशान को समर्पित किया गया। सम्मानित अतिथि केके पोद्दार, फतेहचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, मदनलाल अग्रवाल, विश्वनाथ सिंघानिया, कमल अग्रवाल एवं गोपी कृष्ण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कृष्ण कुमार पोद्दार ने हर तरह के सहयोग की उपलब्धता पेशकश की। ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से सनातन का प्रचार-प्रसार एवं धर्म के प्रति आस्था आती है। फतेहचंद



अग्रवाल ने भी प्रशंसा करते हुए समाज को इसी प्रकार अन्य सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष कमल अग्रवाल ने कहा कि आप सबों के प्रयास से यह भव्य कार्यक्रम हो पाया है। संयोजक दीपक अग्रवाल ने पिछले 2 वर्षों में समिति द्वारा किये गये सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से बताया एवं आने वाले वर्षों में भी सभी से सहयोग एवं आशीर्वाद की कामना की। मुख्य यजमान प्रमोद पोद्दार, सहपत्नी पूनम पोद्दार को पूजा प्रभारी रवि गुप्ता ने श्याम बाबा की पूजा अर्चना करायी एवं बाबा को तुलसी की माला, चंदन का तिलक, गुलाब एवं इत्र से श्रृंगार किया गया, इसके बाद बाबा श्याम की ज्योति जलायी गयी। भजन कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ.भरत कुमार अग्रवाल द्वारा गणेश वंदना के साथ किया गया। समिति के सदस्य राजेश, किशन मोदी, प्रकाश, प्रमोद कुमार पोद्दार एवं परमेश्वरी जोशी द्वारा भजन गायन प्रस्तुत किया गया। चांडिल से आये गायक नीरज जालान ने हनुमान जी का भजन देख बंदरों की सेना महान ...... एवं श्याम बाबा का भजन कोई प्यार से मेरे श्याम को सजा दे....... गा कर कार्यक्रम को पूरे श्याम मय से रंग दिया। बाबा को 56 भोग एवं अन्य व्यंजनों का भोग लगाया गया। श्री श्याम बाबा की सामूहिक आरती की गयी बाद में कार्यक्रम का समापन हुआ। समिति के सचिव पवन अग्रवाल ने सम्मानित अतिथियों सहित सभी आम जनों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अपना सहयोग इस भव्य कार्यक्रम को संपन्न करने में दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वनाथ सिंघानिया, गोपी कृष्ण अग्रवाल, मुरारी अग्रवाल, अमित शर्मा, हरिशंकर शर्मा, प्रदीप मोदी, राजेश, मनोज चौधरी, कमल अग्रवाल, अरुण केड़िया, दीपक अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, शिवकुमार केड़िया, ऋषि टिबडेवाल, विनोद अग्रवाल, पवन, किशन मोदी, पंकज सिंघानिया एवं महिला सदस्य बबीता अग्रवाल, रेणु अग्रवाल, मिक्की केड़िया, ललिता केड़िया, जूली अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, परमेश्वरी जोशी, वीणा माहेश्वरी, दीपा शर्मा, उर्मिला सिंघानिया, शिखा अग्रवाल, स्वाति सिंघानिया ने भूमिका निभाई।

# झारखंड के कलाकारों को किया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदी दिवस और अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भगवा नारी सेना एवं छात्र क्लब ग्रुप की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। यह सम्मान समारोह लालपुर स्थित बीके सहाय कंपाउंड में दो चरणों में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भगवा नारी सेना के अध्यक्ष पिया बर्मन एवं छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के पहले चरण में गरीब, जरूरतमंद, असहाय लोगों के बीच स्वेटर, टोपी आदि गर्म वस्त्र एवं पौष्टिक आहार वितरण किया गया। दूसरे चरण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर लघु मूवी कलाकार जीजा साली और नाजिया एक बेटी की उड़ान सह टी-सीरीज और आस्था चैनल के सिंगर वीणाश्री और भोजपुरी, छोटानागपुरी, फिल्मी, धार्मिक संगीत के क्षेत्र में झारखंड का नाम रौशन करने वाले गायक कुमार गहलोत और कविता हीरो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र क्लब ग्रुप के कानूनी सलाहकार अलख निरंजन वर्मा, विजन आरोग्यम के निदेशक राजीव रंजन मिश्रा मौजूद थे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से संस्था के प्रभात राजन, मोहम्मद आकिब, खुशबू सिंह, संगीता सिन्हा, अभिषेक दुबे, रंगम कुमार, ललित साहू, सुनीता पांडे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया




रांची (आजाद सिपाही)। च्यवनप्राश लगभग 3000 साल पुराना और प्रसिद्ध आयुर्वेदिक नुस्खा है, जिसका उपयोग प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए किया जाता है। यह खांसी और सर्दी जैसे आम दिन-प्रतिदिन के संक्रमणों से सुरक्षा प्रदान करने में मदद करता है। इस पहल के तहत शुक्रवार को रांची में विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के 250 से अधिक बच्चों के लिए एक विशेष सत्र आयोजित कर इस अभियान की शुरुआत की गयी। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थापक सुरेश भी मोजूद थे। इस अवसर पर डाबर के सीएसआर और कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस के प्रमुख दिनेश कुमार ने कहा, डाबर च्यवनप्राश 100 से अधिक वर्षों से प्रत्येक भारतीय को सबसे मजबूत प्रतिरक्षा हासिल करने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। बीएचयू के एमडी आयुर्वेद डॉ परमेश्वर अरोड़ा ने कहा, मौसमी परिवर्तन के दौरान तापमान में अचानक बदलाव होता है, जिससे खांसी, जुकाम और फ्लू जैसी बीमारियां होती हैं। सर्दी, खांसी, सांस की समस्या आदि जैसी बीमारियों से लड़ने के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना एक प्रभावी तरीका है।

### यूजीसी की तीन सदस्यीय टीम ने रांची विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण



रांची (आजाद सिपाही)। यूजीसी की सुलभता मूल्यांकन टीम ने रांची विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और भवनों का निरीक्षण किया। इस तीन सदस्यीय टीम में आंध्रप्रदेश डिग्री एंड पीजी कॉलेज के जी रामाकृष्णा रेड्डी, डॉ हिमांशू दास, राष्ट्रीय संस्थान, विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण और यूजीसी के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ अमोल अंधारे शामिल थे। टीम का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों और इमारतों में विकलांग व्यक्तियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन करना था। टीम ने रांची विश्वविद्यालय के बेसिक साइंस परिसर, पीजी आर्ट्स ब्लॉक सी और डी, मानविकी भवन, बहुद्देशीय परीक्षा भवन, केंद्रीय पुस्तकालय और प्रशासनिक भवन का दौरा किया। इसके अलावा, टीम ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, कक्षाओं, स्वास्थ्य केंद्र आदि को देखा और विकलांग छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों से बातचीत की। टीम ने कुलपति प्रो डॉ अजीत की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की, जिसमें तकनीकी सचिव और नोडल अधिकारी डॉ बीके सिन्हा, कुलसचिव डॉ विनोद नारायण, वित्त अधिकारी अजय कुमार, सीसीडीसी डॉ पीके झा, वित्त पदाधिकारी डॉ प्रीतम कुमार, प्रोक्टर डॉ एमसी मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ विकास कुमार और डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह भी शामिल थे। बैठक में यूजीसी टीम ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिये।

### संरक्षा आयुक्त ने किया ओबरा डैम-फफराकुंड रेलखंड का निरीक्षण



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। हाजीपुर सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा शुक्रवार को धनबाद मंडल के रमना-सिंगरौली दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 06 किमी लंबे नव-दोहरीकृत ओबरा डैम-फफराकुंड रेलखंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने पहले फफराकुंड से ओबरा डैम तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया। इसके उपरांत स्पेशल ट्रेन द्वारा फफराकुंड से ओबरा डैम तक स्पीड ट्रायल भी सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक कमल किशोर सिन्हा एवं निर्माण विभाग और धनबाद मंडल के उच्चाधिकारी भी उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव का किया गया आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री श्याम देव को प्रात: नवीन वस्त्र (बागा) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर भक्तगण कतार में लगकर पावन ज्योत में आहूति प्रदान कर मनोवांछित फल की कामना कर रहे थे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान, फल, मेवा और रबड़ी को भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, गोपी किशन ढांढनियां सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा। 11 जनवरी 2025 को चांदन द्वादशी की पावन अवसर पर श्री श्याम प्रभु को संध्या 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक खीर चूरमा का भोग लगा कर भक्तों के बीच वितरित किया जायेगा।





## पीवीयूएनएल का रांची में पहला ऐश यूजर मीट 2025 आयोजित

# पर्यावरण-अनुकूल ऐश उपयोग के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता है : आरके सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पीवीयूएनएल ने रांची में अपना पहला ऐश यूजर मीट 2025 सफलतापूर्वक आयोजित किया। शुक्रवार को ऐश यूजर मीट 2025 का आयोजन रांची के होटल बीएनआर में आयोजित किया गया। जिसमें फ्लाई ऐश के नवाचार और स्थायी उपयोग पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आइएएस, सचिव, भवन निर्माण विभाग अरवा राजकमल और क्षेत्रीय अधिकारी, एनएचएआइ रांची एनएल येओतकर उपस्थित थे।




उन्होंने फ्लाई ऐश के किफायती और बहुपयोगी पुनः उपयोग को रेखांकित किया और बताया कि झारखंड में एनएचएआइ परियोजनाओं के तहत 720 किमी हाइवे के निर्माण में 2 करोड़ मीट्रिक टन फ्लाई ऐश का उपयोग किया गया है। पीवीयूएनएल के सीइओ आरके सिंह ने 100 प्रतिशत पर्यावरण-अनुकूल ऐश उपयोग के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता दोहरायी।

उन्होंने पीवीयूएनएल की पहली इकाई के शीघ्र पूरा होने की घोषणा की और स्थायी और कुशल ऐश निपटान के महत्व पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों की प्रदर्शनी, जैसे एनटीपीसी का विकल्प, प्रदर्शित किया गया। इसके साथ ही बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों और किसानों के लिए सत्र आयोजित किये गये, जिसमें कृषि में फ्लाई ऐश के उपयोग पर चर्चा हुई। इस अवसर पर संजय कुजूर (इआइसी, आरसीडी), देवदीप बोस (जीएम, ओएंडएम), अनुपम मुखर्जी (जीएम, प्रोजेक्ट) और मनीष खेत्रपाल (जीएम, मेंटेनेंस एंड एफएम) सहित अन्य मौजूद थे।

## फ्लैट का ताला तोड़कर 7 लाख कैश और 25 लाख के जेवरात की चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके रोड के विद्यापति नगर स्थित ईश्वरी एन्क्लेव में शुक्रवार को दिनदहाड़े लाखों का चोरी का मामला प्रकाश आया है। फ्लैट के मालिक यशवंत सिंह के मुताबिक, घर में कोई नहीं था। दो लोग कार में आये और घर का ताला तोड़कर सात लाख रुपये नकदी और 25 लाख रुपये के आभूषण चोरी कर फरार हो गये। घटना सीसीटीवी में कैद हो गयी है। इस संबंध में यशवंत सिंह ने अज्ञात दो चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं सदर डीएसपी संजीव बेसरा ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज मिला है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।


**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/आरएस (ई)/टीएम/3 — नई दिल्ली, दिनांक : 09.01.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 3**

विषयः 138 अदद् 'डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर (डीटीएस)' के डिजाईन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 18.02.2025 को बंद होने वाली ई-खुली वैश्विक निविदा सं. 2023-टीएम-3.

विषय निविदा के कुछ नियम और शर्तों को संशोधित और IREPS वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखें।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

129/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# सीपी चौधरी के बाघमारा कार्यालय में आगजनी और पथराव की घटना पर राज्यसभा सांसद ने डीजीपी को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने चंद्र प्रकाश चौधरी के बाघमारा स्थित कार्यालय में आगजनी और पथराव की घटना पर पुलिस महानिदेशक झारखंड को पत्र लिखा है। डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि एनडीए के नेता एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चंद्र प्रकाश चौधरी के बाघमारा स्थित कार्यालय में आगजनी और पथराव की जो घटना घटी है, वह काफी चिंताजनक है,



साथ ही राज्य की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान है। एक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ नेता के कार्यालय में जिस प्रकार उत्पात मचाया गया और उनके समर्थकों के ऊपर गोली चलायी गयी बम से हमले किये गये यह खुद बयान करता है कि कैसे स्थानीय पुलिस घटना का पूर्वानुमान करने में विफल रही है। घटना में शामिल नामजद आरोपी पुलिस को चकमा देकर घटनास्थल से फरार हो गये यह स्थानीय पुलिस की मिलीभगत को दर्शाता है। भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो तथा इस प्रकार की घटनाओं की रोकथाम हेतु पुलिस पूर्वानुमान कर तत्पर उचित कार्रवाई करे ताकि राज्य में कानून व्यवस्था का अनुपालन कड़ाई से हो।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र क्रमांक सं.:30958 दिनांकः 02/01/2025 के अनुसार मैं, **श्रुति कुमारी** पिता- कमिन्द्र यादव, उम्र करीब 19 वर्ष, धर्म-हिन्दू राष्ट्रीयता - भारतीय, पेशा- छात्रा, साकिन ग्राम- तिलैया बस्ती, पोस्ट- झुमरी तिलैया, थाना- तिलैया, जिला - कोडरमा, शपथ पूर्वक ब्यान करती हूँ किः-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान की स्थायी निवासी हूँ।
2. यह कि **श्रुति कुमारी उर्फ राघनी** दोनो नाम का एक ही महिला मैं ही हूँ।
3. यह कि मेरे झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची के माध्यमिक परीक्षा 2020 के अंक पत्र में मेरा नाम **श्रुति कुमारी** एवं जन्म तिथि **15/01/2016** ई0 है जो सत्य वो सही है।
4. मेरा आधार कार्ड संख्या- **8853 4701 2667** में मेरा नाम **श्रुति कुमारी** एवं जन्म तिथि **01/01/2006** ई० था, जिसे मैं अपनें आधार कार्ड में अपना जन्म तिथि अपने अंक पत्र के अनुसार सुधारनें के लिए आवेदन की थी तो मेरा नाम गलती से **राघनी कुमारी** दर्ज हो गया है, जो गलत है।
5. यह कि मेरा सही नाम **श्रुति कुमारी** एवं जन्म तिथि **15/01/2006** ई0 है।
6. यह कि यह शपथ पत्र मैं अपने आधार कार्ड संख्या- **8853 4701 2667** में अपनें नाम **राघनी कुमारी** के स्थान पर अपना सही नाम अंक पत्र एवं पुराना आधार कार्ड के अनुसार **श्रुति कुमारी** दर्ज करानें हेतु बना रही हूँ।
7. यह कि उपरोक्त लिखित सारी बातें मेरी जानकारी वो विश्वास में सही वो सत्य है। यदि गलत पाया जाता है तो इसकी समस्त जवावदेही मुझ पर होगी।


# संयुक्त तुरी संवाद में तुरी समाज के शैक्षणिक राजनीतिक और सामाजिक विकास पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की शुक्रवार को राजधानी में आयोजित संयुक्त तुरी संवाद में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने तुरी समाज के शैक्षणिक, राजनीतिक और सामाजिक विकास के लिए जागरूकता और दूरदृष्टि के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कहा कि झारखंड में सरकार की कोशिश है कि हर समुदाय को समान अवसर मिले। साथ ही उसका समग्र विकास हो। मंत्री ने कहा, तुरी समाज को अपनी परंपराओं और व्यवसायों की रक्षा करने की दिशा में कदम उठाने होंगे।




### बंधु तिर्की ने बांस उद्योग के महत्व को रेखांकित किया

बंधु तिर्की ने बांस उद्योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बांस के उपयोग में शोध और अनुसंधान की आवश्यकता है। इस विषय पर राज्य सरकार जल्द ही कदम उठायेगी। उन्होंने कहा कि तुरी समाज को अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग रहकर अन्य लोगों को भी इस विषय में जागरूक करना होगा। यदि ऐसा नहीं किया गया, तो समाज के वंचित वर्ग की स्थिति और भी दयनीय हो सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य के हर जाति और संप्रदाय के विकास और सम्मान के प्रति वह संवेदनशील हैं।

### 7 सदस्यीय तदर्थ समिति के गठन का निर्णय

संयुक्त तुरी संवाद में तुरी समाज के विभिन्न जिलों से जुड़े लोग शामिल हुए। बंधु तिर्की ने कहा कि तुरी समाज को अपनी जागरूकता और विकास के लिए एक ठोस और समयबद्ध योजना की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें मोतीलाल मिर्धा ने तुरी समाज की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त की। साथ ही तुरी समाज के उत्थान के लिए 7 सदस्यीय तदर्थ समिति के गठन का निर्णय लिया गया। यह समिति तुरी समाज के हित में कार्य योजना तैयार करेगी। कार्यक्रम में झारखंड विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रवींद्र सिंह, रांची की पूर्व मेयर रमा खलखो, कांग्रेस नेता किशोरनाथ सहदेव और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आदिवासी नेताओं को हाशिये पर धकेलना चाहती है भाजपाः कांग्रेस

**रघुवर दास के एक बार फिर भाजपा में शामिल होने पर प्रदेश कांग्रेस ने कसा तंज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रघुवर दास के एक बार फिर भाजपा में शामिल होने पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि एक बार फिर भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आया। उन्होंने कहा कि यही रघुवर दास जब इस राज्य के मुख्यमंत्री थे तो आदिवासियों की अस्मिता से जुड़े सीएनटी, एसपीटी एक्ट में संशोधन का प्रस्ताव लेकर आये थे। आज



रघुवर दास को संस्कृति की याद आयी। उन्होंने कहा कि अपने शासन काल में जिस प्रकार झारखंड की अस्मिता और संस्कृति को खत्म करने का प्रयास किया यह किसी से छिपा नहीं है। सिन्हा ने कहा कि छूटे हुए कारतूस से अब कुछ नहीं हो सकता। खरमास का बहाना कर विधायक दल का नेता नहीं चुन पाने वाली पार्टी आज खरमास में सदस्यता कैसे दिलवा रही है। मतलब साफ कि झारखंड भाजपा में टूट का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने आगे कहा कि पांच वर्षों तक राज्य में पूर्ण बहुमत की सरकार चलाने वाले रघुवर दास ने राज्य को विकास के मामले में एक दशक पीछे धकेल दिया था, कहीं ऐसा ना हो कि इस बार 22 सीट लाने वाली भाजपा अगले चुनाव में दो सीटों पर पहुंच जाये। यह साफ है कि भाजपा में तमाम आदिवासी नेताओं को हाशिये पर धकेल कर भाजपा आदिवासी समुदाय को भाजपा की राजनीति से निकलना चाहती है।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit dated: 02-12-2024 I, Shanti Bala Devi, W/O Haladhar Kumar, Resident of Village- Adardih P.O- Adardih, P.S- Nimdih, Dist - Seraikella-Kharswan (JH), do hereby solemnly affirm and declare as follows:-

1. That, I am permanent resident of the aforesaid address.
2. That, my name is **Shanti Bala Devi** which is mentioned in my Aadhaar Card bearing No-**5185 7676 4005**.
3. That, my name is **Shanta Bala Kumar** has also mentioned in my Voter ID Card bearing No-**KDF0245160.**
4. That, **Shanti Bala Devi** and **Shanta Bala Kumar** both name is same and one person i.e. my self name which signify me only.
5. That, I am swearing this affidavit, for the purpose of rectify my name as **Shanta Bala Kumar** in place of **Shanti Bala Devi** in my said Aadhaar Card from the concerting authority. And hence this affidavit.


## ब्राउन शुगर के कारोबार का मास्टरमाइंड कन्हैया कुमार सहित तीन गिरफ्तार

**रांची।** ब्राउन शुगर के कारोबार का मास्टरमाइंड कन्हैया कुमार सहित तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा को मिली सूचना के आधार पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने विद्यानगर स्थित बड़ा मैदान में कार्रवाई करते हुए कन्हैया कुमार समेत तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। जिनमें कन्हैया कुमार, हिमांशु ठाकुर और राकेश कुमार शामिल हैं, इनके पास से ब्राउन शूगर 10.46 ग्राम बरामद किया गया। शुक्रवार को सिटी एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि सभी से पूछताछ करने पर बताया कि कन्हैया कुमार के द्वारा सासाराम के भाभी जी (एक युवती) से ब्राउन शूगर लेकर रांची लाते हैं।

# रघुवर दास हैं जनता के खास : कमाल खान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को राज्य के पूर्व मुख्य मंत्री रघुवर दास ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सदस्यता ग्रहण कर सक्रीय राजनीती में वापसी की। पार्टी के कार्यकर्ता सहित सभी नेताओं में हर्षोउल्लास का माहौल है। रघुवर दास के कार्यकाल को सभी समुदाय याद कर सराहना करते हैं। उक्त बातें भाजपा नेता कमाल खान ने कहीं। रघुवर दास को अति कुशल, कर्मठ एवं अनुभवी राजनेता बताते हुए उन्होंने कहा कि इनकी वापसी से सत्ताधारी पार्टी में बेचैनी मची हुई



है। क्यूंकि जनता से किये गये वादों को धरातल पर लाने हेतु रघुवर दास प्रयासरत दिखायी देंगे। हर एक पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता सहित संगठन को ऊर्जा मिलेगी। वे सभी समुदाय के लोकप्रिय नेता माने जाते हैं।

# परीक्षा को बोझ नहीं बनायें, यह उत्सव है : संजय सेठ

**परीक्षा पे चर्चा से पूर्व आज होगी आर्ट एंड ड्राइंग प्रतियोगिता**

**दो दर्जन स्कूलों के हजारों विद्यार्थी होंगे शामिल, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा प्रत्येक वर्ष परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम किया जाता है। ताकि विद्यार्थी तनाव मुक्त माहौल में अपनी परीक्षाएं दे सकें। परीक्षा को एक उत्सव के रूप में मना सकें। इस कार्यक्रम को लेकर परीक्षा पे चर्चा से पूर्व पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के द्वारा किया जा रहा है। शनिवार को सुबह 9 बजे से यह प्रतियोगिता टेंडर हर्ट स्कूल में आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में रांची के 2 दर्जन स्कूलों के हजारों विद्यार्थी शामिल होंगे। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। श्री संजय सेठ ने कहा कि बच्चों को तनावमुक्त और उत्सवपूर्ण माहौल मिल सके। इस उद्देश्य के साथ यह पेंटिंग और ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रांची के विभिन्न विद्यालयों से हजारों की संख्या में 9वीं, 10वीं, 11वीं और 12वीं के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में बच्चे परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। यह कार्यक्रम बच्चों के जीवन को नयी दिशा प्रदान कर रहा है और परीक्षा में शामिल होने को लेकर उन्हें उत्साहित कर रहा है। बच्चों के लिए परीक्षा बोझ नहीं बने, इस उद्देश्य के साथ यह आयोजन हो रहा है। परीक्षाओं में बच्चों से ज्यादा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अभिभावकों और शिक्षकों की है कि वह बच्चों को परीक्षा के बोझ से दबायें नहीं।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit No.111 dated: 07.01.2025 I, **Savitri Devi** W/O Rahul Kumar Choudhary aged about 27 years, Resident of village- Choudhary Tola, Hosir, Hosir East, P.O Hosir, P.S. Gomia, Dist-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:-

1. That, my Nationality is Indian.
2. That, in my Aadhaar card vide No. 3481 4083 2513 and PAN Card vide No. HPDPD9207R my name has been mentioned as Savitri Devi, but in Bank account of Bank of India Branch Saram bazar vide A/c No-483618210004123 my name has been mentioned as Sabitri Kumari.
3. That **Savitri Devi** and **Sabitri Kumari** both names are one and same person i.e myself.
4. That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as **Savitri Devi** in place of **Sabitri Kumari**
5. That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose.
6. That, the contents of this affidavit are true and correct to the best of my knowledge, information and belief and if found incorrect or false I shall be liable for the prosecution in the relevant section of law also.


# भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचने पर रघुवर दास का पारंपरिक तरीके से हुआ स्वागत

**प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायकगण, पूर्व विधायक भी हुए कार्यक्रम शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास ने फिर एक बार भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर पार्टी में स्वागत किया। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद ने रघुवर दास को ऑनलाइन सदस्यता ग्रहण करायी। उन्होंने कहा 14 महीनों के बाद सक्रिय राजनीति में वापसी भाजपा को और मजबूती प्रदान करेगी। इससे पहले बड़ी संख्या में काफिला के साथ रघुवर दास प्रदेश कार्यालय पहुंचे। भाजपा प्रदेश कार्यालय







पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से स्वागत हुआ। कार्यकर्ताओं ने भी पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र से श्री दास का स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। ढोल-नगाड़े के साथ पारंपरिक वेशभूषा नृत्य करते कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पार्टी कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ,कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय,सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद ,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने विधिवत सदस्यता दिलाई और अभिनंदन किया।

स्वागत समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, सांसद मनीष जायसवाल, काली चरण सिंह, विधायक सीपी सिंह, नीरा यादव, नागेंद्र महतो देवेंद्र कुंवर, आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक अमर कुमार बाउरी, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, समरी लाल, रणधीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री गणेश मिश्र, सरोज सिंह, सुनीता सिंह, मनोज महतो, हेमंत दास, प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक, राहुल अवस्थी, रमेश सिंह, ललित ओझा, संजय जायसवाल, अशोक बड़ाइक, वरुण साहू, शशांक राज, आरती सिंह सहित हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने और धन्यवाद ज्ञापन सरोज सिंह ने किया।

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि आज खुशियों का मौसम है। रघुवर दास की सक्रिय राजनीति में लौटने से कार्यकर्ताओं ने उत्साह है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास ने सरकार, संगठन और संवैधानिक सभी को सुशोभित किया है। ये वहां तक गये जहां जाने के लिए लोग सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि बावजूद इसके सब छोड़कर संगठन के साथ काम करने की इनकी अभिलाषा अभिनंदनीय है। उन्होंने कहा कि झारखंड के राजनीतिक क्षितिज पर छाये राहु केतु की छाया से राज्य को मुक्ति दिलाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने कहा कि संवैधानिक पद पर रहते हुए भी रघुवर दास की आत्मा भाजपा में ही थी। आज इनकी पुनः पार्टी में वापसी से कार्यकर्ताओं में उत्साह और उमंग है।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in
06

# भारत की तालिबान से उच्चस्तरीय बातचीत

अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री के साथ भारतीय विदेश सचिव की बुधवार को दुबई में हुई मुलाकात को सामान्य कूटनीतिक कवायद के रूप में नहीं लिया जा सकता। द्विपक्षीय संबंधों के लिहाज से ही नहीं इस पूरे क्षेत्र के भू-राजनीतिक समीकरणों की दृष्टि से भी यह एक महत्वपूर्ण पहल है। भारत ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है, लेकिन काबुल में तालिबान की सत्ता में दूसरी पारी शुरू होने के बाद से यह पहला मौका है, जब भारत ने विदेश सचिव स्तर पर उसके साथ औपचारिक बैठक की है। जो बात इस बैठक को खास बनाती है, वह है इसकी टाइमिंग। अभी जब ईरान, इस्राइल की ओर से अपने प्रॉक्सी पर हो रहे हमलों के चलते दबाव में है, रूस यूक्रेन युद्ध में फंसा है और अमेरिका में ट्रंप के सत्ता संभालने का इंतजार हो रहा है, भारत की यह पहल बहुत मायने रखती है। सबसे बड़ी बात यह कि अफगानिस्तान में तालिबान का मुख्य संरक्षक माने जाने वाले पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते खराब हो चुके हैं। अफगानिस्तान की सीमा के अंदर पाकिस्तान द्वारा किये गये हवाई हमले के बाद से दोनों देशों में तनातनी बहुत बढ़ गयी है। भारत ने बैठक से पहले ही पाकिस्तान के बरक्स अफगानिस्तान का समर्थन करके अपना पक्ष बिल्कुल स्पष्ट कर दिया था। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया था कि पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं के लिए पड़ोसियों को दोषी ठहराने की आदत हो गयी है। अफगानिस्तान की जहां तक बात है, तो भारत की मुख्य चिंता सुरक्षा को लेकर है। ऐसे में तालिबान का यह वादा महत्वपूर्ण है कि वे अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे। भारत का शरणार्थियों के पुनर्वास में मदद देने का आश्वासन इस मायने में भी अहम है कि पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों को वापस भेजना शुरू कर दिया है। ऐसे ही अफगानिस्तान की विकास परियोजनाओं पर दोबारा काम शुरू करने, स्पोर्ट्स खास कर क्रिकेट को प्रोत्साहित करने और चाबहार पोर्ट के व्यापारिक गतिविधियों में इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर हुई सहमति भी रिश्तों के बेहतर भविष्य का संकेत करती है। हालांकि बैठक के बाद जारी बयान में अपगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों का कोई जिक्र नहीं है। बेहतर होगा कि रिश्तों में बेहतरी की इच्छा से प्रेरित तालिबान महिलाओं और मानवाधिकारों पर अपने नजरिये में भी बदलाव पर विचार करे।

**तालिबान का यह वादा महत्वपूर्ण है कि वे अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे। भारत का शरणार्थियों के पुनर्वास में मदद देने का आश्वासन इस मायने में भी अहम है कि पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों को वापस भेजना शुरू कर दिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विकसित भारत युवा नेता संवाद 10 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर भारत मंडपम, नयी दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 3,000 प्रतिभागी एक ऐतिहासिक समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे, पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से चयनित प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगे और 500 पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो विषयगत ट्रैक पर अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए चुने गये हैं।**

# युवा शक्ति का सशक्तिकरण: विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025



**डॉ मनसुख मांडविया**



भारत अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष-2047 की ओर आगे बढ़ रहा है, ऐसे में हमारे युवा विकसित भारत के निर्माण के हमारे मिशन में सबसे आगे हैं। बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने के प्रधानमंत्री के आह्वान पर, हमने राष्ट्रीय युवा महोत्सव को एक असाधारण रूप में परिकल्पित किया है - विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025। यह संवाद केवल एक आयोजन नहीं है, यह एक अभियान है, युवा सशक्तिकरण, नेतृत्व और व्यावहारिक विचारों का एक जीवंत उत्सव है, जो विकसित भारत से जुड़े देश के दृष्टिकोण के अनुरूप है।

**राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना :** दो दशकों से अधिक समय से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है। हालांकि, इस वर्ष, हमने अलग तरीके से सोचने का साहस किया। 18 नवंबर, 2024 को, हमने उत्सव के प्रारूप में एक अभूतपूर्व परिवर्तन की घोषणा की, जिसके केंद्र में नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र-निर्माण को रखा गया। इस परिकल्पना का केंद्र है - विकसित भारत चुनौती, जो तीन चरणों वाली प्रतियोगिता है। इस प्रतियोगिता को भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करने और उन्हें विकसित करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। यह चुनौती योग्यता, समावेश और पारदर्शिता पर आधारित है, जो भौगोलिक या पृष्ठभूमि की परवाह किये बिना हर युवा भारतीय को योगदान करने का समान अवसर मिलना सुनिश्चित करती है।

**दो दशकों से अधिक समय से, राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है।**

पहले चरण, विकसित भारत क्विज में देश भर के लगभग 3 मिलियन युवाओं ने भाग लिया। 12 भाषाओं में आयोजित इस प्रतियोगिता में पिछले दशकों में भारत की प्रगति के बारे में उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया, जिससे समावेश और पहुंच सुनिश्चित हुई।

दूसरे चरण के तहत, विकसित भारत निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहराई से विचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। पेश किये गये दो लाख से अधिक निबंधों में विकास के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, सतत विकास को अपनाने, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने जैसे दस विषयगत क्षेत्रों पर विचार प्रस्तुत किये गये। विशेषज्ञ पैनल द्वारा मूल्यांकित इन निबंधों ने हमारे युवाओं की रचनात्मकता, विश्लेषणात्मक सोच और मौलिकता के बारे में गहन जानकारी प्रदान की।

अंतिम चरण के अंतर्गत, विकसित भारत विजन डेक प्रतियोगिता में शीर्ष प्रतिभागी राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में शामिल हुए। यहां, युवा नेताओं ने क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञों और नेतृत्व मध्यस्थों के पैनल के सामने अभिनव विचार प्रस्तुत किये। इस चरण में जमीनी स्तर के दृष्टिकोण और क्षेत्रीय विविधता पर जोर दिया गया, जिससे युवा भारतीयों की स्थानीय रूप से कार्य करते हुए वैश्विक स्तर पर सोचने की क्षमता का प्रदर्शन हुआ। इन चरणों के माध्यम से पूरी हुई यात्रा को सुदृढ़ता और दृढ़ संकल्प की प्रेरक कहानियों से रेखांकित किया जा सकता है। पूर्वोत्तर की पहाड़ियों तथा राजस्थान और गुजरात के गांवों से लेकर तमिलनाडु के तटीय शहरों तक, हमने युवा नेताओं को सामाजिक बाधाओं, लॉजिस्टिक्स चुनौतियों और व्यक्तिगत कठिनाइयों को पार करते हुए विकसित भारत का अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करते देखा - एक ऐसा भारत, जिसकी वे कल्पना करते हैं।

**भव्य संवाद : एक ऐतिहासिक समागम**

विकसित भारत युवा नेता संवाद 10 जनवरी, 2025 को आधिकारिक तौर पर भारत मंडपम, नयी दिल्ली में शुरू होगा, जिसमें 3,000 प्रतिभागी एक ऐतिहासिक समागम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक से 1,500 प्रतिभागी शामिल होंगे, जो राज्य चैंपियनशिप की शीर्ष 500 टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे, पारंपरिक ट्रैक से 1,000 प्रतिभागी भाग लेंगे, जो राज्य स्तरीय युवा महोत्सवों से चयनित प्रदर्शनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करेंगे और 500 पथप्रदर्शक शामिल होंगे, जो विषयगत ट्रैक पर अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए चुने गये हैं। प्रतिभागी सांस्कृतिक और विषयगत प्रस्तुतियों, प्रतियोगिताओं तथा प्रधानमंत्री संग्रहालय और राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जैसे प्रतिष्ठित स्थलों की यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों और सांसदों के साथ एक विशेष रात्रिभोज, अनौपचारिक संवाद के लिए एक दुर्लभ मंच प्रदान करेगा, जो युवाओं की आकांक्षाओं को नीति निर्माण अंतर्दृष्टि के साथ जोड़ेगा।

11 जनवरी को एक भव्य उद्घाटन सत्र के साथ संवाद की शुरुआत होगी, जिसमें राष्ट्रीय प्रतीक, वैचारिक नेता और नवोन्मेषक भाग लेंगे। यह उच्च-स्तरीय चर्चा दस महत्वपूर्ण विषयों पर विषयगत विचार-विमर्श के लिए मंच तैयार करेगी, जिसका नेतृत्व सलाहकार और क्षेत्र (डोमेन) विशेषज्ञ करेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, विकसित भारत के रंग के साथ संध्या बेला जीवंत हो उठेगी, जिसमें भारत की कलात्मक विरासत को प्रदर्शित किया जायेगा और यह हमारे युवाओं की असीम क्षमता का भी प्रतीक होगा। यह दिन बौद्धिक विमर्श और सांस्कृतिक उत्सव के बीच एक आदर्श संतुलन बनाता है, जो प्रतिभागियों को बड़े सपने देखने और निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा।

**राष्ट्रीय युवा दिवस: विकसित भारत के लिए एक विजन :** स्वामी विवेकानंद की जयंती और युवा सशक्तिकरण की उनकी चिरस्थायी विरासत का सम्मान करने के लिए 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह आयोजन का अंतिम दिन होगा, जो प्रत्येक प्रतिभागी के लिए एक निर्णायक क्षण साबित होगा। विषयगत ट्रैक से शीर्ष दस विचार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष प्रस्तुत किये जायेंगे, जो नवोन्मेषी युवाओं को आगे बढ़ने के लिए एक प्रेरक मंच प्रदान करेगा।

यह संवाद शासन और निर्णय लेने में युवाओं को शामिल करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता पर जोर देता है। इसके बाद, प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री और अन्य प्रतिष्ठित नेताओं के साथ दोपहर के भोजन पर बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इससे सार्थक बातचीत को बढ़ावा मिलेगा, युवाओं को यादगार पलों को संजोने का मौका मिलेगा और उनमें सशक्तिकरण की भावना का विकास होगा।

इस दिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एक भव्य पूर्ण सत्र का भी आयोजन होगा। यह सत्र विकसित भारत को आकार देने में भारत के युवाओं की परिवर्तनकारी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। इस सत्र के जरिये प्रतिभागियों को बदलाव के उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए सशक्त और प्रेरित किया जायेगा।

विकसित भारत युवा नेता संवाद अपने पैमाने, समावेशिता और प्रभाव को दर्शाता है। इसकी पारदर्शी चयन प्रक्रिया से लेकर कार्रवाई योग्य विचारों पर इसके विशेष ध्यान तक, यह पहल युवा सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण प्रस्तुत करती है। नवोन्मेषी विचारों के लिए एक मंच प्रदान करने तथा राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर के अग्रणी व्यक्तियों के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सीधे संवाद करने के माध्यम से यह संवाद कार्यक्रम शासन में युवाओं की भागीदारी के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है।

**(लेखक : केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

## विराट कोहली ने प्रेमानंदजी से पूछा- असफलता से कैसे निकलें
# प्रेमानंद बोले- अभ्यास जारी रखें, जीत निश्चित

**अनुष्का शर्मा और विराट कोहली अपने बच्चों के साथ मथुरा के वृंदावन पहुंचे थे**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मथुरा।** विराट कोहली, पत्नी अनुष्का शर्मा और दोनों बच्चों के साथ शुक्रवार को मथुरा के प्रेमानंद महाराज के आश्रम पहुंचे। यहां करीब आधे घंटे तक आध्यात्मिक चर्चा की। अनुष्का ने प्रेमानंद महाराज से भक्ति के लिए आशीर्वाद मांगा। इससे पहले 4 जनवरी, 2023 को दोनों प्रेमानंद महाराज से मिलने पहुंचे थे।

बातचीत के दौरान विराट ने पूछा, 'असफलता से कैसे निकलें। महाराज ने जवाब में कहा, 'अभ्यास जारी रखें, जीत निश्चित है। अपने अभ्यास को निरंतर और नियंत्रण में रखते हुए आगे बढ़ें। जैसे मेरे लिए नाम जप एक साधना है, वैसे ही विराट के लिए क्रिकेट ही साधना है। बस बीच-बीच में भगवान का नाम लेते रहें।'

उन्होंने कहा, 'विजय के लिए दो चीजों की आवश्यकता होती है। एक अभ्यास और दूसरा प्रारब्ध। यदि प्रारब्ध नहीं है, सिर्फ अभ्यास है, तब जीत मुश्किल हो जाती है। इसके लिए प्रभु के ज्ञान के साथ-साथ उनका नाम जपना आवश्यक है।'

प्रेमानंद महाराज ने विराट से पूछा- ठीक हो आप, मन प्रसन्न है।

अनुष्का ने पूछा- पिछली बार जब हम आए थे तो मन में कुछ सवाल थे, लेकिन मैं पूछ नहीं पाई। मैं आपसे मन ही मन बात कर रही थी। मेरे मन में जो सवाल थे, उसे कोई न कोई पूछ लेता था।

प्रेमानंद महाराज बोले- श्रीजी वो व्यवस्था कर देती हैं। सबसे बड़ी बात, हम साधना देकर लोगों को प्रसन्नता दे रहे हैं। और ये पूरे भारत को प्रसन्नता एक खेल में देते हैं।

अगर ये विजयी हुए तो हमारे पूरे भारत में पटाखे छूटते हैं। पूरे भारत में आनंद मनाया जाता है। क्या ये इनकी साधना नहीं है? ये भी तो उनकी साधना है। इनके साथ पूरा भारत जुड़ा हुआ है। अगर ये विजयी हुए तो बच्चा-बच्चा आनंदित हो जाता है, तो ये भी एक साधना है।

विराट ने पूछा- असफलता में हमें कैसे रहना है?

महाराज बोले- उस समय हमको भगवान का चिंतन करते हुए धैर्य रखना है। ये बड़ा कठिन है। असफलता में कोई धैर्यपूर्वक मुस्कुरा के निकल जाए, ये बहुत बड़ी बात होती है। असफलता हमेशा नहीं रहेगी। दिन है तो रात आएगी, रात है तो दिन आएगा। हमको धैर्यपूर्वक भगवान का स्मरण करना चाहिए। पर यह बहुत कठिन है, क्योंकि जो सम्मान सफलता में मिलता है वो असफलता में नहीं मिलता।

अनुष्का बोलीं- मुझे प्रेम भक्ति दे दो आप बस।

महाराज बोले- हमें लगता है भक्ति का आप पर विशेष प्रभाव पड़ेगा। भक्ति के ऊपर कुछ नहीं है।

विराट-अनुष्का ने अपना कार्यक्रम बेहद गोपनीय रखा। वह शुक्रवार तड़के संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम केली कुंज पहुंचे। यहां दोनों अपने चेहरे पर मास्क लगाए हुए थे। इस दौरान उनके साथ दोनों बच्चे भी थे।

# आरजेडी विधायक से जुड़े 18 ठिकानों पर इडी की छापेमारी

**बिहार समेत 4 राज्यों में ली जा रही तलाशी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** इडी ने शुक्रवार को करोड़ों रुपये के बैंक धोखाधड़ी मामले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता और बिहार के पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता से जुड़े 18 स्थानों पर छापेमारी की। वैशाली शहरी विकास सहकारी बैंक लिमिटेड से जुड़े 85 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी के संबंध में बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में इडी की तरफ से छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि जिन ठिकानों पर छापामारी की जा रही है, उनमें आरजेडी विधायक और पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता से संबद्ध परिसर भी शामिल हैं। आलोक मेहता बिहार स्थित वैशाली शहरी विकास (वीएसवी) सहकारी बैंक के प्रमोटर हैं। उन्होंने बताया कि राज्य पुलिस द्वारा बैंक और उसके पदाधिकारियों के खिलाफ करीब 85 करोड़ रुपये के कथित गबन और धन शोधन से जुड़े इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।

**इडी का है ये आरोप :** इडी अधिकारियों के अनुसार, यह धोखाधड़ी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर किया गया थी। इसमें जाली गोदाम और एलआइसी की रसीदें भी शामिल थीं। एक अधिकारी ने बताया कि जांच में बैंक कर्मचारियों और निजी व्यक्तियों की कथित संलिप्तता का पता चला, जिन्होंने आलोक कुमार मेहता और उनके सहयोगियों के साथ मिल कर अपराध की आय को हड़पने की साजिश रची। माना जाता है कि इन व्यक्तियों ने धोखाधड़ी को बढ़ावा देने और गलत तरीके से प्राप्त धन से लाभ उठाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। इडी की तलाशी का उद्देश्य अतिरिक्त सबूत उजागर करना और अवैध धन पर नजर रखना है।



**उजियारपुर से विधायक हैं आलोक मेहता**

**आलोक मेहता बिहार की उजियारपुर सीट से विधायक हैं और लालू प्रसाद के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता हैं। वे इससे पहले राज्य में राजस्व और भूमि सुधार मंत्री रह चुके हैं। उन्हें लालू परिवार का करीबी माना जाता है।**

# अमृत भारत ट्रेन-2.0 में 12 बड़े बदलाव : रेल मंत्री

## 10 हजार इंजनों में कवच लगाया, जम्मू-श्रीनगर रेल लिंक प्रोजेक्ट सपना सच होने जैसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चेन्नई।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को बताया कि अमृत भारत ट्रेनों के दूसरे वर्जन में 12 बड़े बदलाव किये गये हैं। इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ) अगले दो सालों में ऐसी 50 ट्रेनें बनायेगी। वैष्णव ने चेन्नई में आइसीएफ के निरीक्षण के दौरान ये बात कही। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल अमृत भारत ट्रेन का पहला वर्जन लॉन्च किया था। पिछले एक साल के अनुभव के आधार पर इसमें कई सुधार किए गए हैं। इसे सबसे गरीब लोगों को भी आरामदायक सफर का अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि सेमी-ऑटोमैटिक कपल, मॉड्यूलर टॉयलेट, चेयर पिलर और पार्टिशन, इमरजेंसी टॉक बैक फीचर, इमरजेंसी ब्रेक सिस्टम, वंदे भारत ट्रेनों की तरह लाइटिंग सिस्टम, नये एर्गोनॉमिक डिजाइन वाली सीटें और बर्थ में सुधार किया गया है। पेंट्री कार का डिजाइन भी नया है।

अमृत भारत ट्रेन में 8 जनरल कोच, 12 थ्री-टियर स्लीपर कोच और 2 गॉर्ड कंपार्टमेंट समेत कुल 22 कोच होंगे। इनका निर्माण चेन्नई में इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया गया है।

एक अन्य सवाल पर वैष्णव ने कहा कि राज्य सरकार को अपना सहयोग देना चाहिए क्योंकि मंत्रालय को जमीन आवंटन एक बड़ा मुद्दा रहा है। हमें जमीन अधिग्रहण में राज्य सरकार के सहयोग की जरूरत है।

हमें तय करना चाहिए कि लोगों की सुविधाएं राजनीति से ऊपर हों। लोगों का वेलफेयर पहले देखा जाना चाहिए। तमिलनाडु के लोग बेहतर सुविधाएं चाहते हैं और भारत सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। अगर केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम करें तो लोगों को बेहतर सुविधाएं दे सकते हैं।

# एचएमपीवी वायरस के देश में 14 केस

**गुजरात में सबसे ज्यादा 4 केस एक्टिव**

**राजस्थान में 6 महीने की बच्ची पॉजिटिव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** कोरोना वायरस जैसे ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के देश में कुल 14 मामले हो गये हैं। सबसे ज्यादा 4 मामले गुजरात में हैं। शुक्रवार को राजस्थान और गुजरात में एक-एक केस मिला। बारां में एक 6 महीने की बच्ची एचएमपीवी से संक्रमित हुई हैं। वहीं अहमदाबाद में 9 महीने का बच्चा एचएमपीवी पॉजिटिव आया।

इससे पहले गुरुवार को 3 केस मिले थे। इनमें लखनऊ में 60 साल की महिला, गुजरात के अहमदाबाद में 80 साल का बुजुर्ग और हिम्मतनगर में 7 साल का बच्चा शामिल है। तीनों का इलाज चल रहा है।

एचएमपीवी केस बढ़ने पर अब राज्यों ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। इधर गुजरात में अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं। हरियाणा में भी स्वास्थ्य विभाग को एचएमपीवी केसेस पर निगरानी रखने के आदेश दिये गये हैं।

**छोटे बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित**

एचएमपीवी संक्रमित होने पर मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है। इनमें 2 साल से कम उम्र के बच्चे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। केंद्र ने राज्यों को 'इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस' और 'सीवर एक्यूट रेस्पिरेट्री इश्यूज' जैसी सांस की बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और एचएमपीवी के बारे में जागरूकता फैलाने की सलाह दी है।

# पुत्री के हत्यारे को शीघ्र पकड़ने की लगायी गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** पिछले दिनों प्रखंड के पचाडूमर पंचायत स्थित बिजडीह ग्राम में वाल्मीकि ठाकुर की 17 वर्षीय पुत्री तीजरानी कुमारी का शव उसी गांव के उमेश चौरसिया के घर के बगल में एक कुआं में पाया गया था। लड़की के पिता ने बताया कि हम उड़ीसा में मजदूरी करने गए हुए थे। 7 जनवरी को मेरे घर के लोगों ने फोन करके बताया कि पुत्री का शव एक कुआं में पड़ा है। किसी ने हत्या कर के कुआं में डाल दिया है। मैं खबर सुनकर गाड़ी पकड़ कर घर आ गया। दूसरे दिन शव को पोस्टमार्टम होने के बाद हम लोगों ने अपने परिवार और आस पास के लोगों के सहयोग से शव को दाह संस्कार किया। मृतिका के पिता वाल्मीकि ठाकुर ने थाना में आवेदन देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाया है। उन्होंने कहा की मेरी पुत्री कुछ दिन से काफी तनाव में रहती थी। घर वालों ने जब पूछा तो लड़की ने बतायी थी की उसी गांव के नीतीश कुमार चौरसिया पिता उमेश चौरसिया काफी तंग और परेशान कर रहा था। इस बात की जानकारी होने के बाद अपने घर परिवार के लोग उसके घर पर जाकर समझाएं बुझाये भी थे। मृतका के पिता ने संदेह जाहिर किया है कि नीतीश कुमार चौरसिया ने मेरी बेटी की हत्या करके कुआं में डाला है। इधर थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मृतका के पिता के द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है, जिसके आलोक में केस दर्ज कर लिया गया है, अनुसंधान जारी है।

# मिनी फैक्ट्री से 30 लाख का नकली कीटनाशक बरामद

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना पुलिस ने शुक्रवार को नकली कीटनाशक दवा बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बस स्टैंड के बगल कर्बला रोड में एक घर से पुलिस ने करीब 30 लाख का नकली कीटनाशक दवा लिथल क्लॉरपाईरीफॉर्म 20% इसी बरामद किया है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा को जानकारी मिली थी कि मेराल के एक घर में बड़े पैमाने पर नकली किटनाशक दवा तैयार कर बेचा और आपूर्ति किया जा रहा है। इसी आलोक में छापामारी कर गीता देवी पति स्वर्गीय संजय कुमार के घर से रेपर एवं तैयार नकली दवा जप्त किया गया है। कंपनी के जांच कर्ता प्रमुख रंजीत कुमार सिंह एवं सहयोगी गोपाल कुमार झा ने नकली दवा में प्रिंट किया गया दवा का किमत लगभग तीस लाख रुपए बताया। बरामद किए गए दवा में इंसेक्टी साइड कंपनी का नकली लेबल लगा 500 एमएल का 1208 पीस लीथल, एमएल का 4510 पीस स्टीकर, 2820 पीस सुपर 505 पीस में 250 एमएल भरा हुआ नकली लीथल, सुपर 505 का 250 एमएल में 4520 पीस स्टीकर के साथ एक पीस केमिकल बरामद किया गया है।

**कंपनी के सूचना पर की गयी कार्रवाई : थाना प्रभारी**

थाना प्रभारी ने कहा कि इन्सेक्टीसीड इंडिया कंपनी लिमिटेड के प्रमुख जांच कर्ता रंजीत कुमार सिंह के लिखित आवेदन पर मेराल थाना में प्राथमिकी दर्ज करते हुए सभी बिन्दुओं पर मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

**मनरेगा में किया जाता है नकली दावों का सप्लाई : ग्रामीण**

नकली दबा के मिनी फैक्ट्री का उद्वेदन होने के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि यह नकली दवा मनरेगा के बीरसा हरित बागवानी योजना में सप्लाई किया जाता है इसमें सरकारी कर्मी भी संलिप्त हैं, जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए।

## धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना का चयन आज

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम-खुरा में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के तहत योजनाओं के चयन हेतु 11 जनवरी 2025 को ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। इस ग्राम सभा में आदिवासी समुदाय के लोगों के लिए विभिन्न विकास योजनाओं का चयन सर्वसम्मति से किया जाना है। जैसे - आवास,रोड से रोड संपर्क योजना,बड़ा जल मिनार जिससे 50 घर को टेप वाटर मिल सके, विद्युत मीटर कनेक्शन, एलपीजी गैस कनेक्शन, नया आंगनबाड़ी केंद्र एवं पशुपालन आदि योजनाओं से आच्छादित किया जायेगा जिसमें अधिकाधिक संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति अनिवार्य है। उक्त जानकारी कंचनपुर पंचायत सचिव शोभा मिश्रा ने दी।

## अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक



**मेराल (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में गुरुवार को अस्पताल प्रबंधन समिति एवं मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने की। बैठक में मरीजों के लिए मूलभूत सुविधा, जीवन रक्षक दवाओं और सीएचसी के साथ-साथ पीएचसी के रख रखाव शौचालय आदि की स्थिति पर चर्चा हुई। अद्यतन स्थिति पर चर्चा के बाद सर्वसम्मति से उपकेंद्रों में शौचालय, बेडरूम एवं अन्य सामग्रियों की मरम्मती करने के लिए स्वीकृति दी गयी। प्रखंड प्रमुख ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के साथ सभी स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर स्वास्थ्य सुविधा अच्छी तरीके से सुदृढ़ करने की बात कही। बैठक में उप प्रमुख निजामुद्दीन खां, मुखिया रामसागर महतो, चिकित्सा प्रभारी डॉ वीरेंद्र कुमार, डॉ दीपक कुमार सिन्हा, डॉ अनिल साह, डॉ मृदुल कुमार, लेखा प्रबंधक दीपेश तिवारी, डॉ शशांक कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सीएफएल कार्यकर्ताओं को दिया गया क्षमता वर्धन प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेराल।** सीएफएल प्रधान कार्यालय में शुक्रवार को संस्था अग्रगति इंडिया द्वारा एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे पांच सीएफएल से दस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक बैंकिंग सुविधा, बचत करने, नोट वापसी नियमावली 2009 (यथा संशोधित नियमावली 2018) के आधार पर कटे फटे पुराने नोट बदले जाने के साथ-साथ बैंकिंग सुविधा में खाता धारकों को किसी प्रकार की असुविधा या बैंक कर्मी द्वारा ससमय कार्य नहीं करने पर लोकपाल के पास टॉल फ्री नंबर 14448 पर कॉल कर शिकायत करने से समस्या का समाधान तुरंत किया जाएगा। साथ ही साइबर अपराधियों द्वारा नये-नये साइबर क्राइम किए जा रहे हैं जैसे सगे-संबधियों को गिरफ्तारी होने के नाम पर, घर बैठे लोन दिलाने के नाम पर, अपने आप को जज, पुलिस प्रशासन, बैंक कर्मी आदि बताकर भोले भाले ग्रामीणों से ठगी कर आर्थिक रूप से कमजोर करने का कार्य किया जा रहा है। इस पर विशेष रूप से जागरूक करने की आवश्यकता है। साथ ही साइबर फ्रॉड के तौर-तरीके एवं इससे बचने के उपाय के साथ-साथ डिजिटल लेन-देन करने की भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से एसबीआई बैंक के एलडीएम सत्यदेव कुमार रंजन, नाबार्ड के डीडीएम दीपक कुमार, एसबीआई के फाइनेंशियल काउंसलर निरंजन तिवारी, मास्टर ट्रेनर डॉ. पीयूष कांति घोस, जिला समन्वयक श्याम सुन्दर महतो, रूपेश कुमार ठाकुर, सीएफएल कार्यकर्ता गुरूदेव विश्वकर्मा, अंजू कुमारी, जनार्दन प्रसाद यादव, ऐसून खातून, वीरेंद्र ठाकुर, नेहा चौरसिया, प्रतिमा देवी, रविन्द्र प्रसाद, देवकांत कुमार, सुजीत कुमार शामिल थे।

## तीन बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर घायल

**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** बड़गड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत भंडरिया टेहरी मुख्य मार्ग पर बाड़ी खजुरी गांव में तेज रफ्तार तीन मोटरसाइकिल आपस में भिड़े जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दुर्घटना में मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 30 एफ 5224, सीजी 15 डीएम 1425 तथा सीजी 30 बी 9144 बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। दुर्घटना में घायल बोडरी गांव निवासी मटेरन बाखला का पुत्र अमलेश बाखला, ग्राम जरीयों थाना चांदों बलरामपुर निवासी पुशनाथ नगेशिया पिता राधा गणेश नगेशिया को घायलावस्था में बड़गड़ थाना पुलिस द्वारा इलाज हेतु भेजने की तैयारी की जा रही थी। घटना की सूचना पर बड़गड़ थाना पुलिस रामसिंह गगराई के नेतृत्व में मौकै पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू करते हुए तीनों दुर्घटना ग्रस्त मोटरसाइकिल को जब्त कर थाने ले आयी।

# कनीय अभियंता पर युवती ने यौन शोषण का लगाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बरडीहा प्रखंड में कनीय अभियंता के पद पर कार्यरत छोटन रजवार पर एक युवती ने यौन शोषण किए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में युवती द्वारा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। एसपी को दिए आवेदन में युवती ने लिखा है कि छोटन विगत दो वर्षो से शादी का झांसा देकर यौन शोषण करता रहा है। दो बार वह गर्भवती भी हुई मगर दवा खिलाकर गर्भ को गिरा दिया। अब जब वह शादी करने की बात कह रही है तो उसने इससे इंकार कर दिया है। युवती न्याय की गुहार लगाते हुए थाना से लेकर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का चक्कर काट रही है। मगर अभी तक उसे न्याय नहीं मिल सका है। युवती ने बताया कि छोटन शादी के लिए तैयार भी होता है तो नौकरी हो जाने के कारण उसे घमंड हो गया है तथा उसका कहना है कि गरीब परिवार की लड़की से शादी करके उसे दहेज नहीं मिलेगा। किसी पैसे वाले परिवार की लड़की से शादी करेंगे तो दहेज में बड़ी राशि मिलेगी। उसके एक झोलाछाप चिकित्सक भाई भी शादी में अडंगा डाल रहा है। छोटन रजवार मझिआंव थाना क्षेत्र के गरवरवा गांव का रहने वाला है तथा प्रधानमंत्री आवास को दिलाने आदि के बहाने लगातार मेरे घर आता जाता रहता था। इसी दौरान उसने मेरे साथ शादी का झांसा दिया तथा मेरे साथ लगातार दो वर्ष तक यौन शोषण करता रहा। अब जब शादी के लिए बोलती हूं तो पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी देता है।

## 50 श्रद्धालुओं का जत्था गंगासागर और अन्य तीर्थ स्थलों के लिए रवाना



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के नेनुआ मोड से गुरुवार को 50 श्रद्धालुओं का जत्था सुरक्षित बस से गंगासागर सहित अन्य तीर्थ धामों के लिए रवाना हुए। वीरेंद्र महतो के नेतृत्व में निकले इस जत्थे को विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन ने महावीरी झंडा दिखाकर रवाना किया। रवानगी से पहले वीरेंद्र महतो एवं अन्य तीर्थ यात्रियों द्वारा ग्राम देवता सहित अन्य देवी देवताओं का पूजन किया गया। इस अवसर पर डॉ लालमोहन ने सभी को मंगलमय तीर्थ यात्रा के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि ईश्वर सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि विगत कई वर्षों से वीरेंद्र महतो के द्वारा साल में दो बार लोगों को तीर्थ यात्रा का भ्रमण करते रहते हैं। वीरेंद्र महतो ने बताया की इस बार यात्रियों को बैजनाथ धाम, बासुकीनाथ, तारापीठ, कोलकाता के काली मंदिर के दर्शन करते हुए मकर संक्रांति को गंगासागर में स्नान के बाद अन्य मंदिर में दर्शन करवाए जायेंगे। तीर्थ धामों की यात्रा के दौरान भोजन आदि की सामूहिक व्यवस्था करायी जायेगी।

## आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर का वितरण



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर आंगनवाड़ी केन्द्र में 30 बच्चो के बीच स्वेटर मुखिया मूंगा साह एवं बलिगढ़ पंचायत के दासीपुर आंगनवाड़ी केन्द्र मे 40 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता एवं ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुखिया मूंगा साह ने कहा की सरकार की बहुत अच्छी पहल है जो मौसम को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों को ठंड के मौसम में स्वेटर दिया जा रहा है। बच्चों को एक जैसा स्वेटर पहन कर आएंगे तो उनमें समानता का भाव उत्पन्न होगा। मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता ने सभी बच्चों को प्रतिदिन स्वेटर पहनाकर भेजने लिए उनके अभिभावक से अपील किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेविका अणु देवी, सहायिका गीता देवी, ग्राम स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता, दीपक वर्मा, दीपू कुमार गुप्ता, विशाल कुमार, प्रहलाद बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# अरसली उत्तरी पंचायत में मुखिया ने किया कंबल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** अरसली उत्तरी पंचायत में शुक्रवार को लगभग डेढ़ सौ कंबल का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया पति पिंटू आलम और समाजसेवी तासबीन अंसारी ने संयुक्त रूप से पंचायत के विभिन्न वार्डों में रहने वाले गरीब, बेसहारों और कमजोर वर्ग के महिला-पुरुषों के बीच कंबल वितरित किए। मुखिया पति पिंटू आलम ने बताया कि राज्य सरकार से प्राप्त कंबल का वितरण ठंड और शीतलहर से बचाव के लिए किया जा रहा है, ताकि गरीब और असहाय लोग इस कड़ाके की ठंड से सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं और प्रशासन हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए तत्पर है।इस मौके परबचवा देवी, जमुनवा देवी, रंजनी देवी, अनरवा देवी, मूंगा कुंवर, ठेगू राम सहित पंचायत के कई ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## रमकंडा में जंगली बिल्ली प्रजाति के नवजात का शव मिला



**रमकंडा (आजाद सिपाही)।** रमकंडा प्रखंड के बैरिया जंगल में एक जंगली जानवर के नवजात बच्चे का शव मिला है। मवेशी चराने गये चरवाहों की सूचना पर वनकर्मियों ने मामले की जांच की। वहीं मृत नवजात को कब्जे में लेकर इसकी पहचान के लिए भंडरिया वन परिसर ले गये। जानकारी के अनुसार चरवाहों की सूचना पर उक्त जंगली जानवर के नवजात को देखने के लिये ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। वहीं ग्रामीण उसे तेंदुआ का मृत बच्चा समझकर उसे गांव ले आये। जिसके बाद वनकर्मियों ने कब्जे में ले लिया।

# मानक के अनुरूप सड़क निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों में उबाल, काम रोका

**संवेदक अपनी पुरानी कार्यसंस्कृति को बदलेंः विनोद चंद्रवंशी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत बूढ़वा आहर से बिदं टोला होते हुए हाईवा सड़क तक बन रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य में अनियमितत्ता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया। गांव में घटिया सड़क निर्माण होने से ग्रामीणों में उबाल है। ग्रामीणों ने कहा कि संवदेक के द्वारा सड़क निर्माण कार्य में घटिया सामाग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ से पीसीसी सड़क का ढ़लाई हो रहा है, तो दूसरी तरफ से सड़क टूटते जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में संवेदक की ओर से मानक के अनुरूप सामाग्री का प्रयोग भी बिलकुल ही नही किया जा रहा है। कल्याणपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा नेता विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि संवेदकों को अपनी पुरानी कार्यसंस्कृति को बदलनी होगी। भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के रहते अब संवेदक और विभागीय अभियंताओं की साठगांठ नही चलने दिया जाएगा। कोई भी विकास कार्य जनता के पैसा से होता है। जहां भी मानक और प्राक्कलन के अनुरूप सड़क सहित अन्य विकाय कार्य नही होगा, वैसे सभी कार्यो को रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब संवेदकों और अभियंताओं को किसी भी परिस्थिति में लूट की छूट नही दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कल्याणपुर में हो रहे पीसीसी सड़क निर्माण कार्य से पहले जेएसबी का बिछाई कार्य भी मानक के अनुरूप नही किया गया है। सड़क में कही तीन फीट और छह फीट का ही भरावट किया गया है। इस तरह के कार्य होने से सड़क की मजबूती पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक गुणवतापूर्ण सड़क का निर्माण कार्य नही होगा, तब तक निर्माण कार्य नही होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्ष के दौरान पूर्व मंत्री के कार्यकाल में संवेदकों और अभियंताओं को विकास के नाम पर खुली लूट की छूट मिली थी। अब वर्तमान विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के कार्यकाल में विकास योजनाओं में पूरी तरह से पारदर्शिता बरती जायेगी।

## मुखिया ने बंद पड़े जलमीनार को कराया चालू

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत रंकाकला पंचायत के मुखिया रणजीत सोनी ने बोईला गांव स्थित सालों से बंद पड़े जल मिनार को चालू कराया। बंद जल मिनार को चालू हो जाने से ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया रणजीत सोनी ने जल मिनार चालू कराकर बहुत सराहनीय कार्य किया है।जल मिनार खराब हो जाने से लोगों को पानी के लिए दूर जाना पड़ता था और काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। इस मौके पर ग्रामीण उपस्थित थे।

# धान खरीद में जारी गाइडलाइन का अनुपालन करे पैक्स : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के किसानों द्वारा उत्पादित धान की खरीद पैक्स द्वारा किये जाने का सत्यापन करने को लेकर जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर के आदेश पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी-सह-जिला प्रबंधक रामगोपाल पाण्डेय तथा जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी रामपुर पैक्स पहुंचे। इस दौरान उन्होंने धान खरीद की अद्यतन स्थिति, राइस मिलों को भेजे गये धान की मात्रा, किसानों को भुगतान आदि बिन्दुओं का सत्यापन किया।

पदाधिकारियों ने रामपुर पैक्स का स्थलीय निरीक्षण कर वहां रखे धान का भौतिक सत्यापन किया गया। सत्यापन के क्रम में पाया गया कि इनके द्वारा 5375 क्विंटल धान की खरीदारी की गई, जबकि उनके भंडारण की क्षमता 1000 क्विंटल है। इनके द्वारा 5375 क्विंटल में से 426.47 क्विंटल धान मिलर को भेज दिया गया है, शेष बचे 4948.53 क्विंटल धान में से करीब 2698.53 क्विंटल धान तीनों गोदाम में उपलब्ध पाया गया। जबकि निरीक्षण के दौरान करीब 2250 क्विंटल धान नहीं पाया गया और न ही इस संबंध में पूछने पर तत्काल कोई स्पष्ट जानकारी ही दी गई। इस मामले को संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताते हुए रामपुर पैक्स से स्पष्टीकरण की मांग की है। स्पष्टीकरण का संतोषजनक जवाब नहीं पाये जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिला आपूर्ति पदाधिकारी को दिया है। उपायुक्त ने जिले के सभी पैक्स संचालकों को धान की खरीद में विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि धान की खरीद में विभागीय आदेश की अवहेलना करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। भौतिक सत्यापन के क्रम में किसानों से धान की खरीद के एवज में उनके भुगतान के बाबत भी जानकारी ली। पैक्स अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि किसानों का भुगतान ऑनलाइन प्रक्रिया से किया जा रहा है।

## स्वास्थ्य केंद्र में मासिक बैठक का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर के प्रांगण में शुक्रवार को मासिक बैठक का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में किया गया। बैठक में टीकाकरण, सुरक्षित मातृत्व प्रसव, महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी इत्यादि पर चर्चा की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सभी सीएचओ को अपने अपने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रहकर कार्य करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक रोहित सिंह, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, डाटा प्रबंधक अनूप कुमार, बीटीटी अनुज कुमार के अलावे सभी सीएचओ एवं सहिया साथी उपस्थित मौजूद थे।

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण आरंभ



**रमना (आजाद सिपाही)।** पंचायती राज विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल प्रखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुरूआत प्रमुख करुणा सोनी, बीडीओ विकास पांडे, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, 20सूत्री उपाध्यक्ष मंसूर अंसारी ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस अवसर पर प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से ग्राम को विकास करने को लेकर विस्तार से प्रशिक्षक के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दिया जाएगा। कहा कि सहजकर्ता दल की समुचित भागीदारी के बाद ही गांव का विकास संभव है। बीडीओ विकास पाण्डेय ने कहा कि पंचायती राज विभाग द्वारा गांव का समुचित विकास को कैसे हो इसे लेकर सहजकर्ता दल को प्रशिक्षण दिया जाता रहा है। कार्यक्रम को सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार,मंसूर अंसारी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। वहीं प्रशिक्षक अरुण कुमार पांडेय,कुमार अनूप,सुरेंद्र दुबे,मुखिया मुख्य प्रशिक्षक अजीज अंसारी,प्रखंड समन्वयक विक्रांत कुमार सहित प्रखंड के वार्ड सदस्य,कृषि मित्र,पंचायत सहायक सहित कई लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# अफीम की अवैध खेती को नष्ट करने को लेकर गृह सचिव और डीजीपी ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** झारखंड सरकार की गृह सचिव वंदना दाडेल और पुलिस महानिदेशक झारखंड अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को बुंडू अनुमंडल कार्यालय के सभागार में खूंटी और रांची जिला के सभी विभाग के पदाधिकारियों के साथ अफीम की खेती को नष्ट करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में गृह सचिव और डीजीपी ने जिला के डीसी और एसपी एसडीएम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सभी थाना के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अफीम की खेती को रोकने के लिए सभी विभाग के पदाधिकारियों में आपसी संबंध स्थापित कर जीरो टॉलरेंस के नीति पर काम करने का सख़्त निर्देश दिया। इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारी के साथ अफीम की खेती से संबंधित और तस्करी से प्रभावित थाना पर हुए कांड की भी समीक्षा की गयी। गृह सचिव और डीजीपी ने राज्य में आठ जिलों पर बढ़ती अफीम की खेती पर चिंता प्रकट करते हुए कठोर कदम उठाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया। विशेष कर बुंडू अनुमंडल क्षेत्र और खूंटी जिला के सभी थाना क्षेत्र में बढ़ते अफीम खेती पर कठोर कार्रवाई और जमीन मालिक रैयत पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दी कि यदि पुलिस अधिकारी अफीम खेती में तस्करों के साथ मिलीभगत पाये जाने पर उसे नौकरी से बर्खास्त किया जायेगा। साथ ही उसे जेल भी भेजा जायेगा। कहा कि प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में नशा कारोबारी पर 3500 से अधिक मामले दर्ज हैं। गृह सचिव ने पदाधिकारियों को कहा कि आम जनता को जागरूकता करें और किसानों एवं ग्रामीणों को अन्य खेती पर आय के स्त्रोत के बारे में जागरूकता करने की अपील किया।

मौके पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा, जोनल आइजी अखिलेश कुमार, सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज, आइजी एम होमकर रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री, खूंटी डीसी लोकेश मिश्रा, रांची सिटी एसपी जया राय, रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, खूंटी एसपी अमन कुमार, बुंडू एसडीएम किस्टो कुमार बेसरा, बुंडू डीएसपी ओमप्रकाश, कार्यपालक दंडाधिकारी अंजली मेहता, एलआरडीसी छवि बाला बारला के अलावे सोनाहातू बुंडू राहे तमाड़ थाना के थानेदार बीडीओ सीओ थाना प्रभारी दशम फॉल थाना के प्रभारी के अलावा खूंटी जिला के सभी प्रखंड के बीडीओ सीओ थानेदार बैठक में उपस्थित हुए।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के छात्र छात्राओं के दल ने किया शैक्षिक भ्रमण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में छात्र-छात्राओं का समूह एक दिवसीय भ्रमण में बिरसा मुंडा जैविक उद्यान ओरमांझी, मछली घर, म्यूजियम, रातू फन कैसल का परिभ्रमण कराया गया। शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और भाईचारे की भावना का विकास करना है। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने कहा कि बच्चों को देशाटन, पर्यटन करने की बहुत जरूरत है इससे उनके शारीरिक, मानसिक और बौधिक रूप से स्वास्थ्य का संतुलन होने के साथ सर्वांगिण विकास होता है। इस भ्रमण में विद्यालय के शिक्षक मनोरंजन ओझा, मनबोध कुंभकार निकु वर्मन, शिक्षिका अर्चना सिंह, अनिता सिंह, सरिता कुमारी के अलावा हरिनंदन नोनिया, टिशु कुमार गुप्ता आदि शामिल थे।

## स्व. सुरेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर गरीब लोगों के बीच कंबल का वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** केडी क्लब में शुक्रवार को स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद सिंह की तस्वीर पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मौके पर उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 1960 के दशक में खलारी में आने के बाद उन्होंने एक सफल कोयला व्यवसायी के रूप में कार्य किया। वहीं स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। साथ ही सभी को भोजन भी कराया गया। इस मौके पर ददन सिंह, अरविंद सिंह, राजू सिंह, राजेश सिंह मिंटू, रंजन सिंह बिट्टू, विक्की सिंह, तेज नारायण सिंह, ललन सिंह, रौशन लाल, कुमुद रंजन सिंह, मुन्ना देवी, पवन सिंह, देवेंद्र सिंह, अजय सिंह, गुड्डू सिंह, पंकज सिंह, रविन्द्र सिंह, प्रिंस सिंह, अभिषेक सिंह, अजय, पुनीत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पर्यटन मंत्री से मिले विधायक, खूंटी के पर्यटन स्थलों को विकसित करने का आग्रह




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया और जिला बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष सह झामुमो जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद ने शुक्रवार को झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मिलकर खूंटी जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने मंत्री को बताया कि जिले में पेरवांघाघ, पांडुपुरिंग, पंचघाघ, रानी फॉल, रिमिक्स फॉल, लटरजंग, उलूंग आदि कई पर्यटक स्थल हैं। ये स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण हैं। उन्होंने मांग की कि इन पर्यटक स्थलों को विकसित करने के लिए विस्तृत योजना बनायी जाये। विधायक ने बानो प्रखंड के डाड़िंग दा जलप्रपात को भी विकसित करने की मांग मंत्री से की।

## भारत की सीमा से बाहर भी अपना वर्चस्व बना रही है हिंदी : प्राचार्या



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर हिंदी विभाग, बिरसा कॉलेज, खूंटी में शुक्रवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्रभारी प्राचार्य जे कीड़ो ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। जे कीड़ो ने हिंदी की वैश्विक उपस्थिति की चर्चा करते हुए हिंदी के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि हिंदी भारत की सीमा से बाहर भी अपना वर्चस्व बना रही है। उन्होंने हिंदी भाषा के प्रति सम्मान और उसकी प्रगति में योगदान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी 1975 को पहला बार विश्व हिंदी सम्मेलन की शुरूआत की गयी थी। उन्होंने बताया कि हिंदी बोलियों का समूह है, जो इसकी ताकत है। डॉ अभिषेक ने इसे सांस्कृतिक साम्राज्यवाद से जोड़कर इसका वैश्विक प्रचार को आवश्यक बताया। राजकुमार गुप्ता ने हिंदी की वर्तमान स्थिति की चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे हिंदी आज विश्व के अन्य विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जा रही और सिनेमा के माध्यम से हिंदी कैसे आगे बढ़ रही। इस अवसर पर डॉ संगीता सांगा, डॉ प्रियंका, प्रो इंदिरा ने भी विचार रखे।

## कांग्रेस ने तोरपा में निकाला बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च




**खूंटी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान किये जाने के विरोध में खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को तोरपा में बाबा साहेब डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च निकाला गया। मार्च का नेतृत्व कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा और तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता और युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल कमल कच्छप ने किया। सम्मान मार्च में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और प्रदेश के सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने हिल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और झारखंड के सह प्रभारी सिरिबेला प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को अपमानित करना भाजपा और आरएसएस की फितरत है। सिरिबेला ने कहा कि भाजपा और आरएसएस को न आजादी में विश्वास है और न ही संविधान में। उन्होंने कहा कि इस देश की अस्मिता और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सम्मान मार्च में कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव नईमुद्दीन खान, कांग्रेस के प्रभारी अमरेश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, अदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विल्सन टोपनो, पीटर भुंईं, प्रकाश भुंईंया, कैसर खान, विनायक राय, छत्रपाल साहू, पवन साहू, रनिया प्रखंड अध्यक्ष जॉन कंडुलना, सामंडोम टोपनो, सुनीता गोप, वेद प्रकाश मिश्रा, अख्तर अहमद, शिब्लू खान, प्रवीण कर सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांके विधायक सुरेश बैठा का खलारी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कांके विधायक सुरेश बैठा के शुक्रवार को खलारी आगमन पर शहीद चैक पर रांची जिला कांग्रेस महामंत्री राजेश सिंह मिंटू के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान शहीद चैक के व्यवसायियों ने भी उनका स्वागत किया। वहीं विधायक सुरेश बैठा को शहीद चैक पर मूलभूत सुविधाओं के अभाव से उन्हे अवगत कराया गया। स्वागत करने वालों राजेश सिंह मिंटू, रंजन सिंह बिट्ठ, विक्की सिंह, सुल्तान अंसारी, अजय वर्मा, भोला यादव, सुरेंद्र यादव, अजमूल अंसारी, मो साहनी, पंकज सिंह, शुभम सिंह, अजय यादव, प्रिंस सिंह, रवि सिंह, अभिषेक सिंह, अख्तर अंसारी, राहुल निषाद, शौकत अंसारी, नबीजान अंसारी, गुंजा गुप्ता, एजाजुल अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर श्रीजानकी रमण मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन

**खलारी (आजाद सिपाही)।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में 11 जनवरी को प्रभु रामलला के विराजमान होने व प्राण प्रतिष्ठा के पहली वर्षगांठ पर खलारी स्थित श्रीजानकी रमण मंदिर में भी भव्य तरीके से वर्षगांठ मनाने का निर्णय लिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए रंजन सिंह बिट्ठु ने बताया कि इस अवसर पर शुक्रवार को दिन में 10 बजे से बाहर से आये हर कीर्तन मंडली के द्वारा भजन कीर्तन किया जायेगा। उसके बाद शाम में पांच बजे आरती और आरती समापन के बाद खीर प्रसाद का वितरण किया जायेगा। उन्होने सभी सनातनी व रामभक्तों से अनुरोध किया कि श्री जानकी रमण मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रमों में समय पर शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनावें।

## यूकेएस कॉलेज डकरा का दीर्घीकरण के लिए निरीक्षण किया गया



**खलारी (आजाद सिपाही)।** युकेएस कॉलेज डकरा का शुक्रवार को स्नातक प्रतिष्ठा के संबंद्धन तथा दीर्घीकरण के लिए निरीक्षण किया गया। निरीक्षण टीम में रांची विश्वविद्यालय के संकाय अध्यक्ष छात्र कल्याण और संकाय अध्यक्ष समाजशास्त्र शामिल थे। दोनों संकाय अध्यक्षों ने कॉलेज का दौरा किया तथा उसके पुस्तकालय, प्राचार्य कक्ष, क्लास रूम, लैबोरेट्री आदि का निरीक्षण किया। इस संबंध में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ प्रमोद सिंह ने बतलाया की निरीक्षण दल के सदस्यों ने कॉलेज का बारीकी से प्रत्येक बिंदुओं का निरीक्षण किया तथा संतुष्टि व्यक्त किया। इस दौरान कॉलेज के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## वीर शहीद नीलांबर-पीतांबर शाही भोगता की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** नीलांबर-पीतांबर जन कल्याण समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को विश्रामपुर पंचायत के बड़कीटांड में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर शाही भोगता की जयंती समारोह पूर्वक मनायी गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा और विशिष्ट अतिथि एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, मुखिया दीपमाला कुमारी, रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, मुखिया संतोष कुमार महली, शमीम बड़ेहार, सुनील कुमार सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश गंझू तथा संचालन अमृत भोगता और रामलखन गंझू ने किया। विश्वनाथ गंझू ने पारंपरिक तरीके से पूजा अर्चना की, जिसके बाद मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों सहित अन्य लोगों ने नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अध्यक्षता भाषण विश्वनाथ गंझू ने दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर ने अग्रेजों से लोहा लेने का काम किया था। उनके बलिदान को आज हमे उचित मान सम्मान देने का काम करना है। एनके एरिया महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस धरती ने न सिर्फ खनिज ही दिया है बल्कि इस धरती ने वीर सपूतों को भी जन्म दिया है। कार्यक्रम को खुलेश्वर भोगता, बहुरा मुंडा, देवपाल मुंडा, जगरनाथ महतो, रंथू उरांव ने संबोधित किया। वहीं नागपुरी कलाकार महावीर नायक, बीरबल नायक एवं केशो देवी ने गीत प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जालिम सिंह, विनय खलखो, कन्हाई पासी, धनराज भोगता, परमेश्वर सिंह भोगता, अर्जुन गंझू, रमेशर भोगता, प्रभाकर गंझू, लहसन भोगता, मुकद्दर लोहरा, सोमर गंझू, बुल्ला गंझू, शिवनाथ भोगता, मनोज गंझू, रघु गंझू, जगदीश गंझू, सोहराय गंझू, दामोदर गंझू, गुड्डु गंझू, किसुन मुंडा, शिवदयाल गंझू, मधु गंझू, सोमर गंझू, वीरू सिंह, गोपाल सिंह, बालेश्वर गंझू, धर्मराज गंझू, मोनू रजक, मयूर गंझू, भरत गंझू, राहुल गंझू, संजय गंझू, बिगना गंझू, अनिता गंझू सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कस्तूरबा स्कूल की छात्राओं ने किया नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का भ्रमण



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कालामाटी की कक्षा 12वीं की 64 विज्ञान छात्राओं ने हाल ही में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआइटी) जमशेदपुर का शैक्षणिक दौरा किया। यह प्रेरणादायक दौरा संपूर्ण शिक्षा कवच कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए तैयार करना और उनके शैक्षणिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाना है। दौरे के दौरान छात्राओं ने संस्थान की अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। यह शैक्षणिक भ्रमण उपायुक्त लोकेश मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। एनआइटी जमशेदपुर का यह दौरा छात्राओं के लिए एक नयी दिशा और बड़े सपने देखने की प्रेरणा साबित हुआ है।

# डॉक्टर नियुक्ति पॉलिसी में बदलाव सहित अन्य मांगों को लेकर कोयला मंत्री को सौंपा ज्ञापन

## कोल इंडिया में डॉक्टर नियुक्ति पॉलिसी समीक्षा की जरूरत : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** जनता मजदूर संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश सिंह के नेतृत्व में दो दिवसीय सीसीएल दौरे पर आये केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी को रांची में सात सूत्री ज्ञापन सौंपा। कमलेश सिंह ने मंत्री को सीसीएल और कोल इंडिया में डॉक्टरों की कमी होने को चर्चा के दौरान बतलाया कि जब तक डॉक्टर नियुक्ति पॉलिसी में बदलाव नहीं किया जाता, तब तक डॉक्टर कंपनी को छोड़ जाते रहेंगे। कहा कि कोल इंडिया वार्ड के साथ लोकल का वेटेज दिये बगैर इस कमी को दूर नहीं किया जा सकता। इसके अलावा ज्ञापन में कोल इंडिया की भूमि मुवावजा एवं पुनर्वास नीति का संशोधन, कोल इंडिया में कार्यरत रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट होल्डर माइनिंग सुपर वाइजर का अधिकारी वर्ग में प्रमोशन के मामले, सीएमपी 98 स्कीम के तहत प्रत्येक तीन वर्षों में पेंशन प्रतिशत में बढ़ोत्तरी प्रवधान को लागू करना सहित अन्य मांग शामिल हैं। इस दौरान कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, सीएमपीडीआइ सीएमडी मनोज कुमार भी मौजूद थे। वहीं केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कोल इंडिया डॉक्टर नियुक्ति पॉलिसी की समीक्षा की जरूरत को समझते हुए ज्ञापन की मांगो को लेकर स्क्रात्मक भरोसा दिया। प्रतिनिधिमंडल में वेल्फेयर बोर्ड मेंबर सुखदेव प्रसाद, मंतोष सिंह, सोनू सिंह आदि शामिल थे।

## बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में फ्री कार्डियोलॉजी कैंप का किया आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू अनुमंडलीय अस्पताल में शुक्रवार को फ्री कार्डियोलॉजी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में हृदय रोग से संबंधित 84 मरीजों का जांच किया गया, जिसमें से 14 लोगों को हृदय से संबंधित रोगों का पता चला, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। कैंप में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर दिलीप कुमार पासवान ने कहा की आगे भी इस तरह के कैंप का आयोजन किया जायेगा। कार्डियोलॉजी कैंप में डॉक्टर आशुतोष कुमार और डॉक्टर नीतिश कुमार पटेल का विशेष योगदान रहा।

## बालू परिवहन करते हाइवा और ट्रैक्टर जब्त



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बालू माफियाओं के विरुद्ध अभियान चलाये जा रहे हैं, जिससे बालू माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। लगातार किये जा रहे छापेमारी अभियान में हाइवा को जब्त कर थाने के हवाले किया जा रहा है। वहीं जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपथी के निर्देश पर खनन निरीक्षक समीर ओझा द्वारा लगातार क्षेत्र में अभियान चला कर कार्रवाई किये जा रहे हैं। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सत्पथी के नेतृत्व में चले अभियान में सोरो जारगोडीह, पातकुम क्षेत्र से हाइवा जब्त कर चौका थाना के हवाले किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर शत्पथी द्वारा शुक्रवार को तड़के सुबह-सुबह बालू माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई कर ट्रैक्टर और हाइवा को जब्त किया।

## केंद्रीय टीम ने विकास योजनाओं की समीक्षा कर आदर्श पंचायत सोड़ो का लिया जायजा



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के आदर्श पंचायत सोड़ो पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को केंद्रीय टीम द्वारा पंचायत क्षेत्र में विकास योजनाओं की समीक्षा की। आदर्श पंचायत के रूप में चिह्नित सोड़ो पंचायत में विशेष विकास कार्यों का जायजा लिया। केंद्रीय जांच दल का क्षेत्रीय पर्यवेक्षक पंकज कुमार और श्याम दयाल द्विवेदी ने मुखिया, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस, आंगनबाड़ी सेविका, अभियंता, रोजगार सेवक एवं अन्य पंचायत कर्मियों से आदर्श पंचायत के रूप में विशेष विकास के संबंध में योजनाओं का डाटा संग्रह किया। केंद्रीय जांच दल के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक पंकज कुमार ने बताया कि 2022-2023 में सांसद संजय सेठ द्वारा सोड़ो को आदर्श पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए गोद लिया गया था। उन्होंने कहा कि आज पंचायत प्रतिनिधियों और पंचायत कर्मियों से विशेष विकास कार्यों का डाटा संग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि आदर्श गांव और आदर्श पंचायत के रूप में कितना विकास हुआ इसका सही आकलन किया जायेगा। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आदर्श गांव के रूप में किसी भी तरह का सांसद कि ओर से विकास कार्य नहीं किया गया है। पंचायत सचिवालय और गांव तक आने जाने के लिए पुरा सड़क जर्जर है। सोड़ो मध्य विद्यालय में एक शिक्षक के भरोसे विद्यार्थियों का पठन पाठन हो रहा है। नाम मात्र का आदर्श गांव और पंचायत के रूप में सांसद द्वारा गोद लिया गया है ।किन्द्रीय टीम के समीक्षा के मौके पर उप प्रमुख दीपक कुमार साहू, महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी, बीपीओ निपेन प्रधान, मुखिया नयन सिंह मुंडा, पंचायत सचिव राधेश्याम महतो, प्रखंड समन्वयक ठाकुर दास सोरेन, वार्ड सदस्य, आंगनवाड़ी सेविका आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने तमाड़ अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया

**तमाड (आजाद सिपाही)।** रांची के उपायुक्त मंजूनाथ द्वारा शुक्रवार को तमाड़ अंचल सह प्रखंड कार्यलय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने की कागजातों की जांच पड़ताल की। इस अवसर पर बीडीओ सह सीओ तमाड़ संतोष कुमार प्रजापति उपस्थित थे।

## हाकेदाग-हलमाद पंचायत में लगा जनता दरबार



**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** हाकेदाग और हलमाद पंचायत में जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिसमें पेंशन, अबुआ आवास, पीएम आवास, मंईयां सम्मान योजना, विधवा, वृधा पेंशन, मनरेगा से संबंधित पुराने जमीन के रसीद को ऑनलाइन करने के संबंध आवेदन दिया गया। जनता दरबार में ग्रामीण ने अपने क्षेत्रों के पीसीसी पथ के लिए अलग से विधायक को आवेदन किया। साथी प्रभावित क्षेत्रों में समस्या के लिए आवेदन पड़ा। सबसे ज्यादा मैया सम्मान योजना का आवेदन दिया गया। जनता दरबार में विधायक अमित महतो,बीडीओ अनिल कुमार,सीओ अरुणिमा एक्का, मुखिया माया देवी, पंचायत समिति सदस्य मालती देवी, वार्ड सदस्य मानिक रजवार, विदेशी वेदिया समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## ग्रामीण ने खदान में ब्लासिंटग करने का विरोध किया, जीवन से खिलवाड़ का आरोप



**खलारी (आजाद सिपाही)।** रोहिणी परियोजना प्रबंधन के द्वारा खदान में ब्लास्टिंग करने का विरोध किया है। शुक्रवार को ग्रामीणों को जानकारी मिली कि प्रबंधन ब्लास्टिंग करने की तैयारी कर रहा है, जिसके बाद ग्रामीण एकजुट होकर खदान के समीप पहुंचे और ब्लास्टिंग करने का विरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रबंधन ने बिना ग्रामीणों के साथ वार्ता की और ग्रामीणों को बिना विश्वास में लिए ब्लास्टिंग करने का काम कर रहा है, लेकिन अगर ब्लास्टिंग के कारण कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रबंधन अपने फायदे के लिए ग्रामीणों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। प्रबंधन की इस कार्यशैली का जोरदार विरोध किया जायेगा। प्रबंधन पहले ग्रामीणों के साथ बात करे, तभी ब्लास्टिंग होगी। प्रबंधन ग्रामीणों के साथ बिना वार्ता के कोई कार्य करेगा, तो ग्रमीण जोरदार विरोध करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि खदान घर के नजदीक आ गया है और ब्लास्टिंग होने से खतरा हो सकता है। इसको प्रबंधन को सोचना होगा। इधर विरोध की जानकारी मिलने पर प्रबंधन के लोग भी ग्रामीणों के साथ बात करने गये, लेकिन ग्रामीण अपनी बात पर अड़े रहे।

# 15 दिन में बने जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र : शिल्पी नेहा तिर्की

## पंचायत सचिव को समय पर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश

**लापुंग में हाथी-भालू सहित जंगली जानवर से लोगों को सुरक्षित रखने की हो पहल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



अधिकारियों के साथ बैठक करती मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की।

**लापुंग।** राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 15 दिनों के अंदर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र का लाभ देने का निर्देश दिया है। लापुंग प्रखंड कार्यालय में सरकारी योजनाओं को लेकर शुक्रवार को आयोजित बैठक में मंत्री ने कहा कि अक्सर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत मिलती है। ग्रामीण इलाकों में लोगों को इसके लिए पंचायत सचिवालय से लेकर प्रखंड कार्यालय तक के चक्कर लगाने पड़ते है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पंचायत सचिव को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया 15 दिन के अंदर पूर्ण कर लेने को कहा है। लापुंग में अधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान कुआं निर्माण में हुई गड़बड़ी का मामला भी सामने आया। बिना काम पूरा हुए राशि की निकासी से लेकर योजना के बंदर बांट को लेकर मंत्री नाराज दिखी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की योजनाओं में किसी तरह की कोई लापरवाही वो बर्दाश्त नहीं करेंगी। बात चाहे कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना का हो या दूसरे किसी भी विभाग की योजना का। हर हाल में लाभुक को उस योजना का लाभ समय सीमा के अंदर देना होगा। जहां भी योजना को धरातल पर उतारने में कोई परेशानी या अड़चन हो कर्मचारी बेहतर तालमेल और वरीय अधिकारियों के सुझाव पर उसे तत्काल निबटारा करें। इसके साथ ही मंत्री ने लाभुकों से भी सरकार की योजना को लेकर जागरूक रहने और अपने हक अधिकार को समझने की नसीहत दी है। उन्होंने लापुंग में हाथी के आतंक से लेकर जंगली भालू से बचाव के लिए अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया है। कैंप के माध्यम से टॉर्च, पटाखा के साथ हाथी को भगाने के लिए जरूरी सतर्कता की जानकारी दी जाएगी। लापुंग प्रखंड कार्यालय में बैठक के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग के कृषक पाठशाला का भी निरीक्षण किया। बताते चलें कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की ओर से 27 एकड़ इस कृषक पाठशाला को धरातल पर उतारा गया है। यहां उन्नत कृषि की जानकारी के साथ ही बकरी व मछली पालन भी किया जाता है। मंत्री यहां अधिकारियों को कई तरह के दिशा निर्देश भी दीं।

# रांची लोकसभा क्षेत्र के गांव सोलर से रोशन होंगे: संजय सेठ



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के भाजपा सांसद संजय सेठ ने अपने सांसद निधि मद से रांची लोकसभा क्षेत्र के गांवों में दो हजार सोलर लाइट लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसकी शुरूआत नामकुम बाजार स्थित सदाबहार चौक के दुर्गा मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगाने से की गई। इसके बाद मंत्री ने बरगावां पंचायत के मंडाटांड़, नगर निगम क्षेत्र के सरहुल टांड़ में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थल, टाटीसिलवे के महावीर मंदिर और दुर्गा मंदिर परिसर में सोलर लाइट लगाई। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में सांसद संजय सेठ ने कहा कि सोलर लाइट लगाने का मुख्य उद्देश्य धार्मिक स्थलों, अखाड़ा, चौक-चौराहों, सरना स्थलों और हाथी प्रभावित क्षेत्रों को रोशन करना है। इससे आम जनता और राहगीरों को रात के समय आवागमन में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा के बेहतर उपयोग और सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर खिजरी विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, मनोज सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, भाजपा नेता संजीत सिंह, रिंकू सिंह, रितेश उरांव, रामकुमार पाहन, उमाकांत राय, दिलीप साहू, बिरसा पाहन, मीनू सिंह, शिल्पी शालिनी, अखिलेश यादव, सुबोध सिंह टनटन, राजेंद्र महतो, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, हरीश गंझू आदि उपस्थित थे।

# पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होने से पर्यावरण हो रहा प्रदूषित: सांसद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**ओरमांझी।** बसुआ पत्रा में स्वर्ण रेखा वन पर्यावरण मेला सह मिलन समारोह का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रो आदित्य प्रसाद साहू व पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। इस मेला में विभिन्न तरह के खेलकूद (महिला एवं पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वन के रक्षा के लिए पेड़ में रक्षा सूत्र बांधा गया। इस दौरान राज्यसभा सांसद ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि स्वर्ण रेखा वन पर्यावरण मेला में विभिन्न तरह के खेलकूद प्रतियोगिता, वन रक्षा सूत्र बांध कर पर्यावरण बचाने का संदेश देता है। आज पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। हम पौधा लगाते तो नहीं है, लेकिन जंगल को उजाड़ते जा रहे हैं। जिससे संकट पैदा हो रहे हैं। वहीं, विशिष्ट अतिथि रामटहल चौधरी ने कहा कि खेलकूद से शरीर स्वस्थ रहता है। हमें दैनिक चर्या में खेल कूद को जोड़ना चाहिए। भागमभाग की इस जिंदगी में हम खेलकूद नहीं कर पाते हैं। मोबाइल फोन पर व्यक्त रहते हैं। बच्चे को मोबाइल फोन दे देते है और अपने काम में व्यस्त रहते हैं। जो ठीक नहीं है। इस मौके पर अमरनाथ चौधरी, सरिता देवी, राकेश भास्कर, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, डॉ पारसनाथ महतो, रणधीर कुमार चौधरी, दिलीप मेहता, अलखनाथ महतो, राजधाम साहू, अंजीत महतो, मोतीलाल महतो, शिवनाथ मुंडा, प्रेमनाथ मुंडा, बालक पाहन, सुरेंद्र महतो, अंबिका महतो, मुकेश महतो, नरेश महतो, बालेश्वर मुंडा, लक्ष्मण महतो, राम लखन महतो, रमाकांत महतो, अशोक महतो अनितलाल महतो, मिथुन मुंडा आदि उपस्थित थे।

# जमीन के लिए पोते ने लाठियों से पीट कर की दादा की हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल गांव में जमीन बेचने से मना करने पर पोते ने दादा की लाठियों से पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना गुरुवार देर रात की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक हेसल निवासी सुनील महतो जमीन बेचने के लिए अमादा था। लेकिन उसके दादा सुखुवा महतो (70) इसके लिए तैयार नहीं थे। इस बीच सुनील अपने दादा जी से एक कागज पर जबरन हस्ताक्षर करने की कोशिश कर रहा था। पर दादा हस्ताक्षर करने को तैयार नहीं थे। इससे सुनील काफी आक्रोशित हो गया और गुरुवार की रात उसने दादा सुखुवा महतो की बेरहमी से पिटाई कर दी। जहां देर रात उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा जमीन को लेकर डेढ़ माह पहले भी सुनील ने दादा की पिटाई की थी जिससे उनका कमर टूट गया था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर शुक्रवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया वहीं सुनील महतो को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## मुलायम अहीर हत्याकांड के मुख्य आरोपी और उसके भाई ने अदालत में किया समर्पण

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के अंबाझरिया गांव में चर्चित मुलायम अहीर हत्याकांड के मुख्य आरोपी मनबोध अहीर व उसके भाई मनोहर अहीर ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। घटना सोमवार के रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी मनबोध अहीर की पुत्री के साथ मुलायम अहीर का प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार को दोनों आपत्ति जनक स्थिति में पकड़े गये थे। इसके बाद दोनों भाइयों ने मिलकर मुलायम की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाद में साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया था।**

## चोरी के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**रातू (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कमड़े से गुरुवार की रात तीन चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के तीन मोबाइल फोन, ब्लू टूथ, मिक्सी मशीन के अलावा अन्य घरेलू सामान बरामद हुए है। वहीं चोरी में इस्तेमाल हथौड़ी, पलास, रेतु व कटर भी बरामद किया गया है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले ही चटकपुर में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मामले को लेकर भुक्तभोगी ने थाने में शिकायत दर्ज कराया था। इसी बीच पुलिस ने गुप्त सूचना पर तीनों आरोपियों को कमड़े से गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान सतीश साहू, टिंकू वर्मा उर्फ बलेश्वर राम और श्रवण महतो के रूप में हुई है।**

## कांग्रेस नेता सुनील सहाय के जन्मदिन पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने दी बधाई



**रांची। (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेता एवं हटिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी सुनील कुमार सहाय का जन्मदिन शुक्रवार को एचईसी परिसर स्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के आवासीय कार्यालय पर मनाया गया। इस मौके पर काफी संख्या में उनके समर्थकों व शुभचिंतकों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। वहीं, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सुरेंद्र सिंह, रांची महानगर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेंद्र सिंह बेनी, दीपक प्रसाद, अरुण मिश्रा पप्पू, शिवशंकर सिंह, मो. मुजीब, राजकिशोर प्रसाद देवाशीष दत्ता, भोला राय, रमेश सिंह, विनोद कुमार, शंभू सिंह, शिवाकांत पांडेय, मो. आलमगीर, मो. इजरायल, मो. आरिफ, संजय झा, अनंत झा, हरेंद्र सिंह सहित अन्य ने श्री सहाय को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

## पत्रकार के निधन पर शोक



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के वरीय पत्रकार खुर्शीद परवेज सिद्दीकी (80) की गुरुवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पिठोरिया के मदनपुर मस्जिद मोहल्ला स्थित कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज पढ़ने के बाद की गई। वे लंबे समय से उर्दू पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्यशील थे। वे सरल एवं मृदुभाषी स्वभाव के थे। वे उर्दू में कई पुस्तकें भी लिखे थे। उनके निधन पर रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र सोरेन, सचिव अमरकांत, प्रो अयूब, प्रो सरवर साजिद, पत्रकार सुजीत केशरी, सुनील गुप्ता, अफरोज आलम, गुलाम रब्बानी, राममनोहर मिश्रा, समाजसेवी तनवीर अहमद, शकील अंसारी, ईदुल अंसारी, सुल्तान आदिल, आमया के एस अली, जियाउद्दीन अंसारी, दानिश अयाज, मो इकबाल, मो मोकर्रम, मौलाना तहजिबुल हसन, इबरार अहमद, हसीब अहमद, नकीब अहमद, तबरेज अंसारी, नौशाद खान व अनवर खान आदि ने संवेदना प्रकट की।**

# समारोह आयोजित कर रांची जेटीडीसी के महाप्रबंधक को दी गयी विदाई



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा फॉल मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को समारोह आयोजित कर सेवानिवृत हुए रांची जेटीडीसी के महाप्रबंधक डॉ आलोक प्रसाद को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकिशोर प्रसाद और संचालन बालेश्वर बेदिया ने किया। इसमें बतौर अतिथि के रूप में जेटीडीसी के राकेश कुमार, कृष्ण कुमार, सिद्धनाथ, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा उपस्थित हुए। डॉ आलोक प्रसाद ने कहा कि किसी भी सरकारी कर्मी का सेवाकाल समाप्त होने के बाद एक दिन सेवानिवृत्ति होना सुनिश्चित है। भावभीनी विदाई देते हुए सभी ने कहा कि पूर्व महाप्रबंधक डॉ आलोक प्रसाद के सरल, सहज, सौम्य व्यवहार और कार्यशैली को वे कभी भुला नही पायेंगे। मौके पर झारखंड पर्यटक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, सचिव सुशांत कुमार लोहरा, उपाध्यक्ष योगेश्वर अहीर, कोषाध्यक्ष सोहन बेक, बालेश्वर बेदिया, राजेन्द्र महतो, नंदराम पूर्ति, बच्चन नाग, दुर्गा भेंगरा, बुधराम बेदिया, सुशांत कुमार लोहरा, सुरेंद्र महतो, हरेंद्र महतो, धन्नजय महतो, मेघनाथ बेदिया, नागेश्वर बेदिया, देवेंद्र सिंह, सुरजन लोहरा, प्रदीप महतो, बीर सिंह मुण्डा, रामकिशे मिर्धा, कोशिला देवी, लालो देवी, विडंबर बेदिया, युगल किशोर बेदिया उपस्थित थे।

# रांची इसीएचएस का स्तर सुधारने के लिए टाइप बी कराने की उठी मांग

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पूर्व सैनिक संघ के सदस्यों ने इसीएचएस (पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना) रांची का स्तर टाइप सी से टाइप बी में अपग्रेड करने की मांग को लेकर सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को ज्ञापन सौंपा। पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष पूर्व कर्नल विरेंद्र सिंह के नेतृत्व में यह मांग उठाई गयी। ज्ञापन में बताया गया कि ईसीएचएस का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं प्रदान करना है। वर्तमान में टाइप सी स्तर की सुविधा में कई सीमाएं हैं। अगर इसे टाइप बी में अपग्रेड किया जाता है, तो इससे पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को अधिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। सांसद ने संघ के सदस्यों को उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया और कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई के लिए सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है। इस मौके पर संजीत सिंह, नागेश्वर महतो, अनिल शर्मा, सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे।

# नयासराय के विस्थापित को उजाड़ने का विरोध, मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नयासराय (आरओबी) के नाम पर झारखंड सरकार के पथ निर्माण विभाग की ओर से दक्षिण टुंडहुल पंचायत सेमर टोली के एचईसी विस्थापितों को अतिक्रमणकारी बताकर जिला प्रशासन द्वारा उजाड़े जाने के खिलाफ आदिवासी मूलवासी संगठनों ने विरोध किया। विस्थापित लोगों ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने देश की प्रगति के लिए एचईसी निर्माण के लिए घर व भूमि को नाममात्र मुआवजा में संपूर्ण पुर्नवास और नौकरी की गारंटी में दिया, लेकिन 62 वर्ष बाद भी अनेकों लोगों का पुनर्वास नहीं किया गया है। उन्हीं परिवारों में से लोग घर व दुकान बनाकर पिछले 50 वर्षों से रह रहे है जिन्हें पथ निर्माण विभाग के कहने पर कड़कड़ाती ठंड में रांची जिला प्रशासन द्वारा उजाड़ दिया गया जो कही से भी न्याय उचित नही है। आमया संगठन के अध्यक्ष एस अली ने कहा कि झारखंड सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिसूचना 334 वर्ष 2009 में स्पष्ट है कि राज्य के निवासी जिस भूमि पर 30 वर्ष से रह रहें है उसे सरकार द्वारा आवंटित किया जाएगा। लेकिन सरकारी अधिकारी सरकार के निर्देश की अवहेलना कर रहे है। उन्होंने मुख्यमंत्री से विस्थापितों को भूमि व मकान आवंटित करने की मांग की। मौके पर एचईसी जन कल्याण समिति के सचिव मुख्तार अंसारी, जेएमएम रांची जिला उपाध्यक्ष कलाम आजाद, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष फिरोज आलम, आदिवासी जन मोर्चा के रंजीत उरांव, विस्थापित नेता पंकज शाहदेव, समीर अली, एकराम हुसैन, तस्लीम आरिफ, मास्टर मुस्तकीम, जहाना खातून, रवीना खातून सहित काफी संख्य में लोग उपस्थित थे।

# आइसीआइसीआइ फाउंडेशन ने 60 किसानों को दिया लाह की खेती करने का प्रशिक्षण

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** आइसीआइसीआइ फाउंडेशन ने वैज्ञानिक विधि से लाह खेती करने के लिए रंगामाटी बरवाटोली के 60 किसानों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षक सुबोध प्रसाद, एवं सोनालाल महली ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के उपरांत किसानों को एक -एक सैकेटियर, नायलून नेट, लाह प्रशिक्षण का बुकलेट दिया गया। साथ ही इस लाह खेती को सामुहिक रूप से करना है इसके लिए फार्म टूल बैंक के लिए सीढ़ी 3 पीस, गटोर स्प्रेयर, लुपर 3, ट्रीपुनर 3, तीरपाल 3, ट्रे 10 एवं सेप्टिक बेल्ट मुखिया भुवनेश्वर बेदिया के हाथों दिया गया। इस मौके पर आइसीआइसीआइ के कम्युनिटी फेसिलेटेटर गनेश महतो, संतोष बेदिया, गीता देवी, महावीर बेदिया, हरिलाल बेदिया, लखिराम बेदिया, गुदुवा बेदिया, सावित्री देवी, निरासो देवी, बिनोद बेदिया, जलदेव बेदिया, अनिता देवी, रीता देवी आदि मौजूद थे।

# मकर संक्रांति पर खुखरा में आयोजित होगी गंगा महाआरती, तैयारी जोरों पर

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** मकर संक्रांति पर राइजिंग यूथ खुखरा के तत्वावधान में लगातार दूसरे वर्ष 15 जनवरी को ऐतिहासिक खुखरा गांव स्थित बेर तालाब में भव्य गंगा महाआरती का आयोजन होने जा रहा है। जहां गांव के देवी मंडप से शोभायात्रा मां गंगा पूजन व भव्य आरती होगा। इस आयोजन को लेकर राइजिंग यूथ के सदस्य बेर तालाब के तट की साफ-सफाई कर समूचे तट को आकर्षण रंग रोगन कर सजाने की तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम के आयोजक सदानंद गोस्वामी ने बताया कि 15 जनवरी की शाम को होने वाली गंगा आरती को लेकर तैयारी जोर शोर की जा रही है। पूरे तालाब परिसर की साफ सफाई के साथ रंगीन रोशनी व फूलों से सजाया जाएगा। राइजिंग यूथ सदस्यों ने इस महाआरती में शामिल होने का लोगों से आग्रह किया है। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सदानंद, परमेश्वर, विकास, सूरज, परशुराम, छोटेलाल, विशाल, कैलाश, अमित, पवन, सत्यम, राजेश, विरंची, जीतराम, सोनू और भारत आदि सक्रिय रूप से जुटे हैं।

# धान अधिप्राप्ति योजना से आच्छादित करने के लिए बेड़ो में आज से कैंप का आयोजन

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के धान उपार्जित करने वाले किसानों को धान अधिप्राप्ति योजना से आच्छादित करने के लिए शनिवार से 15 जनवरी तक प्रखंड के पंचायतों में किसानों का निबंधन कैंप का आयोजन किया गया है। शनिवार को बेड़ो पंचायत सचिवालय, केशा, पुरियो, हरिहरपुर जामटोली, दिघिया, करांजी, मुरतो व टेरो, 13 जनवरी को जरिया, चचकोपी, ईंटा, नेहालू कपरिया व 15 जनवरी को डोरंडा, तुतलो, खुखरा व करकरी पंचायत में कैंप का आयोजित होगा।

# इटकी में मनेगा अयोध्या के श्रीराम मंदिर का वार्षिक महोत्सव

**इटकी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय हिंदू जागरण समिति के तत्वावधान में श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में शनिवार को अयोध्या के श्रीराम मंदिर की भव्य वार्षिक महोत्सव मनायी जायेगी। इसे लेकर आयोजकों द्वारा वृहद तैयारी की गई है। जगन्नाथ मंदिर परिसर के अलावे मुख्य शिव मंदिर, देवी मंडप और महावीर मंदिर को पताका, विद्युत सहित अन्य सामग्रियों से आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है।

# कोर्ट का दरवाजा खटखटायेंगे कृषक उच्च विद्यालय के निलंबित हुए शिक्षक

## 10 महीने के बाद भी नहीं दी गयी योगदान की चिट्ठी

**कृषक उच्च विद्यालय गुड़ु गडरी के शिक्षक शिक्षिका और सचिव को किया गया था निलंबित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रातू।** प्रखंड के गुड़ु गडरी स्थित कृषक उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी, सहायक शिक्षिका मेलसा श्वेता तिर्की, सहायक शिक्षिका नलनी रंजन प्रसाद व स्कूल के सचिव अशोक कुमार को 10 महीने बीत जाने के बाद भी स्कूल में योगदान नहीं देने दिया जा रहा है। आरोप है कि शिक्षकों द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी को योगदान से संबंधित आवेदन दिया गया है। पर कार्यालय से योगदान की चिट्ठी नहीं दी जा रही है। इन सभी पर रातू थाने में कांड संख्या 342/23 दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। इन पर एक छात्रा से मारपीट करने का आरोप था। इससे नाराज एक छात्रा ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले को लेकर छात्रा के परिजनों ने रातू थाने में स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका, प्रधानाध्यापिका व सचिव पर आरोप लगाकर थाने में कांड संख्या दर्ज कराया था। जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। जेल से रिहा होने के बाद सभी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्कूल में योगदान के लिए आवेदन था पर उन्हें योगदान से संबंधित पत्र नहीं देकर योगदान से रोका जा रहा है।

### स्कूल के वर्तमान शिक्षक, सचिव व भूमिदाता पर आरोप

**स्कूल के वर्तमान सचिव सुनील उरांव पर जालसाजी कर अवैध तरीके से भूमि दान-दाता बनकर गैर कानूनी तरीके से विद्यालय के सचिव बनने का आरोप है। जबकि सुनील उरांव वास्तविक रूप से भूमि दानदाता नहीं है। इसके अलावा वर्तमान अस्थायी प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय कुमार महतो विद्यालय से मानदेय और अनुदान पैसे लेते हुए रेगुलर बीएड व एमए का डिग्री लिया है। वहीं, वर्तमान में कार्यरत अध्यक्ष, सचिव, प्रधानाध्यापक एवं अन्य अभियुक्त है जिसका केस संख्या- मिसलेनियस क्रिमिनल अप्लीकेशन केस संख्या 7399/2024 है। स्कूल के तत्कालीन प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी व सहायक शिक्षिका मेलसा श्वेता तिर्की ने बताया कि जिला शिक्षा विभाग से स्कूल में योगदान के लिए पत्र नहीं दिया जा रहा है। बाध्य होकर न्याय के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने को मजबूर हैं।**

# महिलाओं को डायन कहना व प्रताड़ित करना कानूनन अपराध : पीएलवी रीना




जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यक्रम को संबोधित करती पीएलवी रीता देवी व अन्य।

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** न्यायायुक्त सह रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान के तहत शुक्रवार को नगड़ी प्रखंड के देवड़ी पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें शामिल पीएलवी उमेश कुमार ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या आदि विषय को लेकर न्याय प्राप्त करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नालसा 10 योजना के बारे में जानकारी दी। वहीं, पीएलवी रीता महली ने कहा कि महिला को डायन कहना और उसे प्रताड़ित करना कानूनन अपराध है। इसमें सजा का भी प्रावधान है। प्रायः गांवों में सुनने-देखने को मिलता है कि महिलाओं को डायन कह कर उनकी हत्या कर दी जाती है, जो गलत है। उन्होंने विशेष लोक अदालत और विशेष मध्यस्थता अभियान और राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। कहा कि न्याय पाने का सबसे सुलभ माध्यम लोक अदालत है। रीना देवी ने आदिवासियों के अधिकार, मानवता, कर्तव्य, तृप्ति, समाजिक सहायक आदि विषयों की जानकारी दी। कहा कि आप अपने अधिकारों को जाने और उसका लाभ प्राप्त करें। कहा कि मजदूरों को निबंधन कराना आवश्यक है। ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी ने 22 फरवरी को आयोजित होनेवाले विशेष लोक अदालत की भी जानकारी दी। अंत में लोगों के बीच पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर पंचायत सेवक सालिक लोहार, पीएलवी रिना देवी, उमेश कुमार, रिता महली एवं अन्य उपस्थित थे।

## लगान रसीद काटने के नाम पर खानापूर्ति और रैयतों की त्रुटियों को दूर करें डीसी : कमलेश

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। लगान रसीद निर्गत करने को लेकर विभिन्न अंचल कार्यालयों में लगे शिविर सिर्फ कागजी खानापूर्ति बन कर रह गई है। जो किसान रजिस्टर टू के अनुसार रसीद निर्गत कराने की उम्मीद लगाए थे उन्हें मायूस होना पड़ा। उक्त बातें सपा नेता कमलेश यादव ने कही। वे शुक्रवार को अंचल कार्यालय में पत्रकारों से बातें कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गत मंगलवार को लगे शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों रैयत अंचल कार्यालय परिसर पहुंचे थे। जहां हरिहरगंज शिविर में सिर्फ 31 आवेदन जमा हुए। किसानों से कहा गया कि जिस जमीन का पुराना और नया ऑनलाइन खतियान व रसीद सही होगा उसी का आवेदन परिशोधन पोर्टल पर अपलोड कर रसीद निर्गत किया जाएगा। इस हाल में ज्यादातर किसानों को शिविर का कोई लाभ नहीं मिल सका। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की गलतियों का खामियाजा भूस्वामियों को भुगताना पड़ रहा है।

# गणतंत्र दिवस पर पलामू जिले में मांस और मदिरा पर प्रतिबंध

## मुख्य समारोह पुलिस लाइन स्टेडियम में, सुबह 9.05 बजे होगा झंडोत्तोलन

गणतंत्र दिवस को लेकर हुई प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी शशि रंजन ने की। जिसमें गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। सभी संबंधित पदाधिकारी को अपना योगदान देने की बात कही गयी। डीसी ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय में इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में आयोजित होगा, जहां मुख्य अतिथि सुबह 9.05 बजे



गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी।

झंडोत्तोलन करेंगे। परेड और झांकियों के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने सभी आवश्यक तैयारियों को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया है। निर्णय लिया गया कि मुख्य समारोह के बाद प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में सुबह 10 बजे, पलामू समाहरणालय में सुबह 10.20 बजे, पलामू क्लब मेदिनीनगर में सुबह 10.45 बजे और रेड मेदिनीनगर क्रॉस भवन में सुबह 11 बजे झंडोत्तोलन होगा। इसके बाद सभी संबंधित कार्यालय प्रधान अपने-अपने कार्यालयों में झंडोत्तोलन करेंगे। विभिन्न क्षेत्रों जैसे खेल, सामाजिक, विकास सहित अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जायेगा। गणतंत्र दिवस परेड में आईआरबी, जिला बल, गृह रक्षा वाहिनी, एनसीसी आदि की टुकड़ी भाग लेगी। उन्होंने पुलिस लाइन स्टेडियम में साफ-सफाई, रंग-रोगन, लाउडस्पीकर, पेयजल, लोगों के बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, आमंत्रण कार्ड समेत अन्य कार्यों की जिम्मेदारी विभिन्न पदाधिकारियों को सौंपते हुए सभी कार्य तय समय पर पूर्ण करने को लेकर निर्देशित किया। कहा कि महापुरुषों की प्रतिमा की विशेष सफाई होगी। लगे हाथ कहा कि गणतंत्र दिवस पर शहर पूर्ण रूप से स्वच्छ रहे, इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिये। गणतंत्र दिवस के दिन पूरे जिले में मांस-मदिरा की बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, समान्य शाखा प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# पर्यावरण मानव जीवन से जुड़ा है संरक्षण जरूरी : डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेटरवार।** प्रखंड के चरगी स्थित वॉच टावर के समीप शुक्रवार को वन एवं पर्यावरण मेला आयोजित हुआ। जिसमें बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण मानव जीवन से जुड़ा विषय है। हम सभी को पर्यावरण को बचाने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। पर्यावरण बचेगा तभी जान भी बचेगी। पर्यावरण को संवारना और सम्मान देना हम सभी का नैतिक कर्तव्य व जिम्मेवारी है। उन्होंने ग्राम वन व प्रबंधन समिति के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वन एवं पर्यावरण की दिशा में इस समिति ने अपनी उल्लेखनीय छाप आम जनमानस के बीच छोड़ने में सफल रही है। हमेशा अपेक्षा हैं कि यह समिति बराबर अपनी उपयोगिता जनसाधारण के बीच सिद्ध करती रहेगी। मेला आयोजन में मुखिया रानी मुर्मू, पूर्व मुखिया पंचानन महतो, ग्राम वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनु लाल महतो, बैजनाथ महतो, संतोष महतो, अजीत महतो एवं मनोहर मुर्मू ने अपने-आप ने उल्लेखनीय भूमिका निभायी।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोडरमा

**PM National Apprenticeship मेला से संबंधित आवश्यक सूचना**

कोडरमा जिले के तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (ITI/ Diploma/Engineering/Short term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (पांचवी से स्नातक आदि), के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि MSDE भारत सरकार द्वारा उद्योगों में कुशल कारीगरों की प्रबंल मांग को देखते हुए Apprenticeship act 1961 के अन्तर्गत निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के तत्वावधान में PM National Apprenticeship मेला PMNAM 2025 का आयोजन दिनांक–13.01.2025 दिन सोमवार को RLSY College, झुमरीतिलैया, कोडरमा के प्रांगण में सुबह प्रातः 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक किया जायेगा।

अतः PM National Apprenticeship मेला 2025 में योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार/प्रशिक्षु नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, मूल प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा एवं पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ मेले में भाग लेकर सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा–निर्देशों/SOP का दृढ़तापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

प्रभारी प्राचार्य,
PR 343970 Labour Employment and Traning(24-25)#D औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कोडरमा


## विधायक ने रघुवर दास को दी बधाई



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के दोबारा भाजपा में शामिल होने पर विधायक आलोक चौरसिया ने पुष्प गुच्छ देकर उन्हें बधाई दी। कहा कि झारखंड की अर्थव्यवस्था भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। वर्तमान सरकार झूठे वादे, फर्जी काम एवं कम गुणवत्ता वाले कार्य को अपूर्ण ढग से पूरा कर आम जनमानस को ठग रही है। रघुवर दास जी के आने से भाजपा में जैसे जान आ गई है।

# सुंदरलाल बहुगुणा देश के महान पर्यावरण-चिंतक और चिपको आंदोलन के थे प्रमुख नेता : डॉ कौशल

सुंदरलाल बहुगुणा की जयंती पर पर्यावरणविद ने पौधरोपण कर किया उन्हें याद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पर्यावरण धर्मगुरु व ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने मेदिनीनगर स्थित अपने पर्यावरण भवन आवासीय परिसर के आकाश बाग एवं छतरपुर अनुमंडल के डाली पंचायत के कौशल नगर में नेशनल मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क व जैविक उद्यान में देश के महान पर्यावरण चिंतक व चिपको आंदोलन के प्रमुख नेता रहे प्रख्यात पर्यावरणविद पद्मविभूषित स्व सुंदरलाल बहुगुणा की 98 वीं जयंती मनाई। उन्होंने पर्यावरण धर्म व उसके प्रार्थना के साथ थाईलैंड प्रजाति के आम का पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी संघर्षपूर्ण जीवनयात्रा को याद किया। कहा कि सुंदरलाल बहुगुणा भारत के एक महान पर्यावरण-चिन्तक एवं चिपको आन्दोलन के प्रमुख नेता थे। उन्होने हिमालय के पर्वतीय क्षेत्रों में वनों के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनकी पत्नी व कर्नाटक के पांडुरंग हेगड़े,



रामकृष्ण हेगड़े, चंद्रशेखर,धूम सिंह नेगी अमेरिका के जॉर्ज ए जेम्स नेपाल के सरोज शर्मा भी उनके आंदोलन से जुड़ी थीं। 1970 के दशक में पहले वे चिपको आंदोलन से जुड़े और 1980 से 2004 तक के दशक में टिहरी बांध के निर्माण के विरुद्ध आंदोलन से जुड़े रहे। कहा कि पलामू प्रवास के दौरान बहुगुणा जी ने उनके निःशुल्क पौधा वितरण सह रोपण कार्यक्रम का न सिर्फ हिस्सा बने थे, बल्कि उन्होंने लावारिस सेवा केंद्र व पानी पंचायत का केंद्रीय कार्यालय का भी शुभारंभ किया था। वहीं, संस्था के प्रधान सचिव सह ग्राम पंचायत डाली बाजार की मुखिया पूनम जायसवाल ने कहा कि बहुगुणा जी अपने आंदोलन के दौरान अपनी पत्नी विमला बहुगुणा के साथ दो बार उनके पर्यावरण भवन आवास पर आए थे। जिनके साथ रहने के दौरान पर्यावरण के क्षेत्र में कई बातों पर चर्चा हुई थी। वहीं, छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि पलामू प्रवास के दौरान जो लोग बहुगुणा जी से मिलने आते थे उनसे वे कहते थे कि वन और पर्यावरण जीने का आधार है। इसलिए उसकी सुरक्षा व संरक्षा की जिम्मेदारी समाज के सभी लोगों को लेनी चाहिए।

इस मौके पर संस्था के सचिव अरविंद कुमार जायसवाल, प्रो अरुण जायसवाल, आशा देवी, उर्मिला देवी, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल, पिंकी सिंह आदि थे।


झारखण्ड सरकार
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन शाखा)

**(अधिनियम की धारा–21(2) या 21(4) के तहत् नोटिस)**

परियोजना का नाम :– "कुटियातु चौक से रामपुर रिंग रोड (नियर अरविंद मिल) भाया मलटी तक पथ परियोजना"
भू–अर्जन वाद संख्या :– 01/2024–25

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि कमोवेश रकबा– 0.433 एकड़ भूमि जो मौजा–नमकुम थाना सं० :–330, अंचल–नामकुम जिला–राँची में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उस "कुटियातु चौक से रामपुर रिंग रोड (नियर अरविंद मिल) भाया मलटी तक पथ परियोजना" प्रयोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30/2013 के अधीन अधिसूचना दिनांक –04/07/2024 के तहत् अधिग्रहीत किया जाना है। इस जमीन में इच्छुक/हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वयं अथवा प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम् से दिनांक–20.01.2025 को कार्यालय–जिला भू–अर्जन कार्यालय, राँची में समय पूर्वाह्न 11:30 पर उपस्थित होकर अपने दावा का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी आपत्ति/दावा प्रस्तुत करेंगे।

अधिग्रहीत भूमि का विवरण :–

मौजा–कुटियातु

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 42 | 910 | गड़हा | 0.035 | सागु उराँव | 912 | 1480 | 909 | 911 |
| | | 911 | परती कदीम | 0.039 | | 912 | 1479 | 910 | 1338 |
| | | 1480 | गड़हा | 0.038 | | 910 | 1483 | 1482 | 1477 |
| | | 1481 | परती कदीम | 0.128 | | 909 | 1482 | 1546 | 1480 |
| 2 | 62 | 1534 | दोन तीन | 0.010 | बहोरन तेली, पेशरान–गनसु तेली, भैरो तेली पेशरान–गनसु तेली, मेधुवा महतो, जगरनाथ महतो, दीपा घार, रीना सिंह, ईश्वरनाथ झा, शिक्षा झा, अभिनंदन झा, पुष्पा कुमारी एवं रतीश मिश्रा | 1544 | 1533 | 1535 | 1546 |
| 3 | 4 | 1546 | टाड़ दो | 0.183 | एतवा पाहन, वल्द–वुधुवा पहान, जोधन मुण्डा | 1482 | 1486 | 1534 | 1482 |
| | | | कुल– | 0.433 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम संख्या–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जाँच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है :–

ग्राम–XXX, थाना संख्या–XXX, अंचल–XXX, जिला–XXX, क्षेत्रफल–XXX, एकड़, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

ह०/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, राँची।
PR.NO.344020 Land Reforms(24-25):D


## गुरु कार्य को जन-जन तक पहुंचायेंगे : अविनाश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने अंग्रेजी नव वर्ष पर अपने विद्यालय के शैक्षणिक सत्र संचालित करने से पहले शिव-शिष्य वरेण्य गुरु-भ्राता साहब हरिंद्रानंद जी के दरबार उपवन में जाकर शीश नवाया। उन्होंने गुरु कार्य को दृढ़ता से करने के अपने संकल्प को दोहराया। कहा कि देश की युवा पीढ़ी नशाखोरी के दलदल में धंसती जा रही है। देश के प्रधान सेवक ने भी कहा था कि समग्र विकास युद्ध से नहीं, बुद्ध से होगा। इसका मतलब है कि उन्होंने एक काल में तथागत अपने ज्ञान से विश्व को आलोकित किया था, इसलिए उनका यह राष्ट्र आज भी सामाजिक व सांस्कृतिक रूप से मजबूत है। हम उक्त संकल्प को उस धरती से मजबूती प्रदान करेंगे, जहां भ्राता हरिंद्रानंद जी ने देह छोड़ा था। हम गुरु कार्य को जन-जन तक पहुंचाएंगे और मजबूत समाज का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि महिला हिंसा, भ्रूण हत्या, दहेज,बाल विवाह समेत सभी जागरूकता के बावजूद उक्त



विसंगतियों में बढ़ोतरी हो रही है। बेटियों की पढ़ाई में आज भी ढिलाई है। अंधविश्वास में नर बलि, हत्या, नंगा नाच, दुष्कर्म आदि में दिनों-दिन बढ़ोतरी हो रही है। सामाजिक कटुता बढ़ रही है, धर्म के नाम पर ढकोसले की दुकानदारी हो रही है। इन सब कुरीतियों पर रोकथाम व लोगों को जागरूक करना ही शिव-शिष्यों की सच्ची जिम्मेदारी है। हम संकल्प को दोहराते हैं कि अपने विद्यालय के बच्चों को दया, करुणा, न्याय, समता, बंधुता और लोकतांत्रिक मूल्यों की हिफाजत करने की प्रेरणा देंगे। मौके पर वरेण्य भ्राताश्री के सहयोद्धा रहे रणधीर भैया, जो उपवन को सेवा करते आज भी गुरु कार्य को उत्तरोत्तर बढ़ा रहे हैं, उन्होंने अविनाश देव को कलम, डायरी और पौधा देकर स्वागत किया।

# खटंगा टीम को हराकर लपंगा ने जीता खिताब



**रांची (आजाद सिपाही)।** शिव शिष्य परिवार की ओर से जयडीहा पंचायत खेल मैदान बरतुआ, गणेशपुर, गुरगाई में दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच शुक्रवार को लपंगा सरना युनाइटेड भुरकुंडा बनाम केपी एल खटंगा के बीच खेला गया। जिसमें लपंगा ने खटंगा को ट्राब्रेकर में 3-2 से हरा दिया। लपंगा के गोल किपर राहुल टुडू को मैन ऑफ द मैच दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शिव शिष्य हरींद्रानन्द फाउंडेशन रांची के अध्यक्ष बरखा सिन्हा एवं शिव शिष्य हरीन्द्रानन्द फाउंडेशन के मुख्य सलाहकार अर्चित आनन्द ने विजेता टीम को 51 हजार रुपये नगद एवं शिल्ड और उप विजेता टीम को 31 हजार रुपये नगद व शिल्ड देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अर्चित आनंद ने कहा कि खेल व्यक्ति के संपूर्ण विकास में सहायक है। झारखंड में प्रतिभा असीम है जरूरत है उनको तराशने की। टूर्नामेंट के आयोजन में राजन, परिमल, कुणाल, रामदेव सहित जयडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया बिनोद बेदिया, उप मुखिया नीलाम्बर खरवा, पूर्व उप मुखिया नवीन कुमार, पंसस सदस्य प्रवेश भोगता, ग्राम प्रधान शंकर करमाली, सचिव बिनोद कुमार महतो, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, मीडिया प्रभारी रामप्रसाद सिंह, दीपक नायक, जीवन मुंडा, मोहित करमाली, नीतीश मुंडा, प्रकाश बेदिया, प्रीतम सिंह, प्रदीप बेदिया, दिलेश्वर बेदिया, दिनेश करमाली, कामेश्वर बेदिया, सत्यनारायण मुंडा, रमेश कुमार महतो का सराहनीय भूमिका रही।

## थल सेना दिवस समारोह 15 जनवरी को हुसैनाबाद एसडीओ होंगे मुख्य अतिथि



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद कार्यालय में 15 जनवरी को थल सेवा दिवस मनाए जाने की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। जिसमें कार्यक्रम को भव्य व आकर्षक बनाने को लेकर चर्चा की गई। बैठक के बाद पूर्व सैनिकों ने अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कृष्णकांत कनवाडीया से कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात करते हुए संगठन के जिला उपाध्यक्ष (लेफ्टिनेंट-रियाटर) प्रेमतोष प्रसाद, सुबेदार (रिटायर) राम टहल मेहता और अक्षय सिंह ने आमंत्रण पत्र देकर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। पूर्व सैनिकों के कार्यक्रम एवं कार्यालय इस क्षेत्र में होने की जानकारी मिलने पर एसडीओ ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों का इस क्षेत्र में हमेशा सहयोग की अपेक्षा रहेगी। बैठक में सभी स्कूली बच्चों के कार्यक्रम व एनसीसी कैडेट की तैयारी की भी समीक्षा की गई। इसकी जानकारी देते हुए प्रेमतोष प्रसाद ने दी। कहा कि थल सेना दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह को एक सैनिक समारोह की भांति समय से आरंभ और समाप्त करना हम सभी का उत्तरदायित्व होगा। बैठक में कैप्टन (रियाटर) दुखन सिंह, सूबेदार (रिटायर) सत्येंद्र ठाकुर, रामटहल मेहता, अशरफी पाल, दिलीप मेहता, गौरीशंकर ठाकुर, अवध माली, प्रसाद सिंह और कपिल देव राम आदि मौजूद रहे।


झारखण्ड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, लोहरदगा

**भर्त्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक 16.01.2025 को "कार्यालय" जिला नियोजनालय, लोहरदगा परिसर में भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्नांकित निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| Sl. No | Name of the Employer & Address | Name of the Post | No. of Vacancy | Qualification Required | Age | Pay Scale/Stipend |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 1 | Bajaj Alliance Life Insurance, Lohardaga. | A.S.M | 07 | Graduation | 21 and Above | Salary 27,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | S.S.M | 02 | Graduation | 21 and Above | Salary 30,000/= Job Location – Lohardaga. Experience : - 0-02 yr. |
| | | E.S.M | 01 | Graduation | 21 and Above | Salary 31,000/= Job Location – Lohardaga Experience : - 01-03 yr. |
| | | Insurance Advisor | 13 | 10th Pass | 21 and Above | Salary 20,000/= Job Location – Lohardaga. |
| 2 | Eduvantage Ranchi. | Sewing Machine Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location- Tiruppur. |
| | | Data Entry Operator (Female) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 13650/= Job Location -Tiruppur. |
| | | Manufacturing Laptops (Male) | 50 | 10+ & Above | 18 and Above | Salary 14000/= Job Location- Bangluru. |
| 3 | SIS, Belchampa Garhwa, Jharkhand. | Security Guard | 100 | 10th Pass | 19 -40 Age | Salary15500/= to 22500/= Job Location- All India. |
| | | Security Supervisor | 20 | 11th Pass | 21-40 Age | Salary19500/= to 25500/= Job Location- All India. |
| | | Dog Handlar | 30 | 10th Pass | 21-40 Age | Salary16500/= to 23500/= Job Location- All India. |
| | | Cash Custadian | 50 | 11th Pass | 18-30 Age | Salary13000/= to 19000/= Job Location- All India. |
| 4 | Prejha Foundation Nagra Toli, Ranchi | Mobile Assembly (Female Only) | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Lathe Machine Operator | 50 | 10th /12th Pass | 18-27 Age | Salary14000/= to 15000/= Job Location- Karnataka/Tamil Nadu. |
| | | Tiles Mistri | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary17000/= Job Location- Karnataka. |
| | | Construction | 50 | 5th /12th Pass | 18-30 Age | Salary 20000/= Job Location- Karnataka. |
| | TOTAL:- | | 573 | | | |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www.jharniyojan.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्त्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायोडाटा 02(दो) कॉपी, फोटो 4 के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। साक्षात्कार सुबह 10:30 बजे से होगी। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोजक निजी क्षेत्र के है अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तो के लिए वे उत्तरदायी है। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता है।

District Employment Officer
Lohardaga
PR 343971 Lohardaga (24-25)_D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 11 जनवरी, 2025
www.azadsipahi.in



# हिलटॉप कंपनी में वर्चस्व को लेकर हिंसक झड़प के बाद तनाव, दूसरे दिन भी बम और खोखा बरामद

## बम स्क्वायड टीम के साथ आइजी, डीआइजी और एसएसपी ने किया घटनास्थल का अवलोकन

- आजसू कार्यालय में आगजनी को लेकर कारू यादव समेत 43 नामजद लोगों की शिकायत
- सांसद प्रतिनिधि ने आजसू प्रखंड अध्यक्ष के अपहरण की भी शिकायत की

आजाद सिपाही संवाददाता











**महुदा।** मधुबन थाना क्षेत्र के बाबूडीह स्थित हिलटॉप कंपनी में बर्चस्व लेकर गुरुवार को हुए हिंसक झड़प के बाद शुक्रवार को भी तनाव देखने को मिला। पूरा क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो चुका है। मधुबन थाना क्षेत्र में कैंप कर बड़ी कार्रवाई की योजना के तहत इस दिन आइजी और डीआइजी के साथ ही धनबाद एसएसपी व अन्य आला अधिकारी धनबाद, बोकारो, हजारीबाग एवं रांची से भारी मात्रा में सैन्य बल को साथ लेकर घटना के आरोपी कारू यादव के आवासीय क्षेत्र आशा कोठी में दस्तक दी। हालांकि पुलिस की कार्रवाई को देखकर आशाकोठी के दर्जनों ग्रामीण समर्थक कुछ भी कर गुजरने को लेकर मोर्चाबंदी किये हुए थे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मीडिया कर्मियों को वहां से कुछ दूर हटने को कहा। सर्च अभियान के दौरान आउटसोर्सिंग रन स्थल से करीब आधा दर्जन जिंदा बम एवं कारतूस के कई खोखे बरामद किया। पुलिस ने घटना स्थल से तलवार के कवर, तीर, बम के थैले, जूता-चप्पल के साथ ही बम की सुतलियों को भी बरामद कर उसे जब्त कर लिया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते एवं एफएसएल की टीम को घटना स्थल पर बुलाकर बम को नष्ट करवा दिया। साथ ही जमीन पर पड़े खून के कई धब्बो का नमूना भी संग्रह किया गया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने बाघमारा डीएसपी पर हमला कर उन्हें घायल कर देने वाले स्थाल पर जाकर भी जांच की। लगे हाथ आग के हवाले किये गये आजसू कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

दूसरी ओर, आइजी एस मायकल राज ने कहा कि घटना स्थल पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बम स्क्वायड टीम को कई जिंदा बम एवं खोखा मिला हैं। फिलहाल टीम घटना स्थल से और भी साक्ष्य जुटा रही है। अभी तीनों घटनास्थल का अवलोकन करेंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने डीएसपी के स्वास्थ्य के बारे में बताया कि रात में उनका ऑपरेशन हुआ हैं, फिलहाल डॉक्टरों ने उन्हें खतरे से बाहर बताया हैं।

### रातभर चली पुलिस की छापामारी, कहीं दशहत तो कहीं आक्रोश का माहौल

बतातें चलें कि हिंसक झड़प के बाद पुलिस प्रशासन ने गुरुवार की रात में ही आशाकोठी, खरखरी, मधुबन और सीनिडीह समेत अन्य इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ सघन छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान आशाकोठी में ग्रामीणों के कई कच्चे मकान, दरवाजे सहित एक दर्जन से अधिक दो पहिया एवं चार पहिये वाहनों में तोड़फोड़ के साक्ष्य मिले। छापामारी अभियान के दौरान पुलिस ने लगभग आधे दर्जन लोगों को हिरासत में लिया एवं कई चारपहिये वाहनों को जब्त किया। गौरतलब हो कि गुरुवार को घटना के दौरान उपद्रवियों ने खरखरी स्थित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के आवासीय कार्यालय को भी आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद सांसद प्रतिनिधि रामशंकर तिवारी ने मधुबन थाना में कारू यादव समेत कुल 43 नामजद के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। उन्होंने शिकायत पत्र में सभी आरोपियों द्वारा कार्यालय में घुसकर लूटपाट करते बम फेंकने एवं आजसू के प्रखंड अध्यक्ष राकेश गयाली का अपहरण करने का आरोप लगाया हैं। साथ ही आगजनी में 200 कुर्सी, तीन पलंग, सोफा सेट, डायनिंग टेबल, एक हजार कंबल, कार्यालय के खर्च के लिए रखे 50 हजार रुपये नकद सहित कुल 10-12 लाख रुपये की संपत्ति को जलाने एवं लूटने का आरोप लगाया हैं।

### आरोपितों के नाम

सांसद प्रतिनिधि ने अपने आरोप पत्र में कारू यादव के नेतृत्व में वीरेंद्र यादव, प्रदीप यादव, राजेश यादव, मंटू यादव, विजेंद्र यादव, गिरीश यादव, विनोद यादव, करण उर्फ रोकी मोदक, संजीव मोदक, कमलेश यादव, मन्नू यादव, चंदन यादव, संतोष यादव, सूरज यादव, विनोद यादव, राजकुमार यादव, दिलीप यादव, बजरंगी पाशवान, संजू भुइंया, दिनेश पासवान, लक्की अंसारी, संजय भुंइया, विवेक पासवान, संजय सिंह, छोटू पासवान, विजय पासवान, दिलु पासवान, विलाश पासवान, पवन पासवान, संदीप पाशवान, बॉबी पासवान, दीपक रवानी, महेश कर्मकार, केदार गयाली, रंजीत गयाली, जादू गयाली, संजय चौहान, राम लखन महतो, दीपू गुप्ता, मनी कुमार, रवि रवानी, शेख मुमताज, हिमांशु रवानी आदि को आरोपी बनाया हैं।

# धनबाद प्रेस क्लब ने किन्नरों को सम्मानित कर लिया आशीर्वाद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** शहर में किन्नरों की चल रहे महाअधिवेशन का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दिन धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद, वरीय उपाध्यक्ष शशि भूषण राय, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट व शरद पांडे, सचिव संजय चौरसिया व चंदन पाल, कार्यकारिणी सदस्य विपिन रजक व शांभवी सिंह आदि सदस्यों ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी सहित अन्य राज्यों से आए किन्नरों का आशीर्वाद लिया एव उन्हें मोमेंटो देकर अभिवादन किया। धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा ने छमछम देवी एवं उनकी टीम को सफल आयोजन की बधाई दी। वहीं, महासचिव अजय प्रसाद ने कहा कि मानव समाज में किन्नर सबसे पवित्र माने जाते है। हिंदू रीति रिवाज में कीन्नरों को बहुत ही उत्तम स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा कि किन्नर माता देवी का स्वरूप होती है शिव के उपासक होते हैं। उन्हें हेय की दृष्टि से नहीं देखना चाहिए। उधर, अंतिम दिन किन्नरों की बैठक हुई। इसमें छम छम देवी ने इस महा अधिवेशन को सफल बनाने के लिए धनबाद प्रेस क्लब के सभी सदस्यों को आशीर्वाद दिया। बोकारो की बबीता नायक ने कहा कि धनबाद मीडिया ने इस महा अधिवेशन के समाचारों को पूरे देश में पहुंचाया है जिसका हम सब आभारी हैं। इस मौके पर सिलीगुड़ी से आई अलाव्या नायक ने कहा कि धनबाद हमेशा याद आएगा। महाअधिवेशन की तैयारियों में पत्रकार शौकत खान का काफी योगदान था। सचिव श्वेता किन्नर ने कहा कि समस्त जजमानों की खुशहाली एवं उन्नति के लिए पूजा अर्चना की गयी है। माता के दरबार में कलश यात्रा निकालकर सभी के कल्याण के लिए कामना की गई है। वहीं, महाअधिवेशन के अंतिम दिन अखिल भारतीय किन्नर समाज की सचिव श्वेता किन्नर, अलाव्या नायक सिलीगुड़ी, बबीता नायक बोकारो, अरुणा नायक रामगढ़, सीमा नायक इंदौर, जकी नायक, प्रेमा नायक, छोटकी नायक, ललन नायक पटना, मुन्नी नायक बेरमो, ज्योति नायक आदि ने सभी को आशीर्वाद दिया।

**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
**(Govt. of Jharkhand Undertaking)**
**JUIDCO BHAVAN, KUTCHERY ROAD, RANCHI-834001, JHARKHAND.**
**Ph No.: +91-651-2225878, e-mail Id-pdt.juidco@gmail.com**
**CIN: U45200JH2013SGC001752**

**NIT No.: JUIDCO/NIT/I&D and STPs Santhal PMC/642**
**Date:- 10.01.2025**

**Notice Inviting Tender**
**1st Call**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Request for Proposal for Selection of Consultant for preparation of Detailed Project Report (DPR) and providing Project Management Consultancy (PMC) services for Interception & Diversion and STPs along with related infrastructure in 10 towns in Santhal Cluster in Jharkhand. |
| 2. | Mode of submission of bids | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Tender Fee & Earnest Money Deposit (EMD) (In INR) | Tender document fee: Rs.10,000/- (Rupees Ten Thousand) only [Non-Refundable] EMD : Rs. 2,00,000/- (Rupees Two Lakh) only. (to be paid Online) |
| 4. | Date of publication of Tender online | 10.01.2025, 1700 Hrs |
| 5. | Date of Pre-Bid meeting | 20.01.2025, 1600 Hrs |
| 6. | Last Date/Time for submission of online bids | 03.02.2025, 1700 Hrs |
| 7. | Last Date of submission of EMD and Tender fees | 04.02.2025, 1700 Hrs |
| 8. | Date of Bid Opening | 04.02.2025, 1730 Hrs |
| 9. | Tender fee and EMD submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi – 834001 |
| 10. | Helpline no. | +91 651 2225878 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website http//:jharkhandtenders.gov.in

**Sd/-**
**Project Director (Tech), JUIDCO Ltd.**

**PR 344008 Urban Development and Housing(24-25).D**

# बेरमो के उप प्रमुख विनोद साहू का निधन, लोगों में शोक

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो थर्मल (बेरमो)।** बेरमो के कांग्रेस नेता सह बेरमो उप प्रमुख बिनोद कुमार साहू का रांची के रिम्स अस्पातल में ईलाज के दौरान शुक्रवार सुबह 5.30 बजे निधन हो गया। 48 वर्ष के अल्पवायु में बिनोद साहू के निधन से बोकारो थर्मल-बेरमो में शोक की लहर दौड़ गयी। वे मुलतः बिहार के गया जिला के गुरूवा के रहने वाले थे। वर्ष 1950-51 में डीवीसी प्लांट निर्माण के समय इनके पिताजी अर्जुन प्रसाद साव बोकारो थर्मल आए थे। उसके बाद पूरा परिवार यहीं पर बस गया। यहां पर राशन की दुकान चलाते थे। उप प्रमुख का एक बेटा ईशांत कुमार, दो बेटियां ईशू, आस्था के अलावे पत्नी प्रिया देवी, मां और दो भाई है। रांची से सुबह 11 बजे उनका शव बोकारो थर्मल स्थित घर लाया गया। यहां लगभग एक घंटा अंतिम दर्शन के लिए शव रखा गया। उसके बाद बिहार के गया स्थित गुरूवा के लिए शव को रवाना किया गया। यहां पर कांग्रेस का झंडा ओढ़ाकर उन्हें सम्मान दिया गया। इसके बाद बेरमो के बीडीओ मुकेश कुमार, सीओ संजीत कुमार व थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने अंतिम विदाई दी। बतातें चलें कि झारखंड के पहले पंचायत चुनाव वर्ष 2010 और 2022 में गोविंदपुर डी पंचायत से पंसस के पद पर जीते और उप प्रमुख बनें। वर्ष 2015 के चुनाव में महिला सीट आरक्षित होने के कारण चुनाव नहीं लड़े थे। बेरमो में कांग्रेस में सक्रिय रूप से जुड़े थे। बेरमो के तत्कालीन विधायक स्व. राजेंद्र प्रसाद सिंह और वर्तमान विधायक कुमार जयमंगल सिंह के बहुत करीबी माने जाते थे।

# 15 जनवरी से 15 फरवरी तक शिविर लगाकर झमाड़ा लोगों से वसूलेगा पानी का बकाया बिल

## बिना अतिरिक्त ब्याज के बिल भुगतान की बनी सहमति

झरिया विधायक की मौजूदगी में हुई बैठक में निकला निस्कर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झमाड़ा की ओर से पानी के बकाए बिल भुगतान में गड़बड़ी और अतिरिक्त कर भुगतान को लेकर आमजनों को कई समस्याओं से जूझना पड़ रहा था। लोगों ने इसकी शिकायत झरिया विधायक रागिनी सिंह करते हुए उनसे मध्यस्ता की मांग की थी। इसके बाद विधायक ने प्रतिनिधि मंडल के साथ झमाड़ा अधिकारियों संग बैठक की। जिसमें केडी पांडेय, संतोष सिंह, राज किशोर जैना आदि मौजूद थे। विधायक ने बताया कि जलापूर्ति बाधित होने का एक कारण एक साथ वर्षों का बिल झमाड़ा की ओर से दिया जाना रहा है। वार्ता के बाद यह तय हुआ कि झमाड़ा 15 जनवरी से 15 फरवरी तक झरिया अंचल के आरएसपी कॉलेज के समीप आमजनों के लिए शिविर लगायेगा। जहां पुराने बिल दिखाए जाने पर बिना किसी अतिरिक्त ब्याज के बिल भुगतान करने पर सहमति बनी। लोगों को प्रयाप्त समय देकर बिल भुगतान करने की रियायत दिये जाने को लेकर भी सहमती बनी। इस बाबत झरिया विधायक ने कहा कि लोगो की परेशानियों को देखते हुए झमाड़ा के साथ सकारात्मक वार्ता रही जिससे लोगों को बकाए बिल भुगतान करने और पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

# कथा वाचिका जया किशोरी को डीसीडीए ने किया सम्मानित



**धनबाद/गोविंदपुर (आजाद सिपाही)।** प्रसिद्ध कथा वाचिका जया किशोरी को धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की ओर से गोविंदपुर राजविलास में शुक्रवार को कृष्णाजी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने जया किशोरी को धनबाद केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के क्रिया कलापों एवं किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। वहीं, जया किशोरी ने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। जया किशोरी ने धनबाद के सभी दवा दुकानदारों और उनके परिवारजनों को सुख शांति समृद्धि की कामना की। इस मौके पर सचिव धीरज दास, विकास अग्रवाल, राजेश सिंह, देवन तिवारी आदि मौजूद थे।

# पहला कदम ने दिव्यांग बच्चों में कंबल बांटा




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहला कदम में शुक्रवार को पेरेंट्स टीचर मीटिंग आयोजित की, जिसमें सुदूर क्षेत्रों से आने वाले दिव्यांग बच्चों को स्कूल आने-जाने में हो रही दिक्कतों के समाधान को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी दिव्यांग बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया गया। संस्था की सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि जिन दिव्यांग बच्चों को कंबल की आवश्यकता है वे पहला कदम आकर कंबल ले सकते हैं। कहा कि जिन दिव्यांग बच्चों को दिव्यांग सर्टिफिकेट, यूडीआईडी, रेलवे कनशेसन, लीगल गार्जियाशिप आदि सर्टिफिकेट बनवाना हो वे पहला कदम स्कूल आकर संपर्क कर सकते है।

# डिगवाडीह में तीन घरों से नकदी एवं मोबाइल चोरी

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** जोरापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह पुरानी बस्ती में चोरों ने गुरुवार की रात को तीन घरों से लगभग 70 हजार रुपए की संपति चोरी कर ली। रात को अज्ञात चोरों ने मो शमसुद्दीन, सोनू और सूरज दयाल साव के घरों में छत के उपर से प्रवेश किया। इस दौरान शमसुद्दीन के घर से 58 हजार रुपए नकद व अन्य समान, सोनू के घर से मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गये।

## बीडीओ-सीओ ने गोमिया में लोगों को दिलायी सड़क सुरक्षा की शपथ

# बिना हेलमेट के चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को माला पहनाकर दी सख्त हिदायत

आजाद सिपाही संवाददाता



**आइइएल।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरूडीह पंचायत क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस मोड़ में बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम एवं गोमिया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक बिरसा बाड़ा ने दोपहिया वाहन चालकों के हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों के सीट बेल्ट की जांच को लेकर अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट के चलने वाले वाहन चालकों को फूल का माला पहनाकर आगे से ऐसा नहीं करने की सख्त हिदायत दी गयी। वहीं, चार पहिया वाहन चालकों को बिना सीट बेल्ट लगाकर चलने पर फूल भेंट कर आगे से ऐसा नहीं करने की हिदायत दिया। कहा कि अगली बार अगर बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के पकड़े गए तो जुर्माना लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि जीवन काफी अनमोल है और जरा सा भी चूक काफी कठिनाइयों में डाल सकता है। इसलिए ट्रैफिक नियमों का पालन करने हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। इस दौरान सीओ ने उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। कहा गया है कि एक जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता की भूमिका निभाते हुए सभी यातायात नियमों का पालन करें। सड़क पर बाई ओर सावधानीपूर्वक चलें.कभी भी दौड़कर सड़क पार नहीं करें। अधिकृत ड्राइविंग उम्र होने पर ही वाहन चलाएं। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन नहीं चलाए। दोपहिया वाहन पर दो व्यक्ति से अधिक सफर नहीं करें। गति पर नियंत्रण रखकर वाहन चलाएं.किसी भी प्रकार का नशा कर वाहन नहीं चलाए। सड़क पर अन्य लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखें। नेक नागरिक की भूमिका निभाते हुए सड़क दुर्घटना में हुए घायलों की सहायता करें और प्रत्येक व्यक्ति को प्रेरित करेंगे कि वह भी इनका पालन करें। मौके पर प्रखंड व अंचल के कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

**Office of the Deputy Director(sc)**
**Quality Control division, Ranchi**
**Dam side Dhurwa, Ranchi.**
**Water Resources Department**
**Government of Jharkhand.**
**Email id: ddwrdjhr@gmail.com**

**" SHORT NOTICE INVITING QUOATION "**
**2nd Call**

Quotation Ref. no-WRD/NIQ- 01/2024-25 / Dated-------
**PR 337052 water Resource(24-25)_D dt 26.9.2024.**

The Deputy Director(SC.), Quality Control division, Ranchi, invites sealed quotations from experienced and resourceful Venders/ Firms for " **Annual Maintenance Contract (AMC) for Water Tariff e-bill Generation and e-Payment Application ( URL:https://wrdwt.jharkhand.gov.in) For Water Resources Department Govt. of Jharkhand**"

The date time and venue for receipt of quotation are as detailed below :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name and address of the office inviting quotation | Office of the Deputy Director , Quality Control Division ( irrigation), Dam Side, Dhurwa Ranchi- 4. |
| 2. | Name of Work | **Annual Maintenance Contract (AMC) for Water Tariff e -bill Generation and e-Payment Application ( URL:https://wrdwt.jharkhand.gov.in) For Water Resources Department Govt. of Jharkhand "** |
| 3. | Period of AMC | 3 Years |
| 4. | Starting date of Inviting Quotation and Sale of BOQ | From 17/01/2025 10:00Hrs. |
| 5. | Cost of BOQ ( Non Refundable) | Rs 5000.00 |
| 6. | Mode of Payment of BOQ Cost | Online through E-Procurment Portal (jharkhandtender.gov.in) |
| 7. | Last Date of Sale of BOQ | 25/01/2025 upto 17:00 Hrs. |
| 8. | Date And Time Of Opening of Quotation | 27/01/2025 at 15:30 Hrs. |
| 9. | Place of Quotation Opening | Office of the Deputy Director , Quality Control Division ( irrigation) , Dam Side , Dhurwa Ranchi- 4. |
| 10. | Name and address of the office/ place of receiving the BOQ and submission of quotation | 1. Office of the Deputy Director , Quality Control Division ( irrigation) , Dam Side , Dhurwa Ranchi- 4. 2. Office of the Superintending Engineer, Design, planning and Monitoring, Circle, Water resources Department , Jal Bhawan, Room no.- 102, Doranda, Ranchi. 3. Office of the Chief Engineer, Water resources Department , Jal Bhawan, Room no.-101, Doranda, Ranchi |
| 11. | Contact No. and Email Address of e-procurment Office | 8340285398 E-mail-ddwrdjhr@gmail.com |

**Note:- Further detais including term's and Condition will be available with BOQ.**

**(Er Amit Kumar)**
**DY. DIRECTOR(sc)**
**Quality Control Division ( Irrig.)**
**Dhurwa Ranchi-4.**

PR 343984 (Water Resource) 24-25 (D)

### राष्ट्रपति ने 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र की शोभा बढ़ायी और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किये

# भारतीय प्रवासी विकसित भारत के दृष्टिकोण के अभिन्न अंग हैं: द्रौपदी मुर्मू





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर/नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को ओड़िशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन के समापन सत्र की शोभा बढ़ाते हुए उसे संबोधित किया और प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर आये हैं, बल्कि मूल्य और लोकाचार भी लेकर आये हैं, जो सहस्राब्दियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी प्रवासी भारतीय सम्मान विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी सफलता की कहानियां न केवल भारत के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि वे दुनिया भर में लाखों लोगों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित भी करती हैं। उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो गणराज्य की राष्ट्रपति महामहिम क्रिस्टीन कंगालू को भी बधाई दी और कहा कि महिलाओं और भारतीय प्रवासियों पर विशेष ध्यान देने के साथ अपने देश का नेतृत्व करने में उनके उत्कृष्ट योगदान ने विश्व मंच पर एक उच्च मानक स्थापित किया है।

राष्ट्रपति को यह जानकर प्रसन्नता हुई कि प्रवासी भारतीय दिवस अब सिर्फ एक आयोजन नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मंच है जहां विचारों का संगम होता है, सहयोग स्थापित होता है और भारत तथा उसके प्रवासी समुदाय के बीच संबंध मजबूत होते हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हमारा देश आज वर्ष 2047 तक विकसित भारत की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि यह एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसके लिए विदेश में रहने वाले लोगों सहित प्रत्येक भारतीय की सक्रिय और उत्साही भागीदारी की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रवासी भारतीय इस दृष्टिकोण का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी वैश्विक उपस्थिति एक अनूठा दृष्टिकोण प्रदान करती है और उनकी उपलब्धियां उन्हें विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित करती हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के शाश्वत दर्शन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि यह दृष्टिकोण एक ऐसा इको-सिस्टम बनाने के बारे में है, जो न केवल हमारी आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि वैश्विक कल्याण में भी योगदान देता है। हम एक ऐसा राष्ट्र बनना चाहते हैं, जो आर्थिक प्रगति को सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण के साथ संतुलित करता है, जिससे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण को प्राप्त करने में भारतीय प्रवासी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हमें अपने प्रवासी भारतीय परिवार की उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए, आशा और दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य की ओर भी देखना चाहिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हम सब मिलकर एक विकसित भारत का निर्माण कर सकते हैं, एक ऐसा राष्ट्र जो वैश्विक मंच पर ऊंचा स्थान प्राप्त करे और दुनिया के लिए प्रकाश की किरण बना रहे।

## ओड़िशा प्रदर्शनी हॉल ने जीता सबका दिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** 18वां प्रवासी भारतीय दिवस राजधानी भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और हरियाणा के पर्यटन मंत्री कनवर पाल गुज्जर ने ओड़िशा प्रदर्शनी हॉल का दौरा किया और इसकी सराहना की। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि ओड़िशा की कला, साहित्य और संस्कृति पर बने इस प्रदर्शनी हॉल ने सभी का दिल जीत लिया है। ओड़िशा की महान परंपरा को लोकप्रिय बनाने और उसे सर्वव्यापी बनाने का यह अभिनव प्रयास अत्यंत सराहनीय है। प्रदर्शनी कक्ष में जगन्नाथ संस्कृति, मानवसा गुरुवार, डोल पूर्णिमा आदि को खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया है। उत्कल की कालातीत समुद्री व्यापार परंपरा को डिजिटल मानचित्रों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है, जो सराहनीय और स्वागत योग्य है। मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से ओड़िशा की कला और संस्कृति का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा और यह ओड़िशा की संस्कृति को वैश्विक बनायेगा।

ओड़िशा प्रदर्शनी हॉल में उड़िया संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को प्रदर्शित किया गया है। प्राचीन ओड़िशा के इतिहास से लेकर आधुनिक ओड़िशा के इतिहास तक, कलिंग युद्ध और पाइका विद्रोह से लेकर ओड़िशा को एक अलग राज्य का दर्जा मिलने की गौरवशाली गाथा को बहुत अच्छी तरह से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही प्रदर्शनी हॉल में ओड़िशा की लोक कलाएं, पेंटिंग, शास्त्रीय और लोक नृत्य, पारंपरिक वाद्ययंत्र और संगीत, त्योहार प्रदर्शन आदि प्रदर्शित किया गया हैं। इसके अलावा ओड़िशा के स्वाधीनता संग्रामी और प्रमुख लेखकों की तस्वीरें, आदिवासी समुदायों की संस्कृति, ओडिशा के हस्तशिल्प, पिपिली प्रसिद्ध चंदुआ, पटचित्र, हथकरघा, बुनाई शिल्प, प्रसिद्ध पाट साडी और संबलुरी साड़ी भी रखी गयी हैं।

विशेष रूप से ओड़िशा की गौरवशाली समुद्री परंपराओं और साधव पुअ की व्यापारिक यात्रा को डिजिटल मानचित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। ओड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग द्वारा डिजिटल विकिपीडिया के माध्यम से ओड़िशा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी है।

भारतीय प्रवासियों को ओड़िशा के बारे में जानकारी प्रदान करने और सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनने के लिए प्रदर्शनी हॉल में ओड़िशा के इतिहास, संस्कृति, त्योहारों और पर्यटक आकर्षणों पर एक डिजिटल प्रश्नोत्तरी की भी व्यवस्था की गयी है। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस पर ओड़िशा प्रदर्शनी हॉल ने सभी भारतीय प्रवासियों का दिल जीत लिया।

### एमसीएल में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया

## हिंदी अनेकता में एकता का संदेश देती है: अजीत बेहुरा



आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर अजीत कुमार बेहुरा, निदेशक (वित्त) की अध्यक्षता में आयोजित राजभाषा संगोष्ठी में प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ प्रेम शंकर त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री बेहुरा ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है, जो भारत ही नहीं, बल्कि विश्व के अनेक देशों में बोली जाती है तथा संपूर्ण विश्व में भारत की संस्कृति व परंपरा का परचम लहाराया है। नलिनी कांत मिश्रा, महाप्रबंधक (कार्मिक/राजभाषा) ने कहा कि हिंदी भाषा देशभर के लोगों को आपस में जोड़ने और एकता बनाने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि डॉ प्रेम शंकर त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में भारतीय संस्कृति और हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस अवसर पर हिंदी साहित्य के सुप्रसिद्ध कवियों दिनकर एवं अन्य कवियों की कविताओं का सस्वर वाचन किया। उक्त कार्यक्रम का आयोजन एमसीएल के राजभाषा विभाग द्वारा किया गया।

### रेल मंत्री ने रेलवे परियोजनाओं, आइटी विस्तार और नवीकरणीय ऊजा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला

## ओड़िशा आइटी उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण केंद्र बनने की राह पर है : अश्विनी वैष्णव



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री की घोषणा सुनकर प्रसन्नता व्यक्त की कि ओड़िशा को प्रवासी भारतीय दिवस की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों को भारत की जीवंत विरासत और संस्कृति का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर प्रदान करेगा। ओड़िशा के मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा के दौरान रेल मंत्री ने राज्य में चल रही रेलवे परियोजनाओं की समीक्षा की, जिनकी कुल राशि 73,000 करोड़ है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी उत्कर्ष ओड़िशा मीट में इन परियोजनाओं से संबंधित अधिक प्रमुख पहलों का खुलासा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ओड़िशा आइटी उद्योगों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनने की राह पर है। ओड़िशा के युवाओं के लिए सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, आइटी, आइओटी और मशीन लर्निंग जैसे क्षेत्रों में आशाजनक अवसर तलाशे जा रहे हैं। राज्य में नाइलेट यूनिवर्सिटी का एक कैंपस स्थापित किया जा रहा है और इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं। एक बार आवश्यक भूमि उपलब्ध हो जाने पर हम एक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने की आशा करते हैं। इसके अलावा, ओड़िशा में आइटी उद्योगों के विकास को प्रोत्साहित करने के प्रयास जारी रहेंगे। इन प्रमुख परियोजनाओं के विकास में सहायता के लिए भुवनेश्वर के पास उपयुक्त भूमि आवंटित करने पर विचार करने के लिए मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है। विशेष कर पर्यटन के लिए कनेक्टिविटी में सुधार भी एक प्रमुख प्राथमिकता है।

श्री वैष्णव ने राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई अन्य सुविधाओं के अलावा, महाकुंभ के लिए एक विशेष ट्रेन सहित उन्नत ट्रेन सेवाएं शुरू करने की योजना की घोषणा की।

अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेलवे को नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों में परिवर्तित करने के महत्व पर जोर दिया। ऊर्जा संरक्षण और परिवहन में दक्षता को बढ़ावा देने में रेलवे की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार करने की रेलवे की योजनाओं को साझा किया। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे ऊर्जा-बचत उपायों को लागू करने और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों में निवेश करके भारत की ऊर्जा आत्मनिर्भरता में एक प्रमुख खिलाड़ी बनने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रवासी भारतीय गणमान्य व्यक्तियों के सामने ओड़िशा के मुख्यमंत्री के साथ प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की गयी, जो राज्य के समग्र विकास के लिए सरकार के समर्पण को दर्शाता है।

ऊर्जा भंडारण और स्थिरता के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने में IREDA के महत्वपूर्ण प्रयासों के साथ, भारत नवीकरणीय ऊर्जा में परिवर्तन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने में सबसे आगे है। सौर ऊर्जा, जैव ईंधन और हरित हाइड्रोजन सहित नवीकरणीय ऊर्जा से 90% ऊर्जा प्राप्त करके, भारत ऊर्जा उपयोग को अनुकूलित करने के लिए स्मार्ट मीटरिंग, स्मार्ट ग्रिड और नेट मीटरिंग को आगे बढ़ा रहा है। ओडिशा, हरित हाइड्रोजन, सौर घटक विनिर्माण और ई-गतिशीलता में अपनी क्षमता के साथ, नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए भारत की प्रतिबद्धता का उदाहरण देता है।


### रघुवर दास के सक्रिय राजनीति में आने से भाजपा में नयी ऊर्जा का संचार होगा : लक्ष्मण प्रसाद सिंह




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास को भाजपा कार्यालय में सदस्यता ग्रहण के दौरान पूर्व आइजी सह वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि रघुवर दास ने नि:स्वार्थ व सेवा भाव से ओड़िशा के राज्यपाल पद से त्यागपत्र देकर पुन: भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उनके सक्रिय राजनीति में आने से निश्चित ही झारखंड की राजनीति में दूरगामी प्रभाव होगा। उन्होंने कहा कि रघुवर दास की प्रशासनिक कुशलता और नेतृत्व की क्षमता अद्भुत है। इससे झारखंड में भाजपा एक संगठन के रूप में और अधिक सशक्त होगा। साथ ही पार्टी में नयी ऊर्जा का संचार होगा।












## जनजातीय वैश्विक सम्मेलन 2025 में जिंदल स्टेनलेस ने सीएसआर पहलों का किया प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल), भारत का सबसे बड़ा स्टेनलेस स्टील निर्माता, मुख्य प्रायोजक के रूप में भाग लेने और जनजातीय वैश्विक सम्मेलन 2025 में अपनी प्रभावशाली सीएसआर पहलों का प्रदर्शन करने पर गर्व महसूस कर रहा है, जो 10-12 जनवरी को रामादेवी महिला विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर, ओड़िशा में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के भागीदार के रूप में जेएसएल अपने सीएसआर परियोजनाओं के लाभार्थियों के कौशल और शिल्प को प्रस्तुत कर रहा है, जो उन्होंने सीखा पारम्परिक कला और शिल्प तकनीकों के साथ, उनके द्वारा बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस समारोह का उद्घाटन शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री सुरेश पुजारी और रबी नारायण नायक द्वारा सांसद, डॉक्टर रबी नारायण बेहरा की उपस्थिति में किया गया।

कंपनी की भागीदारी पर टिप्पणी करते हुए जिंदल स्टेनलेस के क्षेत्रीय प्रमुख (सीएसआर) सुकांत रथ ने कहा कि जिंदल स्टेनलेस में हम समुदायों को सशक्त बनाने की परिवर्तनकारी शक्ति में विश्वास करते हैं। अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से हमने प्रतिभा को निखारने, विरासत को संरक्षित करने और आर्थिक अवसरों में सक्षम बनने के लिए समुदायों का समर्थन करने के प्रति प्रतिबद्धता जतायी है। ओड़िशा के समृद्ध जनजातीय संस्कृति और शिल्पकारिता का उत्सव जनजातीय वैश्विक सम्मेलन 2025 को प्रायोजित करना हमारे लिए सम्मान की बात है।

जिंदल स्टेनलेस की सीएसआर प्रयासों का फोकस कौशल विकास और टिकाऊ आजीविका के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना है। इस सम्मेलन में भागीदारी कंपनी की स्थानीय कारीगरों का समर्थन देने, आर्थिक विकास के नये अवसर उत्पन्न करने और भारत की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस प्रकार के आयोजनों में जनजातीय प्रतिभाओं को आकर्षक बना कर जिंदल स्टेनलेस अपने आत्मनिर्भर और समावेशी समाज की ओर योगदान देने के मिशन को दोहराता है। यह सम्मेलन 20 देशों और 28 भारतीय राज्यों से प्रतिभागियों को आकर्षित करता है, जिसमें 60 से अधिक स्टॉल, कार्यशालाएं, पैनल चर्चाएं और सांस्कृतिक प्रदर्शन शामिल हैं।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**